दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 03 | जयपुर | मंगलवार , 05 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan




## उत्तराखंड में बस हादसा, 36 की मौत

### कंडम बस में 42 लोग सवार थे, मोड़ पर अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिरी

बढ़ता राजस्थान

**अल्मोड़ा ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार सुबह 8 बजे एक यात्री बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 घायल हैं। हादसा अल्मोड़ा में मार्चुला के पास हुआ। बस में 42 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसे की वजह का पता नहीं चला है। बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गई।

कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया, बस नदी से करीब 10 फीट पहले पेड़ में फंसकर रुक गई। खाई में गिरने के दौरान झटके से कई यात्री खिड़कियों से बाहर जा गिरे। बस किनाथ से रामनगर जा रही थी।

#### बस में ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे

दिवाली की छुट्टी के बाद सोमवार को पहला वर्किंग डे था। इसलिए बस पूरी भरी हुई थी। ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस गढ़वाल मोटर्स ओनर्स यूनियन लिमिटेड की थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस की हालत बेहद खराब थी।

## जेएमएम, राजद-कांग्रेस को परिवारवादी कहा; पर भाजपा ने 18 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को उतारा : पीएम मोदी



बढ़ता राजस्थान

**गढ़वा/चाईबासा ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के पहले फेज में होने वाली 43 सीटों पर चुनाव के लिए गढ़वा और चाईबासा में दो रैलियां की। पहली रैली गढ़वा में की। जो आजादी के बाद गढ़वा में पहली बार किसी प्रधानमंत्री की चुनावी सभा थी। पीएम मोदी की दूसरी सभा चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में की। यहां उन्होंने अपना पूरा भाषण आदिवासियों पर फोकस रखा।

प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ लोग जो यहां बैठे हैं वो कहते थे हमारी छाती पर झारखंड बनेगा। उनकी छाती पर झारखंड बन गया, लेकिन झारखंड के कुछ नेता उनकी गोदी में जाकर बैठ गए। पीएम का इशारा लालू प्रसाद यादव और हेमंत सोरेन पर था। मोदी ने हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना उनके और उनके मंत्रियों के भ्रष्टाचार का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मंत्री, विधायक हर कोई भ्रष्टाचार में शामिल है। एक मंत्री के घर से नोटों का पहाड़ निकला। मैंने भी पहली बार नोटों का पहाड़ टीवी पर देखा। मोदी ने परिवारवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- जेएमएम, राजद और कांग्रेस तीनों ही पार्टियां घोर परिवारवादी हैं। ये चाहती हैं कि सत्ता की चाबी हमारे परिवार के हाथ में ही रहे। हालांकि खुद भाजपा ने इस बार 68 में से 18 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट दिया है। वहीं इंडिया ब्लॉक ने 20 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को उतारा है।

#### भाजपा के संकल्प पत्र पर

मोदी बोले- झारखंड बीजेपी का संकल्प पत्र रोटी, बेटी और माटी के सम्मान और सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। माताओं, बहनों और बेटियों के कल्याण के लिए इसमें अनेक संकल्प लिए गए हैं। गोगो दीदी योजना- इसमें हर महीने माताओं बहनों को 2100 रुपए मिलेंगे। गरीब परिवार की माताओं बहनों को पहले हमने उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन दिए। अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपए में सिलेंडर देगी। अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर झारखंड की बहनों को दो मुफ्त सिलेंडर भी मिलने वाले हैं। भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की बहनों से ये वादा किया और इसे पूरा भी किया।

#### जेएमएम, राजद और कांग्रेस गठबंधन पर

पीएम ने कहा- कुछ लोग जो यहां की सरकार में बैठे हैं, वो कहते थे कि हमारी छाती पर झारखंड बनेगा। उनकी छाती पर झारखंड बन गया, लेकिन झारखंड के कुछ नेता उनकी गोदी में जाकर बैठ गए। प्रधानमंत्री का इशारा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर था। उन्होंने कहा था कि मेरी मौत पर ही झारखंड बनेगा। जेएमएम अलग झारखंड की मांग करती थी, आज दोनों दल साथ में सरकार चला रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र में हंगामा

## पीडीपी विधायक ने 370 हटाने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, भाजपा का विरोध



बढ़ता राजस्थान

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में सोमवार को विधानसभा सत्र का पहला दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। दरअसल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक वाहिद पारा ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया। कुछ विधायक वेल में भी पहुंच गए।

इस पर स्पीकर रहीम अब्दुल राथर ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। मुख्यमंत्री उमार अब्दुल्ला ने कहा कि, सदन 370 पर कैसे चर्चा करेगा। इसका फैसला कोई एक सदस्य नहीं लेगा। आज लाए गए प्रस्ताव का कोई महत्व नहीं है। अगर इसके पीछे कोई उद्देश्य होता, तो पीडीपी के विधायक पहले हमसे इस पर चर्चा करते। अब्दुल्ला ने कहा- भाजपा से अनुच्छेद 370 को बहाल करने की उम्मीद करना मूर्खता है।

हमें पता था कि 370 पर एक प्रस्ताव आने वाला है। वास्तविकता यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग केंद्र सरकार के 5 अगस्त, 2019 को लिए गए निर्णय को स्वीकार नहीं करते हैं। अगर उन्होंने इसे स्वीकार किया होता, तो आज परिणाम अलग होते।

## चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र की डीजीपी का ट्रांसफर किया

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 16 दिन पहले चुनाव आयोग ने डीजीपी रश्मि शुक्ला का ट्रांसफर कर दिया है। चुनाव आयोग ने सोमवार सुबह चीफ सेक्रेटरी को रश्मि के ट्रांसफर के निर्देश देते हुए कहा कि कैडर में अगले सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी को उनका प्रभार सौंपा जाएगा।

साथ ही आयोग ने चीफ सेक्रेटरी को निर्देश दिए कि महाराष्ट्र के नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए 5 नवंबर दोपहर 1 बजे तक तीन आईपीएस अधिकारियों का पैनल भेजें। रश्मि शुक्ला के खिलाफ महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। कांग्रेस ने कहा था कि रश्मि चुनाव को निष्पक्ष तरीके से नहीं होने दे रही हैं।

## राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर बढ़ेगी साख : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इस्वेस्टमेंट समिट से प्रदेश की वैश्विक स्तर पर साख बढेगी। उन्होंने कहा कि समिट के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों में राजस्थान की लोक संस्कृति एवं लोक कला से संबंधित थीम को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए। जिससे इस ग्लोबल समिट में भाग लेने वाले देश-विदेश के निवेशकों को भी राजस्थान की समृद्ध एवं लुभावनी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिले।

श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली इस समिट की तैयारियों को अन्तिम रूप देते हुए समिट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए।

#### ज्यादा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों को समिट से जोड़ा जाए

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस समिट के प्रवासी राजस्थान कॉन्क्लेव में ज्यादा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित किया जाए तथा कार्यक्रम की थीम को राजस्थान की संस्कृति से भी जोड़ा जाए। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश को लेकर किए जा रहे प्रयासों से रूबरू करवाया जाए। साथ ही, उन्होंने प्रदर्शनी में एक जिला-एक उत्पाद, राजीविका एवं कंट्री पार्टनर के पवेलियन लगाए जाने के संबंध में जानकारी ली एवं इस संबंध में उचित दिशा-निर्देश दिए।

#### सेक्टरल व कंट्री सेशन्स एवं एमएसएमई कॉन्क्लेव का होगा आयोजन

शर्मा ने कहा कि समिट के दौरान पर्यटन, शिक्षा, वित्त सहित विभिन्न क्षेत्रों एवं विभिन्न देशों के निवेश से संबंधित सेक्टरल एवं कंट्री सेशन्स आयोजित किए जाएंगे।

इन सेशन्स में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पैनल वार्ता के लिए उचित समय निर्धारित किए जाए एवं सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समिट के उद्घाटन सत्र, प्रदर्शनी एवं एमएसएमई कॉन्क्लेव के आयोजन के संबंध में भी समीक्षा की।

बैठक में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग एवं वाणिज्य श्री अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) श्री आलोक गुप्ता, शासन सचिव पर्यटन श्री रवि जैन, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य श्री रोहित गुप्ता, रीको प्रबंध निदेशक श्री इंद्रजीत सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 10 से ज्यादा कांग्रेसी नेताओं ने जॉइन की भाजपा

### मदन राठौड़ बोले- उपचुनाव में विरोधी मानसिकता वाला व्यक्ति जीतेगा तो काम नहीं करा पाएगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विकास के लिए कड़ी से कड़ी जोड़ने की अपील की है। राठौड़ ने कहा- प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। केंद्र में बीजेपी की सरकार है। ऐसे में अगर एक मानसिकता का व्यक्ति जीतकर आएगा तो क्षेत्र का विकास करवा पाएगा। मदन राठौड़ ने ये बात सोमवार को बीजेपी ऑफिस में कही। यहां सोमवार को 10 से ज्यादा नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन की। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- अगर विरोधी मानसिकता का व्यक्ति जीत गया तो वह संकोच करेगा कि नेतृत्व से संपर्क करे या नहीं करे। उन्हें काम बताएं या नहीं बताएं। मेरा बताया काम माना जाएगा या नहीं माना जाएगा। उसके मन में यह संकोच रहेगा। वह काम करवा नहीं पाएगा। राठौड़ ने कहा- जनता को अपने क्षेत्र में विकास चाहिए। इसलिए हमें उम्मीद है कि जनता विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ेगी। विकास के लिए हम कड़ी से कड़ी जोड़ें। इसलिए हम उपचुनाव की सातों सीटें जीतेंगे।


#### कांग्रेस से लोगों का मोह भंग हो रहा

बीजेपी जॉइन करने वालों को लेकर मदन राठौड़ ने कहा- कांग्रेस ने इस समय लोगों में गलत धारणा पैदा करने का काम किया है। लोगों को भ्रमित करने का काम किया है। इससे इन लोगों का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। इन लोगों ने बीजेपी की रीति-नीति को समझकर उसके साथ जुड़ने का निर्णय लिया है। हम इन सभी का स्वागत करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट का सवाल- दिल्ली में पटाखे क्यों चले

## सरकार-पुलिस एक हफ्ते में बताए- बैन क्यों नहीं रहा, अगली दिवाली के लिए क्या प्लान

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली के दौरान दिल्ली में कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होने पर दिल्ली सरकार और पुलिस को फटकार लगाई है। कोर्ट ने सुओ-मोटो एक्शन लेते हुए कहा कि राज्य में पटाखों पर बैन का मुश्किल से ही पालन हो सका। कोर्ट ने कहा कि कुछ ऐसा करना होगा ताकि अगले साल दिवाली के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध के आदेशों का उल्लंघन न हो।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि बैन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कैंपस सील करने जैसी सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त से पटाखों पर प्रतिबंध लागू करने के लिए उठाए गए कदमों पर एक हफ्ते में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। पराली पर पंजाब-हरियाणा से भी मांगा जवाब सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी ने बताया कि दिवाली के समय खेतों में आग लगने की घटनाएं बहुत ज्यादा होती हैं। दिवाली से एक दिन पहले 160 खेतों में आग लगी थी, जबकि दिवाली के दिन यह संख्या 605 हो गई। प्रदूषण का प्रतिशत 10 से बढ़कर लगभग 30 हो गया था।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# राज्य सरकार सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता नहीं देगी तो होगा राज्यव्यापी आंदोलन : जैदिया

## सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज ने किया धरना-प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जहां एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाल्मीकि समाज को सम्मान दे रहे है और वहीं दूसरी ओर राजस्थान में सोमवार को वाल्मीकि समाज की ओर से सफाई कर्मचारी भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक दिन का सांकेतिक विशाल धरना-प्रदर्शन गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक जयपुर पर दिया गया। जहां राजस्थान के कई जिलों से पधारे संगठनों के पदाधिकारियों ने एक सुर में आवाज बुलंद कर मांगों नहीं मानने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले अध्यक्ष किशनलाल जैदिया ने वाल्मीकि सफाई समुदाय से उनकी मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी संघर्ष करने का आवाहन किया है। इस विशाल धरना-प्रदर्शन के बाद किशनलाल जैदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचा और मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र का ज्ञापन सौपा। जहां संबंधित अधिकारियों ने उन्हे सकारात्मक जवाब देकर उनकी मांग मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष किशनलाल जैदिया ने बताया कि अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले वाल्मीकि समाज कई मांगों को लेकर सोमवार को गवर्नमेंट हॉस्टल शहीद स्मारक पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में एक प्रमुख मांग यह है कि सफाई कर्मचारी भर्ती में परम्परागत सफाई कार्य करने वाली जाति वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देकर भर्ती की जाए तथा सफाई भर्ती आरक्षण मुक्त की जाये। इसके अलावा आवेदन के लिए एक माह का समय तत्काल बढाया जाए। साथ ही सफाई कर्मचारी भर्ती लॉटरी से न करा कर प्रैक्टिकल सफाई कार्य तीन माह तक करवाकर की जाये। जिसका दैनिक मजदूरी भुगतान सरकार करे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल ने बताया कि भाजपा सरकार दलित विरोधी एवं सफाई मजदूर विरोधी है। यह जानबूझकर सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के अलावा अन्य जाति के लोगों को भर्ती करना चाहती है जबकि वह सफाई का कार्य करते ही नहीं है। इस एक दिवसीय धरने में सम्पूर्ण राजस्थान के कोने कोने से आये सफाई मजदूर वर्ग वाल्मीकि समाज ने विशाल जनसभा में प्रस्ताव पारित किया कि वाल्मीकि समाज का आजादी के बाद आज तक पुनर्वास नहीं हुआ है। सफाई कर्मचारी भर्ती पर इसलिए ही आरक्षण

### प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



लागू नहीं है। भाजपा की राज्य सरकार जानबूझकर वाल्मीकि समाज की रोजी रोटी छीनने का काम कर रही है। सभी ने ध्वनि मत से यह प्रस्ताव भी पारित किया कि आगे उक्त मांगे नहीं मानी गई तो संघर्ष तेज किया जाएगा।

# अंकूट महोत्सव : सेवाकुंज आश्रम, जगतपुरा जयपुर में उल्लासपूर्ण आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के सेवाकुंज आश्रम, जगतपुरा में सोमवार, 4 नवंबर 2024 को श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी के मंदिर में संत बाबा श्री कल्याण दास जी महाराज की उपस्थिति में भव्य अंकूट महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वृंदावन धाम से विशेष पोशाक धारण कर भगवान की साज-सज्जा की गई।

संकीर्तन मंडल द्वारा दोपहर 3 बजे से भक्ति भजनों का कार्यक्रम आरंभ हुआ, जिसमें भक्तों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। शाम 6:30 बजे



भगवान को भोग अर्पित किया गया और 7 बजे महा आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात पंगत प्रसादी का आयोजन हुआ, जो



रात 10 बजे तक जारी रहा। महोत्सव में हजारों भक्तों ने भाग लिया और यह आयोजन पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ, जैसा कि पिंकी सिंह द्वारा जानकारी दी गई।

# तेजस्विनी जाजपरा 'प्रजापत' का जर्मनी के गोटिगैंन विश्वविधालय में "फोरेस्ट एण्ड इकोलोजी" पर शोध हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** श्री गंगानगर की मूल निवासी व हाल जयपुर निवासी सुश्री तेजस्विनी जाजपरा 'प्रजापत' का गोटिगैंन विश्वविधालय जर्मनी में 3 साल के शोध प्रोजेक्ट हेतु चयन हुआ है । तेजस्विनी ने जयपुर के कॉनोडिया बालिका महाविधालय से बी0एससी0(बॉयोलाजी)) व एम.एससी. (एनवायरन्मेन्ट साइंस))बनारस हिन्दु विश्वविधालय से प्रथम श्रेणी में उतीर्ण की है । गोटिगैंन विश्वविधालय में चयन से पहले तेजस्विनी ने एक वर्ष तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान की एजेन्सी इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेन्सिगं, देहरादून में जूनियर रिसर्च फेलो व इससे पहले 6 माह तक काजरी जोधपुर में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में प्रोजेक्ट पर शानदार कार्य किया है । वह राजस्थान प्रदुषण नियत्रंण मंडल में भी अपने सेवाएं दे चुकी है । श्री गंगानगर के मूल निवासी तेजस्विनी के पिता श्री मोती लाल वर्मा, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संध के राजस्थान क्षेत्र के विश्व संवाद केन्द्र, जयपुर के प्रथम प्रमुख, देश की सबसे बड़ी जागरण पत्रिका पाथेय कण के सह संपादक, अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् श्री गंगा नगर के नगर मंत्री, जिला प्रमुख, विभाग प्रमुख व प्रदेश कार्यकारिणी में रह चुके हैं व पर्यटन, कला संस्कृति, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सामाजिक विषयों पर लेखन करते हैं व वर्तमान में नगर निगम जयपुर हेरिटेज में संयुक्त निदेशक, जन सम्पर्क के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि तेजस्विनी बाल्यकाल से ही बहुमूखी प्रतिभा की धनी रही है । तेजस्विनी को रियलिस्ट, फेस्को, माडर्न, पेन्सिल स्केच, पेन्टिगं, आर्किटेक्चर का शौक है व अनेक राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय सम्मेलनों व कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी है । श्री वर्मा ने बताया कि तेजस्विनी को गोटिगैंन विश्वविधालय की ओर से जेना विश्वविधालय में 5 दिवसीय अन्तराष्ट्रीय समर स्कूल कान्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर मिला है व उसकी



क्षमताओं से प्रभावित होकर विश्वविधालय ने उसे फिनलैण्ड में एक ओर अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजने के लिये सहमति दी है । उन्होंने बताया कि 3 साल के शोध के दौरान तेजस्विनी इण्डोनेशिया में कई बार फील्ड ट्रिप करेगी व ड्रोन टेक्नोलॉजी से वहाँ स्थापित टावर के माध्यम से इण्डोनेशिया के फोरेस्ट व इकोलॉजी का अध्ययन करेगी ।

# पारितोषिक वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत चैनपुरा के कंदेवली में वीर तेजा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंदेवली में तीन दिवसीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रो कबड्डी सीजन 3 का समापन पारितोषिक वितरण के साथ हुआ। प्रतियोगिता विजेता टीम बजरंग क्लब को 2 हजार, उपविजेता वीसी कंस्ट्रक्शन को 11 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त राधे कृष्णा पैंथर्स को 5100 रुपये भेंट कर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अमर भहड़ा (युवा समाजसेवी) एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान जाखड़,पंचायत समिति सदस्य पोखर पापडवाल, लव कुश होटल के संचालक जगदीश ककरालिया,सरस डेयरी कंदेवली के सचिव रामलाल खर्रा, चैनपुरा सहकारी समिति के अध्यक्ष मांगीलाल जुजाड़िया, कानाराम, कॉमेंटेटर प्रधान कुड़ी एवं राधेश्याम कुड़ी थे।

ग्राम पंचायत चैनपुरा के समस्त ग्रामवासियों ने तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा

## हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मैदान में उतरेंगे जसप्रीत, सूर्या और रोहित जैसे दिग्गज

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर/मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने आगामी आईपीएल 2025 सीज़न के लिए अपने मुख्य खिलाड़ियों - जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा, और तिलक वर्मा को रिटेन किया है। हार्दिक पांड्या टीम की कप्तानी करेंगे। यह खिलाड़ी टीम की सफलता के आधारस्तंभ रहे हैं और अपनी प्रतिबद्धता के साथ मैदान पर जोश और ऊर्जा भरने के लिए जाने जाते हैं। मुंबई इंडियंस के आकाश अंबानी ने कहा, हमारा हमेशा से मानना रहा है कि परिवार की ताकत उसकी एकता में होती है, और हाल की घटनाओं ने हमारे इस विश्वास को और गहरा किया है। हमें खुशी है कि मुंबई इंडियंस की विरासत को जसप्रीत, सूर्या, हार्दिक, रोहित,



और तिलक जैसे खिलाड़ी आगे बढ़ाएंगे। हम हर किसी की उम्मीदों के मुताबिक बेहतरीन क्रिकेट खेलने का प्रयास करेंगे। जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, और रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के कई खिताब जीतने वाले अभियानों के स्तंभ रहे हैं और लीग में टीम की सफलता में लगातार योगदान दिया है। इन दिग्गजों में तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जो आईपीएल की सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में उभरे हैं।

# ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने कल जयपुर आएगी ज्योति कलश रथ यात्रा

## वेदना निवारण केन्द्र में दिया तैयारियों को अंतिम रूप, चालीस दिन रहेगा नगर भ्रमण, शिक्षा-संस्कार की जगाएंगे अलख



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सामूहिक साधना महाअनुष्ठान के माध्यम से समर्थ-समृद्ध-संस्कारी भारत के नव निर्माण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ज्योति कलश रथ यात्रा 6 नवंबर से गायत्री शक्तिपीठ वाटिका से शुरू होगी। इससे पूर्व सुबह देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या 6 नवंबर को तीर्थराज पुष्कर से ज्योति रथ कलश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने के लिए सात ज्योति कलश रथ प्रदेश के 45 हजार गांवों में जाएंगे। सोमवार को किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। ज्योति कलश यात्रा में साथ चलने वाले एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। ये कार्यकर्ता पांच नवंबर को रथ को लेने के लिए पुष्कर जाएंगे।

इस मौके पर गायत्री परिवार राजस्थान जोन समन्वयक एवं मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि घर-घर में ज्ञान गंगा पहुंचाने का यह आखिरी अवसर है। ऐसे में गायत्री परिवार के हर कार्यकर्ता को इसमें बढ़ चढ़कर समयदान करना चाहिए। ऐसा अवसर भविष्य में कभी नहीं आने वाला है। जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने ज्योति रथ कलश यात्रा के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए मार्गदर्शन किया।

# सात सीटों के उपचुनाव को लेकर राजस्थान पुलिस ने कसी कमर : एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में तेरह नवंबर को होने वाले सात सीटों के उपचुनाव को लेकर राजस्थान पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस मुख्यालय ने इन सात सीटों पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर विशेष बंदोबस्त किए है और साथ ही सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को भी उपचुनाव को लेकर विशेष व्यवस्था रखने के निर्देश मुख्यालय से दिए गए है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) लॉ एंड ऑर्डर विशाल बंसल ने बताया कि उपचुनाव को लेकर लगातार उच्च स्तरीय बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

चुनाव के दौरान पुलिस द्वारा जिन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर काम किया जाता है। उनका रिव्यू कर उस आधार पर सभी जिला पुलिस को काम करने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस की ओर से इस समय सबसे अधिक जिन कामों में जोर दिया जा रहा है। उनमें लाइसेंसी हथियारों को जमा करने का काम महत्वपूर्ण है। जो लगभग पूरा होने को है। वहीं गैर जमानती वारंट वाले बदमाशों की गिरफ्तारी,शराब,ड्रग्स व अन्य माफियाओं पर नकेल कसने का एक्शन सहित तमाम बिंदुओं पर पुलिस काम कर रही है। पुलिस मुख्यालय ने सभी सातों जिलों को जो टास्क दिए गए हैं। उनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही यदि किसी जिले द्वारा कोई कमी रखी जा रही है तो उसे उस कमी को दूर करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। एडीजी ने बताया कि सातों जिलों से इंटेलिजेंस की रिपोर्ट ले ली गई हैं।

### सहकार उपहार दीपोत्सव मेला-2024 सम्पन्न

# जयपुरवासियों ने की रिकॉर्ड 6 करोड़ से ज्यादा की खरीददारी

## 1.50 करोड़ से ज्यादा के पटाखों की हुई बिक्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुरवासियों ने सहकार उपहार दीपोत्सव मेला-2024 में 6 करोड़ रुपये से अधिक की खरीददारी कर रिकार्ड बनाया है। कॉनफैड द्वारा उपभोक्ताओं को एमएमटीसी-पैम्प के शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्के एवं पटाखों के साथ अन्य आवष्यक त्यौहारी वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिये भवानी सिंह रोड स्थित नवजीवन सहकारी बाजार सहित वैशाली नगर स्थित उपहार केन्द्र पर विशेष व्यवस्था की थी। यह जानकारी कॉनफैड के प्रशासक एवं सहकारी समितियों की रजिस्ट्रार श्रीमती मंजू राजपाल ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर कॉनफैड द्वारा नवजीवन उपहार केन्द्र पर एमएमटीसी-पैम्प द्वारा निर्मित शुद्ध सोने एवं चांदी के सिक्कों की लगभग 3 करोड़ की बिक्री हुई। दीपोत्सव मेले का आयोजन 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया गया। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव मेले में शिवाकाशी के कोक ब्रांड के पटाखे 50 से 65 प्रतिशत तक कम दामों पर जयपुरवासियों को उपलब्ध कराये गए। मेले में जयपुरवासियों द्वारा 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई।

राजपाल ने बताया कि मेले में एक ही प्लेटफॉर्म पर पटाखे, एमएसटीसी-पैम्प के सोने-चांदी के सिक्के एवं अन्य आवश्यक त्यौहारी वस्तुएं होलसेल दरों पर उपलब्ध कराई गई। एमएमटीसी के चांदी के 10 ग्राम से 1 किलो तक एवं सोने के 1 से 100 ग्राम तक के सिक्के उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रजिस्ट्रार ने बताया कि दीपोत्सव मेला में 1.50 करोड़ से अधिक की दैनिक आवश्यकता की ग्रोसरी के उत्पाद, गिफ्ट पैक, ड्राई फ्रुट्स, सजावटी सामान आदि की बिक्री की गई। इस बार दीपोत्सव मेला में पहली बार राजीविका की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों के विक्रय के लिये प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया ताकि उनके हुनर को पहचान मिल सके। उन्होंने बताया कि कॉनफैड़ द्वारा पिछले दिनों एक "ग्रीन इनीशियेटिव" के तहत सहकार भवन स्थित ग्रोसरी स्टोर पर हरी सब्जियों एवं फलों की व्यवस्था की गई है, जिसका रिस्पोंस बहुत अच्छा मिल रहा है। अभी सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को मीठे पानी की सब्जियां और फल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिसका शीघ्र ही विस्तार किये जाने की योजना है।

# जयपुर में बस-कार की भिड़ंत, एयरबैग खुलने से बची जान

## रॉन्ग साइड आई थी रोडवेज बस, कार हुई क्षतिग्रस्त; बस ड्राइवर भागा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर में रविवार शाम राजस्थान रोडवेज बस और कार में भिड़ंत हो गई। रोडवेज बस ने अचानक रॉन्ग साइड आकर कार को सामने से टक्कर मार दी। कार के एयरबैग खुलने से उसमें सवार युवक-युवती की जान बच गई। कार को क्षतिग्रस्त देखकर बस ड्राइवर भाग निकला। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को टोंक रोड से हटवाकर बाधित ट्रैफिक को चालू करवाया। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) पुलिस ने बताया- हादसा शाम करीब 5:30 बजे टोंक रोड पर तारों की कूंट के पास हुआ। जलमहल ब्रह्मपुरी निवासी कृष्ण सैनी अपने रिश्तेदार युवती के साथ कार से सांगानेर की ओर जा रहे थे। तारों की कूंट के पास पहुंचते ही रोड कट से रॉन्ग साइड राजस्थान रोडवेज की बस आ गई। रॉन्ग साइड अचानक आई रोडवेज बस को देखकर कार को संभालने की कोशिश की। बस का ड्राइवर भी बस को नहीं रोक पाया। रोडवेज बस और कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।टक्कर से कार का अलग हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि टक्कर के तुरंत बाद कार के एयरबैग खुल गए। इससे उसमें सवार युवक-युवती की जान बच गई। हादसे के बाद रोडवेज बस को छोड़कर ड्राइवर भाग निकला। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों के चलते ट्रैफिक जाम हो गया। एक्सीडेंट की सूचना पर मौके पर पहुंची।

पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को टोंक रोड से हटवाकर जाम खुलवाया। पीड़ित कृष्ण सैनी की शिकायत पर पुलिस ने रोडवेज बस ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि रोडवेज बस वैशाली नगर आगार की थी। बस को ड्राइवर धन्नालाल चला रहे थे। सर्विस सेंटर पर बस को ले जाने के दौरान एक्सीडेंट हुआ है। बस ड्राइवर धन्नालाल का आरोप है कि बस को वर्कशॉप लेकर जाते समय सामने से आती कार को बचाने का प्रयास किया था। हॉर्न देने के बाद भी कार चला रहे युवक का ध्यान नहीं था। वह मोबाइल पर बात करते हुए आ रहा था। कार चलाते समय ध्यान नहीं होने के कारण बस के सामने टकरा गया।

# गांवों से शहरी क्षेत्र में आई जमीनों के मिलेंगे पट्टे : सरकार ने तय की कीमत, पहले 2.50 लाख रुपए तक थी

## अफसरों के अधिकारों में कटौती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** नगरीय निकायों में आई अकृषि जमीनों (आबादी क्षेत्र में आई कृषि की जमीन जो भू-उपयोग परिवर्तन की गई) का फ्री होल्ड पट्‌?टा देने को लेकर कीमत तय कर दी है। अब जमीन के खातेदार या मालिक पट्टा 200 रुपए प्रति वर्ग मीटर का शुल्क देकर पट्टा ले सकेंगे। ये शुल्क उन जमीनों के लिए निर्धारित किया है, जिनका भू-उपयोग परिवर्तन (कृषि से अकृषि) कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम के स्तर पर पहले हो चुका है, लेकिन उनका पट्टा अब तक जमीन मालिक या खातेदार के पास नहीं है। स्वायत्त शासन विभाग ने प्रदेश के नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम क्षेत्रों में आने वाली इन जमीनों को लेकर आदेश जारी कर दिए। दरअसल, राजस्थान की कई छोटी-बड़ी नगरीय निकाय ऐसी हैं, जिनके क्षेत्र में आ रही जमीनों के पट्टे नहीं है। ये जमीन पहले ग्रामीण एरिया में थी। तब इनके खातेदार या मालिक इन जमीनों का भू-उपयोग परिवर्तन (कृषि से अकृषि) कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम के स्तर पर करवा चुके हैं। इन जमीनों का अब तक पट्टा (लीज डीड) नहीं है। आबादी एरिया (शहरी क्षेत्र) में जमीन आने के बाद पट्टा संबंधित निकाय जारी करती है।

**2.50 लाख रुपए था अधिकतम शुल्क :** इस तरह की जमीनों का पट्टा लेने के लिए पहले शुल्क तय नहीं था। 10 से 2.50 लाख रुपए तक का शुल्क लेकर निकाय इन जमीनों के पट्टे जारी कर देती थी। प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान भी इस तरह की जमीनों का पट्टा अलग-अलग रेट से दिया किया गया था। अब सरकार ने सभी जगह के लिए 200 रुपए प्रति वर्ग मीटर का शुल्क निर्धारित कर दिया है।

## एक ही छत के नीचे निर्माण संबंधी जानकारी देने के लिये जल्द ही बीसीआई निर्माण होगा लॉन्च : मुकेश माधवानी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मकान, दुकान, रिसोर्ट, या बिल्डिंग निर्माण की सोच कर उस राह पर आगे बढ़ना बहुत कठिन कार्य है क्योंकि निर्माण में आने वाली परेशानियों से भू-स्वामी काफी परेशान हो जाता है और ऐसे में आनन-फानन में लिये गये निर्णयों से उसका निर्माण का बजट बिगड़ जाता है। ऐसे लोगों के लिये सही जानकारी, गुणवत्तापूर्ण सामग्री, बजट और उचित दरों पर समान खरीदनें की जानकारी देने के लिये बीसीआई निर्माण लॉन्च किया जा रहा है। बीसीआई के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि बिजनेस सर्कल इंडिया व्यापारियों का नेटवर्किंग ग्रुप है। जिसमें माह में दूसरे व चौथे शनिवार को सभी सदस्य आपस में मिलते है। दूसरे शनिवार को आयोजित बैठक में आने वाली नवीन तकनीक की जानकारी आदान-प्रदान किया जाता है। चौथे शनिवार को आयोजित होने वाली बैठक में विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित कर उस क्षेत्र में उनके अनुभवों से सभी को रूबरू कराया जाता है। बिजनेस सर्कल इंडिया द्वारा उदयपुर में 'बिजनेस सर्कल इंडिया निर्माण' की स्थापना की जा रही है, जो आपके निर्माण संबंधी सभी आवश्यकताओं के लिए 'वन-स्टॉप सॉल्यूशन' है। उन्होंने बताया कि बिजनेस सर्कल इंडिया निर्माण में उदयपुर के प्रमुख होलसेलर और रिटेलर जुड़े हुए हैं, जो कंस्ट्रक्शन से जुड़ी सीमेंट, कंक्रीट, रेत, टाइल्स, लोहा ,आर्किटेक्ट ,सेनेट्री सहित अन्य सभी निर्माण सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराते हैं। यहां से आमजन निर्माण कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक जानकारी, बजट, लागत और सामग्री की दरें आदि की जानकारी मिलेगी, ताकि आप अपनी आवश्यकता अनुसार सही मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री खरीद सकें। कोई भी व्यक्ति निर्माण कार्य के लिए किसी भी प्रकार की जानकारी चाहते हैं, वे बिजनेस सर्कल इंडिया निर्माण के ऑफिस पर आकर संपूर्ण जानकारी एवं सभी प्रकार के होलसेलर और रिटेलर्स के संपर्क नंबर प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा का उद्देश्य है कि आप आसानी से एक ही स्थान से आवश्यक निर्माण सामग्री की जानकारी प्राप्त कर सकते है और इसे सौ फीट रोड़ शोभागपुरा स्थित अशोका पैलेस में प्राप्त कर अपने निर्माण कार्य को सरलता और कम लागत में पूरा कर सकते है।

## भारतीय खनन दिवस समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** माईनिंग इंजिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, राजस्थान चेप्टर, उदयपुर ने सोमवार को इण्डियन माईनिंग दिवस समारोह चैप्टर ऑफिस पर मनाया गया। प्रति वर्ष यह दिवस पूरे देश में खनन उधोग से संबधित वर्तमान परिदृष्य, तकनीकी उन्नति के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए माईनिंग इंजिनियर्स एसोसिएश न ऑफ इण्डिया की विभिन्न संस्थाओं द्वारा मनाया जाता है। समारोह में लगभग 40 खनि अभियताओं तथा भूवैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस वर्ष वुमेन इन माईनिंग इंडस्ट्री थीम पर यह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.ई.ए.आई.उदयपुर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं मुख्य वक्ता माइनिंग इंजीनियरिंग के डीन एवं विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर व सेवानिवृत्त खान सुरक्षा निदेशक दिलीप कुमार सक्सेना थे। इस अवसर पर एमईएआई के पूवर्ज्अध्यक्ष अरूण कुमार कोठारी द्वारा सभी अभियन्ताओं को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष प्रवीण शर्मा द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों स्वागत सत्कार किया गया। शर्मा ने बताया कि आज के विषय पर खदानों में महिलाओं के रोजगार के लिये जो वार्ता की जायेगी वो निश्चित रूप से महिला सशस्तीकरण, जागरण एवं महिला उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की खदानों में महिला इंजीनियरो को रोजगार दिया जा रहा है। हाल ही में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की महिला रेस्क्यु टीम द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय महिला रेस्क्यु कम्पीटीशन में द्वितीय स्थान पर पारितोषिक प्राप्त कर यह साबित कर दिया है कि महिला किसी भी क्षेत्र में पुरूष से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि संध्या रसतकला हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की प्रथम भूमिगत माईन्स की मैनेजर रही हैं। इसके अतिरिक्त डी.जी.एम.एस द्वारा समय- समय पर जारी निर्देश के आधार पर मानंक संचालन प्रक्रियाओ ;ैव्च्द्ध के क्रियान्वन को ध्यान में रखते हुऐ महिला की नियुक्ती की जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में सिर्फ 6-15 प्रतिशत तक ही महिला का रोजगार दिया जाता है जबकि विदेशो मे यह 18 प्रतिशत से उपर है। उन्होने आव्हान किया कि खनन इंडस्ट्रीज में महिलाओ के रोजगार के लिए पोलिसी बनाई जावे एवं भुगतान में भी उनको पुरुषो के बराबर रखा जावे। उन्होने बताया कि देश की पहली महिला खनन् इंजीनियर डॉ. चन्द्राणी प्रसाद वर्मा ने देश की अन्य महिलाओं के लिए खनन केरीयर अपनाने का रास्ता खोल दिया है और खदानों में एवं माईनिग इंजीनियरींग कॉलेजो में महिलओं को वरीयता दी जा रही है। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा ''वुमेन इन माईनिंग इंडस्ट्री'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे इस क्षेत्र के चार माईनिंग इजंनियरीग कॉलेज के 45 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम रही सी.टी.ए.ई की छात्रा बबली चौधरी, द्वितीय रहे विरेन्द्र सिंह चौहान, तृतीय रही खुशी गांधी के अतिरिक्त सुमित प्रजापत एवं पूजा सुथार को नकद पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियो को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। राम शंकर शर्मा को माईनिंग इजीनिर्यस एसोसिएशन द्वारा एनएमडीसी अवार्ड-2023 प्राप्त करने पर उदयपुर चैप्टर द्वारा सम्मानित किया गया।

आर पी गुप्ता पूर्व नेशनल प्रेसीडेन्ट, एमइएआई, उदयपुर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि खदानों मे महिलाओं की नियुक्ति के प्रतिशत को बढाना चाहिये। हिजिंलि के पूर्व सीईओ अखिलेश जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब महिलाएं राफेल प्लेन चला सकती है तो खदानों में डम्पर क्यों नही चला सकती है हमको अपना माईन्ड सेट बदलना होगा एवं खदानों के विकास में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। और इस अवसर पर प्रो. बी.बी. धर को श्रद्धाजंली दी गई। और कार्यक्रम के अंत मे आसिफ एम अंसारी, सचिव द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया व कार्यक्रम का संचालन डा. एस के वशिष्ट, सदस्य नेशनल कांउसिल ने किया।

## नियमित विश्लेषण कर विभागीय योजनाओं को दें गति : सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि विभागीय गतिविधियों का नियमित एनालिसिस करें। सीएमओ, सीएस कार्यालय, जनसुनवाई, लोकायुक्त व आयोग से प्राप्त एवं सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में समुचित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करें। शिकायतों को फ्लैग करके पेंडेंसी दुरूस्त करें तथा पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में रिजेक्शन व जवाब भिजवाने वाले मामलों में परिवादियों को संतुष्ट करें। उन्होंने कहा कि समस्या चाहे किसी भी माध्यम से प्राप्त हुई हो, उसका त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करें। संपर्क पोर्टल पर नियमित लॉगिन कर समस्या निस्तारण करते रहें। जिला स्तरीय जन सुनवाई व सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाएं।

उन्होंने सीईओ एवं डिस्कॉम के अधिकारियों से कहा कि सभी विकास अधिकारियों से चर्चा कर जिले में पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत मॉडल सोलर गांव बनाएं। एक मॉडल गांव को योजनान्तर्गत 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि देय है। इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु आईईसी गतिविधियां आयोजित की जाएं। सुराणा ने राजीविका डीपीएम से कहा कि राजीविका की डिजीटल लिटरेसी कार्यक्रम को संचालित करें तथा मास्टर ट्रेनर तैयार करें। इसी के साथ राजीविका व वन विभाग के अधिकारी इकोफ्रेंडली हाट आदि लगाने पर एक्ससाइज करें। राजीविका महिलाओं के माध्यम से राजीविका उत्पादों, जिले के संबंधित उत्पादों एवं वन विभाग के उत्पादों को हाट आदि में प्रदर्शित करें। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों से कहा कि दीपावली छुट्टियों के दौरान सभी विद्यालयों में बच्चों को दिए गए टास्क के अनुसार बुक रीडिंग कॉम्पीटिशन में समरी लिखवाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का तत्काल समाधान करें। सुनिश्चित करें कि तत्काल सभी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हो। इसके लिए आवश्यकता अनुसार भूमि चिन्हीकरण, भूमि आवंटन, भूमि अवाप्ति की कार्यवाही तथा प्रोजेक्ट वर्क तत्काल पूरे करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों एवं नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्रों में पानी भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर समस्या के निस्तारण के लिए अभी से एक्सरसाइज करें। एकत्र पानी के इस्तेमाल या रिचार्ज के लिए प्लानिंग करें। ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की समस्या के निस्तारण के लिए रिचार्ज कुएं आदि की कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें और मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता करें। अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए आवेदन प्राप्त करें तथा निर्धारित लक्ष्य पूरे करें। इसी के साथ निरीक्षण के दौरान गारंटी पीरियड की सड़कों की स्थिति देखें व क्षतिग्रस्त सड़कों की रिपोर्ट देकर सानिवि अधिकारियों से समन्वय कर दुरूस्त करवाएं। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीसीएफ भवानी सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, एडीपीआर कुमार अजय, कृषि संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, डीएसओ सुरेन्द्र महला, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, एपीआरओ मनीष कुमार, जिला खेल अधिकारी प्रकाशराम गोदारा, महिला अधिकारिता उपनिदेशक विप्लव न्यौला, एडिनशल चीफ इंजीनियर राममूर्ति, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़, एलडीएम अमरसिंह, सीपीओ भागचंद खारिया, उद्योग सहायक आयुक्त अजाला, सीपीओ भागचंद खारिया, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया सांसद सीपी जोशी का जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा ने बताया कि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी के जन्मदिन की पूर्वसंध्या पर भाजपा परिवार द्वारा गौशाला में गौमाता को चापड, हरी घास और पोषाहार वितरीत किया । तत्पश्चात कोटा बेरियल में भव्य आतिशबाजी कर सांसद सीपी जोशी को बधाई प्रेषित की। इसके बाद सेवा भारती द्वारा आदर्श नगर में संचालित बाल संस्कार केंद्र पर नन्हे बच्चों को मिठाई और टॉफी एवं स्टेशनरी वितरित की । इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार वधवा, नगर महामंत्री दिनेश सेन उपाध्यक्ष जितेंद्र जैन , पार्षद मनीष गिरी, मंत्री लाला देराश्री, विनीता अग्रवाल,पूर्व महामंत्री हरीश राठौर, प्रवक्ता मनीष गुप्ता, पप्पू पंडित, मनोज मेहरा, भागीरथ राठौर, बसंत गवारिया, राजेंद्र मेघवाल आदि मौजूद रहे ।

## कृषि कार्य में नई तकनीक जोड़कर बढ़ाएं उपज : सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कृषकों के 5 दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कृषकों से कृषि में नवाचारी गतिविधियों को लेकर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित आत्मा परियोजना कार्यालय से कृषकों के पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों से संवाद किया और उनके नवाचारों, समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। कलक्टर सुराणा ने कहा कि कृषक अपनी कृषि गतिविधियों में नई वैज्ञानिक तकनीक को जोड़ें और उपज को बढ़ाएं। कृषक व्यावसायिक खेती पर फोकस करें। अंचल की मिट्टी एवं पानी की गुणवत्ता के अनुसार कृषि गतिविधियों को अपनाएं ताकि अधिकतम पैदावार हो तथा किसान समृद्ध बनें। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक तकनीक का अवलोकन करें तथा नई तकनीकी को सीख कर व्यवहार में लाएं। अंचल की कृषि पारिस्थितिकी तथा अपनी आर्थिक परिस्थितियों के मध्यनजर नवाचारी गतिविधियां करें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिले के गाजसर गैनाणी एवं सरदारशहर गैनाणी आदि क्षेत्रों में एसटीपी के माध्यम से उपचारित पानी कृषि के लिए बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा नालियों, पाइप लाइन आदि के माध्यम से क्षेत्र के अधिकतम किसानों तक यह पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। किसान इस पानी को उपयोग में लें तथा अपनी पैदावार बढ़ाएं। किसान इस पानी को अपने खेतों तक ले जाएं ताकि पानी का सर्वोत्तम उपयोग हो तथा किसानों की आय बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं में किसानों को अधिकतम लाभ मिले। किसान योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपनी नियमित कृषि गतिविधियों में कुछ नया जोड़ें। उन्होंने कहा कि जिले में ग्रीन हाउस एवं नवीन तकनीकी आधारित कृषि गतिविधियों पर काम करें। इस दौरान उन्होंने भ्रमण में जाने वाले किसानों से उनके द्वारा की जा रही कृषि गतिविधियों, कृषि गतिविधियों में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा विचार- विमर्श किया। किसानों ने बिजली आपूर्ति नहीं होने, पानी व मिट्टी उपयुक्त नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर जिला कलक्टर ने अधिकारियों से चर्चा कर यथासंभव निस्तारण व सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से कहा कि किसान अपनी समस्याएं कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना विभाग के अधिकारियों के माध्यम से भी जिला स्तर पर पहुंचाएं ताकि उनकी समस्याओं का समुचित निस्तारण हो सके। आत्मा परियोजना निदेशक डॉ दीपक कपिला ने बताया कि पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय भ्रमण दल चूरू से झुंझुनूं, फतेहपुर, खाटू श्याम, अजमेर, पुष्कर, अविकानगर एवं बस्सी केंद्र तथा राज्य के अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं प्रगतिशील कृषक प्रक्षेत्रों का भ्रमण करेगा। भ्रमण दल के साथ दल प्रभारी कृषि अधिकारी संजय पाल तथा सह प्रभारी कृषि पर्यवेक्षक कर्मवीर गोदारा भी साथ रहेंगे। इस अवसर पर कृषि संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, प्रगतिशील किसान देवकिशन पारीक, भगवान सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं कृषक मौजूद रहे।

## ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने पुलिस उप अधीक्षक का किया स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** ब्राह्मण महासभा की स्थानीय शाखा के कार्यकर्ताओं व सदस्यों ने सोमवार को बयाना में नवनियुक्त पुलिस उप अधीक्षक कृष्णराज जांगिड़ का फूल मालाएं व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत सम्मान करते समय महासभा के प्रदेश सहसंयोजक गोविंद उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश सहरिया, जिला अध्यक्ष मणी शंकर मिश्रा, जिला प्रभारी जय शिव शर्मा ,मीडिया प्रभारी हरिओम उपाध्याय, आदि भी मौजूद रहे। जिन्होंने नवनियुक्त पुलिस उप अधीक्षक को संगठन के उद्देश्यों व गतिविधियों आदि से भी अवगत कराया। वही इस अवसर पर नवनियुक्त पुलिस उप अधीक्षक कृष्णराज जांगिड ने कहा कि हम सभी लोगों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक की भांति सजग रहकर अपराध व अपराधियों की रोकथाम और उन्हें रोकने व अपराधों पर अंकुश पाने के लिए पुलिस का भी सही समय से सही और सटीक सूचनाएं देकर सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए हम सभी को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की पालना के प्रति बहुत सजगता बरतने और नियमों की पालना करने की भी आवश्यकता है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में बड़े पैमाने पर होने वाली मौतों का ग्राफ कम किया जा सके।

## राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाये : सीएमएचओ बिन्दल

बढ़ता राजस्थान

**नाथद्वारा ( नि.स. )।** राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पात्र परिवारो को लाभान्वित करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने स्वास्थ्य भवन में आयोजित खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों एवं विभाग के जिला अधिकारीयों की बैठक में दिये। उन्होंने मां वाउचर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यो के अनुरूप गर्भवती महिलाओं की प्रसव पुर्व जांच हेतु रजिस्ट्रेशन सुनिश्चत करें, साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के दिन सभी लक्षित गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर योजना के कूपन प्रदान करे तथा नि:शुल्क सोनोग्राफी का लाभ प्रदान करने के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा के माध्यम से मोबिलाईज करें। उन्होंने कहा कि योजना में पंजीबद्ध किसी सोनोग्राफी सेंटर से कोई विशेष समस्या हो तो भी अवगत करावें जिससे समाधान किया जा सके ।उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत चिकित्सा संस्थान में आने वाले सभी पात्र परिवारो को शत प्रतिशत लाभान्वित करने तथा इसके लिये जिला स्तर पर निर्धारित गुगल फॉर्म में रिपोर्टींग के लिये निर्देशित किया जिससे योजना के तहत नियमित मोनिटरिंग हो सके तथा अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इसके लिये चिकित्सा संस्थानो पर पदस्थापित स्वास्थ्य मार्गदर्शको का आमुखीकरण करने के लिये निर्देशित किया।ड्डउन्होंने मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया, स्क्रबटाईफस की रोकथाम के लिये नियमित फिल्ड गतिविधियों को जारी रखने तथा सजग रहने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने जिले के नवाचार की हेल्थ परफोरमेंस इण्डिकेटर्स को लेकर निर्देशित किया की रिपोर्टींग करना शुरू करे जिससे रियल टाइम मोनिटररिंग की जा सके तथा कमजोर सूचकांको पर विशेष फोकस किया जा सके।

## आलोक फ़तेहपुरा स्कूल बैच 2005 का दूसरा पुनर्मिलन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

### गीत-संगीत के साथ पुरानें दिनों की यादें ताजा की



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** आलोक फ़तेहपुरा स्कूल के वर्ष 2005 बैच के विद्यार्थियों का दूसरा पुनर्मिलन समारोह आज रामी रॉयल रिजॉर्ट्स में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में पूर्व छात्र पूरी गर्मजोशी से एकत्रित हुए और पुराने दिनों की यादों को ताज़ा किया। विशेष अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य नारायण लाल शर्मा (लोकतंत्र सेनानी) का सम्मान किया गया, जिनकी शिक्षा और मार्गदर्शन ने सभी विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में सभी ने स्कूल के दिनों की मस्ती, हंसी-ठिठोली और यादगार पलों को साझा किया, जिससे पुराने दोस्त फिर से जुड़ सके और एक बार फिर उसी माहौल में लौट आए। सभी के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में पुरानी यादों की चमक साफ झलक रही थी। यह पुनर्मिलन कार्यक्रम सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसमें दोस्ती और पुरानी यादों का जश्न मनाया गया।

## सम्पादकीय

### कश्मीर में सरकार गठन के साथ ही बढ़े आतंकी हमले, सियासत भी हुई शुरू

जब से जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनी है, वहां आतंकी हमले बढ़ गए हैं। निस्संदेह यह चिंता का विषय है। माना जा रहा था कि विधानसभा चुनाव के बाद वहां स्थानीय लोगों के हाथ में व्यवस्था आएगी तो दहशत का सिलसिला रुक जाएगा। मगर स्थितियां इसके उलट नजर आ रही हैं। वहां सरकार बनने के बाद अब तक पांच आतंकी हमले हो चुके हैं, जिनमें बाहरी मजदूरों और सुरक्षाबलों को निशाना बनाया गया। ताजा घटना बडगाम की है, जिसमें उत्तर प्रदेश के दो लोगों को गोली मार दी गई। हालांकि हर आतंकी घटना के बाद सेना का तलाशी अभियान तेज हो जाता है और कुछ आतंकियों को मार गिराया जाता है। मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर क्या वजह है कि पिछले दस वर्षों से आतंकवाद समाप्त करने के तेज अभियान के बावजूद इसकी जड़ें घाटी में जमी हुई हैं। सरकार बार-बार दावे करती रही है कि घाटी में आतंकवादियों की कमर टूट चुकी है, वे केवल कुछ क्षेत्रों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर हकीकत यह है कि कुछ-कुछ अंतराल पर दहशतगर्द अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। पिछले दस वर्षों से वहां गहन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। अलगाववादी संगठनों के नेताओं और आतंकवादियों को वित्तपोषण करने वालों पर नकेल कसी जा चुकी है। ऐसे बहुत सारे लोगों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका है, हजारों बैंक खाते बंद किए जा चुके हैं। सीमा पार से जिन रास्तों से दहशतगर्दों को मदद मिल सकती थी, वे सारे बंद कर दिए गए हैं। इन वर्षों में बहुत सारे दहशतगर्द और उनके सरगना मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद अगर वहां लक्षित हिंसा का सिलसिला रुक नहीं रहा, सुरक्षा बलों पर घात लगा कर हमले कम नहीं हो पा रहे हैं, तो इसके पीछे क्या वजह हो सकती है?

छिपी बात नहीं है कि घाटी में दहशतगर्दी को पोसने में पाकिस्तान का हाथ है, मगर पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि स्थानीय युवाओं ने भी हाथ में हथियार उठाना शुरू कर दिया है। यह खुलासा खुद सरकार ने किया था, जब कोरोना के बाद घाटी में आतंकवाद से संबंधित रपट पेश की थी। चूंकि कश्मीर की स्थिति ऐसी है, जिसमें केवल राज्य सरकार से आतंकवाद से निपटने का दावा नहीं किया जा सकता। सेना, केंद्रीय सुरक्षाबलों और खुफिया एजंसियों को इसे रोकने के व्यापक अधिकार दिए गए हैं। इसलिए इस मसले पर अपेक्षाएं केंद्र से ही बनी हुई हैं। ताजा घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने आतंकवाद को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की है। उनका कहना है कि आतंकवादियों को मारने के बजाय पकड़ कर उनसे पूछताछ की जानी चाहिए कि वे किसकी शह पर काम कर रहे हैं। फारूक अब्दुल्ला ने यह भी शक जाहिर किया है कि नई सरकार बनने के बाद आतंकी हमले तेज होने के पीछे उनकी पार्टी की सरकार गिराने की साजिश भी हो सकती है। आतंकवाद को किसी सियासी चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। इस तरह उसके खिलाफ चलाए जा रहे अभियान कमजोर पड़ते हैं। अब जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनी है, तो उससे अपेक्षा की जाती है कि वह केंद्र के साथ मिल कर इस समस्या से पार पाने की रणनीति तैयार करेगी और समन्वित रूप से इस दिशा में आगे बढ़ा जाएगा।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल

**पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए।**

ललित गर्ग



पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है। पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं।

इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



योगेश कुमार डागुर
(डीआर-15) (आर.ए.एस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी योगेश कुमार डागुर। 20 जनवरी सन 1982 भरतपुर जिले में जन्में योगेश डागुर बेहद संवेदनशील अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। इनकी शिक्षा बीएससी भौतिकी, रसायन विज्ञान गणित, एमएससीभौतिकी,एमए इतिहास स्लेट, नेट इतिहास बी.एड तक कर सरकारी सेवा में आए। आज अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन अलवर-।।) के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, कोटपूतली कोटपूतली-बहरोड़ रहे। रजिस्ट्रार, मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर, विशेषाधिकारी भूमि नगर विकास न्यास, अलवर, उपखण्ड अधिकारी, मलारना डूंगर सवाईमाधोपुर, उपखण्ड अधिकारी, अलवर। उपखण्ड अधिकारी, रैणी अलवर, उपखण्ड अधिकारी, मुण्डावर अलवर,उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजगढ़ अलवर, उपखण्ड अधिकारी, महुवा दौसा, उपखण्ड अधिकारी, लक्ष्मणगढ़ अलवर, उपखण्ड अधिकारी, शिव बाड़मेर। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन अलवर, प्रशिक्षणाधीन हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर रहे। इसके अतिरिक्त कई जिलों में तहसीलदार पद पर अपनी सेवाए भी प्रदान की हैं। कोविड के दौरान बेहतरीन सेवाओं से कोविड़ संक्रमण काल में अपनी अनुमप सेवाए देकर अनेकों लोगों का आर्शिवाद प्राप्त किया। फिर चाहे मजदूरों का पलायन हो या फिर ट्रेनों के माध्यम से उन्हें उनके गाँव तक पहुँचाना हो या फिर उनके भोजन पानी की व्यवस्थाए हों। फिलहाल अलवर जिले में सफाई अभियान को लेकर चल रही मूहिम का बड़ा हिस्सा बनकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 5 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1556 में हुए पानीपत के दूसरे युद्ध में मुगल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
- स्पेन और इंग्लैंड के बीच 1630 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- मैसाच्युसेट्स में 1639 में पहले डाकघर की स्थापना।
- जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने 1678 में स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया।
- स्पेन और आस्ट्रिया ने 1725 में गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1854 में हुए क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
- उल्येसेस एस ग्रांट 1872 में अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
- आटो मोबाइल के लिए जॉर्ज बी सेल्डम को 1895 में अमेरिका का पहला पेटेंट मिला।
- इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा 1914 में की गयी।
- इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना 1920 में हुयी।
- अमेरिका के महान् साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को 1930 में उनकी कृति 'बाबित्त' के लिये साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- एडोल्फ हिटलर ने 1937 में गुप्त बैठक बुला कर जर्मन जनता के लिए ज्यादा जगह लेने की अपनी योजना का खुलासा किया।
- नावेदा परमाणु परीक्षण केंद्र में 1951 में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1961 में न्यूयार्क की यात्रा की।
- सोवियत संघ ने 1976 में परमाणु परीक्षण किया।
- इस्रायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की 1995 में गोली मारकर नृशंस हत्या।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति फारूख अहमद खान ने 1996 में बेनजीर भुट्टो की सरकार को हटा कर पाक नेशनल असेंबली भंग की।
- वेस्टइंडीज के महानतम तेज गेंदबाज मैल्कम मार्शल का 1999 में निधन।
- भारत तथा रूस ने 2001 में अफग़ान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंजूर की।
- ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने 2002 में जेल में बंद देश के शीर्ष असंतुष्ट नेता अब्दुल्ला नूरी को आम माफी दी।
- इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को 2006 में दो साथियों सहित 1982 में 148 शियाओं की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई।

### 5 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- महान् स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का 1870 में जन्म हुआ।
- हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा स्वतंत्रता सेनानी बनारसी दास गुप्ता का 1917 में जन्म हुआ।
- हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार उदयराजसिंह का 1921 में जन्म हुआ।

### 5 नवंबर को हुए निधन

- भारतीय राजनेता तथा बंबई नगरपालिका के संविधान (चार्टर) के निर्माता फिरोजशाह मेहता का 1915 में निधन।
- खयाल गायन शैली के श्रेष्ठतम गायक फ़ैयाज़ ख़ाँ का 1950 में निधन।

## विशेष आलेख

### वैश्विक छठ महापर्व 5-8 नवंबर 2024

# विश्वास श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार व सूर्य देव और छठ मैया को समर्पित महापर्व

किशन सनमुख़दास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर भारत को सृष्टि ने जहां एक ओर प्रकृति का अणखुट ख़ज़ाना दिया है,तो वहीं कुदरत ने हमारे जाति धर्म की आध्यात्मिक मान्यता को सुरक्षित करके बरक़रार रखा है,जो पौराणिक काल से सत्यता का प्रतीक बनीं हुई है,जो पीढ़ी दर पीढ़ी से चला आ रहा है। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस वर्ष दो दिन दीपावली पर्व मनाया गयाहै,तो छठ पर्व 5 से 8 नवंबर 2024 को मनाया जा रहा है।बतादें आर्टिकल में दी गई जानकारी मान्यताओं पर आधारित है इसका कोई सटीक प्रमाण नहीं है।भारत मे कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है,क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम छठ पर्व की पावन बेला पर मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक छठ महापर्व 5 से 8 नवंबर 2024, विश्वास श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार व सूर्य देव और छठ मैया को समर्पित पर्व है।

साथियों बात अगर हम भारत में छठ महापर्व 2024 की पावन बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाने की करें तो, छठ पूजा का त्योहार 05 नवंबर से शुरू,व 08 नवंबर 2024 को पूर्ण होंगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। 08 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और इसी के साथ छठ पूजा का समापन व व्रत पारण किया जाएगा। छठ पर्व की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इसके दूसरे दिन को खरना कहते हैं। इस दिन व्रती को पूरे दिन व्रत रखना होगा। शाम को व्रतीमहिलाएं खीर का प्रसाद बनाती हैं। छठ व्रत के तीसरे दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं शाम के समय तालाब या नदी में जाकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देती है। चौथे दिन सूर्य देव को जल देकर छठ पर्व का समापन किया जाता है। इस त्योहार को सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल सहित पूरे विश्व में जहां उत्तर भारतीय निवासी हैं मनाया जाता है। साथ ही इसे नेपाल में भी मनाया जाता है। इस त्योहार को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ पूजा का पर्व संतान के लिए रखा जाता है। छठ में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। इस साल 2024 में दो दिन दिवाली मनाए जाने के बीच अब लोगों में छठ पूजा की तारीख को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है, क्योंकि देश के कुछ राज्यों में 31अक्टूबर को दिवाली मनाई गई और कुछ राज्यों में 1 नवंबर को दिवाली मनाई गई है।छठपूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित एक महत्वपूर्ण महापर्व है।दो दिन दिवाली मनाए जाने के आधार पर छठ पूजा की सही तारीख यहां पर जान सकते हैं। मीडिया में दिए गए द्रिक पंचांग के अनुसार, छठ पूजा का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है।इस साल 2024 में षष्ठी तिथि 7 नवंबर दिन गुरुवार को तड़के सुबह (पूर्वाहन) 12 बजकर 41 मिनट पर शुरू होगी और 8 नवंबर दिन शुक्रवार को तड़के सुबह (पूर्वाहन) 12 बजकर 34 मिनट पर समाप्त होगी।ऐसे उदया तिथि के अनुसार, छठ पूजा का पर्व 7 नवंबर दिन गुरुवार को ही मनाया जाएगा।छठ पूजा संपन्न करने के लिए इस तरह से शाम के समय का अर्घ्य 7 नवंबर को और सुबह का अर्घ्य 8 नवंबर को दिया जाएगा।इसके बाद व्रत का पारण किया जाएगा।(1) छठ पूजा का पहला दिन, 5 नवंबर 2024- नहाय खाय (2) छठ पूजा का दूसरा दिन, 6 नवंबर 2024- खरना (3) छठ पूजा का तीसरा दिन, 7 नवंबर 2024-संध्या अर्घ्य(4) छठ पूजा का चौथा दिन, 8 नवंबर 2024- उषा अर्घ्य 36 घंटे का होता है निर्जला व्रत।हिन्दू धर्म में छठ पूजा में छठी मैया और सूर्य देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है. दिवाली के छह दिन बाद छठ पर्व मनाया जाता है। छठ पूजा चार दिनों तक चलता है, जिसमें शुरुआत होती है नहाय-खाय और खरना से. फिर डूबते और उगते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इसमें व्रती महिलाएं नदी में कमर तक जल में डूबकर सूर्यदेवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती हैं। इसमें 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखा जाता है, जो बेहद ही कठिन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, छठी मइया की पूजा करने से व्रती को आरोग्यता सुख-समृद्धि, संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

साथियों बात अगर हम छठ व्रत में निर्जला व्रत की करें तो, हिन्दू धर्म में छठ पूजा में छठी मैया और सूर्य देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है। दिवाली के छह दिन बाद छठ पर्व मनाया जाता है।छठ पूजा चार दिनों तक चलता है, जिसमें शुरुआत होती है नहाय-खाय और खरना से,फिर डूबते और उगते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है,इसमें व्रती महिलाएं नदी में कमर तक जल में डूबकर सूर्यदेवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती हैं।छठ पूजा एक ऐसा महापर्व है जो अपने आप में विश्वास, श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है।छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है।सूर्य देव को जीवनदाता माना जाता है और छठी मैया को संतान की देवी,इस पर्व के माध्यम से लोग प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। सूर्य, जल और वायु इन तीनों तत्वों की पूजा की जाती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**वृष**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**मिथुन**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**कर्क**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**कन्या**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**तुला**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**वृश्चिक**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**धनु**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मकर**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**कुंभ**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**मीन**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा। आपका मन द्रवित हो उठेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा के मतदान दल अधिकारियों को दिया दिया जा रहा द्वितीय प्रशिक्षण

### पर्यवेक्षक ने किया मतदान दल अधिकारियों का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा के आदेशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) टोंक के निर्देशन में विधानसभा उपचुनाव-2024 के सफल आयोजन के लिए मतदान अधिकारियों द्वितीय प्रशिक्षण 4 से 6 नवंबर (पीआरओ, पीओ-1, पीओ-2 एवं पीओ-3) का प्रशिक्षण कृषि प्रशिक्षण केंद्र टोंक में आयोजित किया जा रहा है। सामान्य पर्यवेक्षक आशीष ठाकरे ने प्रशिक्षणार्थियों को राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना करते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि मतदान दिवस पर आने वाली समस्याओं से बचा जा सके। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय से शाखा प्रभारी रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि प्रथम दिन 138 पीआरओ, एवं 99 पीओ-1 को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एसएलएमटी विमल कुमार जैन, कृष्ण गोपाल शर्मा, भंवरलाल, महेश दाधीच, राजू लाल यादव, अशोक मीणा एवं मास्टर ट्रेनर ने माकपॉल प्रक्रिया, मतदान अधिकारी, प्रथम, द्वितीय व मतदान अधिकारी तृतीय के बारे में समझाते हुए ईवीएम मशीन के संचालन का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सूरज चौधरी, प्रवीण चौधरी एवं शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

**मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित :** विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा क्षेत्र में मतदान दिवस बुधवार, 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर शुरू होने से मचा हड़कम्प

- प्रथम दिन गणगौरी मेला मैदान सहित सदरपुरा रोड से हटाए अतिक्रमण
- महाराणा प्रताप कालोनी में किया पुर्नवास, गूंजा पालिका का पीला पंजा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहरी क्षैत्र में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होने से अतिक्रमण कारियो में हड़कम्प मच गया। सोमवार को नगरीय क्षैत्र मालपुरा में एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हुआ। अभियान के प्रथम दिन उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में विकास अधिकारी अभिमन्यू चौघरी, अतिरिक्त प्रशासनिक अघिकारी जयनारायण जाट सहित नगरपालिका के स्टाफ की मौजुदगी में पालिका का पीला पंजा गूंजा। केकड़ी रोड स्थित गणगौरी मेला मैदान में वर्षो से अस्थाई डेरे बनाकर निवास करने वाले गाडिया लुहारो, ढोलियो सहित अन्य के डेरे हटवाए गए। साथ ही इन डेरो में रखे सामान को पालिका के ट्रेक्टरो से सदरपुरा रोड पर विकसित महाराणा प्रताप कालोनी मेंरखा जाकर निराश्रित लोगो को पुर्नवास किया गया। मैला मैदान के बाद डेयरी तिराहे, व्यास सर्किल से मण्डी के बाहर रह रहे गाडिया लुहारो व छाबड़ी वालो को भी महाराणा प्रताप कालोनी मं पुर्नवास के लिए पहुंचाया गया। इसके अलावा उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने गणगौरी मैला मैदान में केकड़ी रोड की ओर दुकानदारो को निर्धारित सीमा से बाहर रखे सामानो व अतिक्रमणो को तुरन्त प्रभाव से हटा लेने के निर्देश दिए गए। इधर उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होने के बाद पालिका सीमा में पालिका व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालो में हड़कम्प मच गया। कुछ अतिक्रमणकारी तो उपखण्ड अधिकारी चौधरी की सख्ती वाली कार्रवाई के भय से ही अतिक्रमण हटाने को मजबूर हो गए। वही कुछ अतिक्रमणकारी पेशोपेश में है कि आखिर करे तो क्या करें। यदि प्रशासन अतिक्रमणो पर सख्ती दिखाते हुए कड़ी कार्रवाही करता है तो अतिक्रमणकारियो को भारी नुकसान का अंदेशा है। वहीं मालपुरा शहरी क्षैत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर पिछले दो दिनो से काफी चर्चे सुनाई दे रहे थे।



कुछ लोग दीपोत्सव के तुरन्त बाद सख्ती से अतिक्रमण हटाओ शुरू होने की बात कह रहे थे।

साथ ही व्यास सर्किल से डेयरी तिराहे से लेकर ट्रक स्टेण्ड तक मुख्य सड़क के दोनो ओर सड़क सीमा में किसी भी प्रकार से अतिक्रमण कर आवागमन बाघित करने वालो को भी अपने अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लेने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेतावनी भी दी गई कि यदि अतिक्रमण नही हटता है और प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटवाया जाता है तो उसमें किसी भी प्रकार से होने वाले नुकसान के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें।

## जिला कारागृह एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित कार्यवाहक जेलर नरेश कुमार मीना से जिला कारागृह में प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम व पता, यूटीआरसी के तहत रिहाई के लिए पात्र बंदियों के नाम, बंदियों को प्रदान विधिक सहायता, बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की मात्रा व गुणवत्ता, चिकित्सकीय सुविधा आदि के बारे में पूछताछ की गई। साथ ही कारागृह में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई । साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बंदियों से उनके मुकदमे, परिजनों से बातचीत एवं मिलने के समय के संबंध में संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया, उन्होने कार्यवाहक जेलर को बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं का तुरन्त समाधान करने के लिये निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 99 बंदी उपस्थित पाये गए, दौराने निरीक्षण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बंदीजन को बंदियो एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, स्ैडै एवं स्।ब्डै पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सखी वन स्टॉप सेन्टर का मासिक निरीक्षण कर पीडित महिलाओं को दी जाने वाली विधिक सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, कुशल परामर्शदाता, पीडित महिलाओं को अस्थायी आश्रय की सुविधा, पीडित महिलाओं को दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन की व्यवस्था, पीडित महिलाओं के साथ हुई घटना के संबंध में पुलिस के प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की कार्यवाही आदि के सम्बन्ध में पूछताछ कर जांच की गई। इस अवसर पर सखी वनस्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रबन्धिका हीना सिंह सहित अन्य स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# बढ़ रहा मौसमी बीमारियों का प्रकोप, अलर्ट मोड पर प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में बढ़ रहे मौसमी बीमारियों के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों के बढ़ने व मौसमी बीमारियों का प्रकोप के चलते प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए है, जिसका असर अब देखा जा रहा है। मेडिकल टीमों की संख्या बढ़ाई जा रही है साथ हर जिले के काम की समीक्षा भी की जा रही है. चिकित्साम एवं स्वास्थ्य विभाग प्रमुख शासन सचिव मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी जिम्मेदार अधिकारी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मिशन मोड में काम करें।

शिकायतों का 24 घंटे में करना होगा निस्तारण मौसमी बीमारियों के लिए नियंत्रण कक्ष को और सुदृढ़ बनाया जाए। जिले में प्राप्त समस्याओं और शिकायतों का इन्द्राज कर 24 घण्टे में उनका निस्तारण किया जाए. इसी प्रकार प्रत्येक जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर स्थापित कन्ट्रोल



रूम में दर्ज समस्याओं का भी 24 घण्टे में समाधान सुनिश्चित किया जाए। और रेपिड रेस्पान्स टीमें जाएंगी प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, स्क्रब टायफस आदि मौसमी बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों में रेपिड रेस्पान्स टीमें भ्रमण कर गम्भीर रोगी की जांच एवं उपचार प्रदान करें। और आवश्यकता होने पर चिकित्सा संस्थान में रैफर करें और बचाव व नियंत्रण संबंधी कार्यों यथा एन्टीलार्वल, मच्छर रोधी, फोगिंग, सोर्स रिडक्शन आदि गतिविधियों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें ।

**अधिक रोगियों वाले क्षेत्रों में विशेष फोकस :** निर्देश दिये कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौसमी बीमारियों से प्रभावित इलाकों में नजर रखें. पॉजिटिव रोगी पाये जाने पर तत्काल इलाज किया जाए जिससे संक्रमण को रोका जा सके. दवाइयों, कीटनाशक, अन्य लॉजिस्टिक का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए. मौसमी बीमारियों की स्थिति की हर दिन समीक्षा कर अगले दिन की योजना तैयार करें और निदेशालय में दैनिक रिपोर्ट भेजी जाए। इसी तरह स्क्रब टायफस से बचाव के लिए घास और अन्य वनस्पति/झाड़ियों आदि में नंगे पैर नहीं जाने, घर में चूहों के प्रवेश को नियंत्रित रखने, पशुपालन विभाग से समन्वय कर पशुओं के बाड़ों में माइट/पिस्सू का उपचार कराने संबंधी जानकारी दी जाए। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर मौसमी बीमारियों का ख्याल है कि निजी चिकित्सालयों में भी बड़ी तादाद में रोगी पहुंच रहे हैं।

### आमजन में बढ़ाएं जागरूकता

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि जनसामान्य को विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव व नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी जाए. मच्छर से होने वाले रोगों से बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने, घरों के आसपास जमा पानी की निकासी, कूलर-गमले सहित अन्य जगहों का पानी 7 दिन में खाली कर फिरसे भरने, बुखार होने पर तुरन्त नजदीकी चिकित्सालय में चिकित्सक से परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

## कुहू इंटरनेशनल स्कूल की टीम बनी नसिया प्रीमियर लीग विजेता

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी ( राकेश शर्मा )।** गंगापुर सिटी क्षेत्र के नसिया कॉलोनी स्थित राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नंबर 3 में आयोजित की जा रही नसिया प्रीमियर लीग सीजन फर्स्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय नंबर 3 के खेल मैदान पर आयोजित किया गया जिसमें फाइनल मैच में प्रवेश करने वाली डीएस साइंस एकेडमी एवं कुहू इंटरनेशनल स्कूल की टीम के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डी एस साइंस एकेडमी की टीम ने 75 रन पर ऑल आउट होकर कुहू इंटरनेशनल स्कूल की टीम को फाइनल मैच की जीत के लिए 76 रन का लक्ष्य दिया । लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवरों से पूर्व ही कुहू इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने 7 विकेट से आसान जीत दर्ज कर ली। प्रतियोगिता आयोजन समिति के सदस्य हरकेश मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता से जुड़ी टीमों का ऑक्शन 17 अक्टूबर को जूनियर रेल्वे इंस्टिट्यूट में किया गया जिसमें कुहू इंटरनेशनल स्कूल डीएस साइंस एकेडमी, भगवती स्कूल, जीपीएस एकेडमी, अखाड़ा जिम की टीमों के लिए खिलाड़ियों को लिया गया। लीग मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी ईमानदारी और निष्ठा से खेल को खेलते हुए 3 नवंबर को आयोजित लीजेंड फाइनल एवं मुख्य फाइनल खेला गया जिसमें फाइनल में मुख्य रूप से कुहू इंटरनेशनल स्कूल विजेता रही। टीम के ओनर विद्यालय के निदेशक डॉ हेमंत शर्मा, पूर्व पार्षद भरत लाल मीणा प्रकाश चंद महावर, महेंद्र वैष्णव, जय कुमार, दीपक मीणा की उपस्थिति में शील्ड और



प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर हेमंत शर्मा सहित कुहू इंटरनेशनल विद्यालय परिवार द्वारा विजेता कुहू इंटरनेशनल स्कूल टीम के खिलाड़ियों को साफा पहनकर विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में स्वागत करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी को ट्रैक सूट उपहार में देने की घोषणा करते हुए आगामी भविष्य में सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए डीएस साइंस एकेडमी, जीपीएस एकेडमी, भगवती स्कूल, अखाड़ा जिम सहित सभी टीमों के खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेल को खेलने और इस भव्य सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नसिया कॉलोनी प्रीमियर लीग से जुड़े धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त आयोजन में ओमप्रकाश मीणा गुड्डू, चंदू मीणा भरत मीणा, शफी मोहम्मद शारीरिक शिक्षक हरकेश मीणा, महेंद्र मीणा, कुलदीप जादौन, हेमंत बैसला लक्ष्मीकांत शर्मा सहित अनेक खिलाड़ियों एवं क्रिकेट प्रेमियों का विशेष योगदान रहा।

# बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### बजट घोषणा के लिए भूमि आवंटन के प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में सोमवार को वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि सवाई माधोपुर शहर की सड़कों के जो कार्य सार्वजनिक निर्माण द्वारा विभाग किए जाने हैं उसे तत्काल प्रारम्भ करें ताकि आम वाहन चालकों का सफर सुरक्षित एवं आरामदायक हो। इसके साथ-साथ उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 के अन्तर्गत किए जाने वाले सड़क निर्माण कार्यो में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश प्रदान किए है। वहीं उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 में जिन विभागों के लिए राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणाएं की गई है उन विभागों के अधिकारियों को सीएमआईएस पोर्टल पर बजट घोषणा की क्रियान्विति से अपडेटेड सूचनाएं नियमित रूप से अपलोड करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति के संबंध में विभागों द्वारा की गई प्रगति की तथ्यात्मक रिपोर्ट से 5 नवंबर तक जिला कलक्टर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने विभागीय एवं संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को बजट घोषणा के लिए भूमि आवंटन के प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण कर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने बजट घोषणा अनुसार एक जिला एक



उत्पाद, एक जिला एक खेल सहित अमरूदों की प्रसंस्करण इकाई के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने सौर आदर्श ग्राम के संबंध में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता हरीश चन्द मंगल से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, राजस्व प्रकरणों के संबंध में की गई प्रगति के संबंध में भी संबंधित राजस्व अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश गुप्ता, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, पीएम डॉ. अमित गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कल्याण जी महाराज के लगा छप्पन भोग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. ) ।** मालपुरा उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के छप्पन भोग की प्रसादी का भोग लगा। सोमवार को कल्याण भक्त के सहयोग से मन्दिर में छप्पन भोग की आकर्षक झांकी सजाई गई। पुजारी दीपक शर्मा एवं ट्रस्टी गिरिराज शर्मा ने बताया कि छप्पन भोग की झांकी में छप्पन प्रकार के व्यजंनो से झांकी सजाई गई। साथ ही पुजारी परिवार के सदस्यो ने श्री कल्याण जी महाराज की आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकी अलग से सजाई गई।




# राशनकार्ड धारकों को आधार व एलपीजी आईडी की सीडिंग अनिवार्य

### 450 रुपए में गैस सिलेण्डर, 5 नवंबर से 30 नवंबर तक उचित मूल्य दुकानदार से केवाईसी करवा सकेंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( नि.स. )।** जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा 2024-25 से रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभान्वितों को 450 रूपये में एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये एनएफएसए लाभार्थियों को 5 नवंबर से 30 नवंबर, 2024 तक अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार से पोस मशीन के माध्यम से समस्त सदस्यों के आधार नम्बर की सीडिंग, ई-केवाईसी तथा परिवार के सदस्यों के नाम, समस्त एलपीजी आईडी की सीडिंग करवानी होगी तथा प्रत्येक लाभान्वित अपने साथ आधार कार्ड, जन आधारकार्ड, गैस डायरी (एलपीजी आईडी) व राशनकार्ड साथ लेकर जायें, ताकि उन्हें रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी राशि का लाभ प्राप्त हो सके। राशन डीलर द्वारा एनएफएसए परिवार के सीडिंग के बाद ही गेंहू का वितरण लाभार्थियों को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में कुल 134787 परिवार खाद्य सुरक्षा योजना मे चयनित है जिसके अंदर 536616 युनिटस चयनित है। ब्लॉक खण्डार मे 30404, चौथ का बरवाडा में 23922, बौंली में 21213, मलारना डूंगर मे 15000, सवाई माधोपुर मे 23966 एवं नगरपालिका खिरनी में 2344, बौंली में 2581 व सवाई माधोपुर मे 15357 चयनित परिवार है।

## हमारे यहाँ तो......



हमारे यहाँ तो ऐसा होता है,हमारी तरफ तो वैसा चलता है। शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है मित्रों, हम तो हमारे संबंधियों,मित्रों व जानकारों की शादियों में जाकर पेट पूजा से लेकर, सोफ्टी व सेल्फी आदि लेकर सामाजिक व्यवस्थाओं के आधार पर गिफ्ट देकर चले आते हैं, लेकिन कुछ वधु और वर पक्ष बड़े की कलाकार होते हैं।

हमारे सनातन संस्कृति में विवाह के अगले एक साल पड़ने वाले त्यौहारों पर फल, सब्जियां व मिष्ठान आदि भेजने का रिवाज है। रिवाज व परम्परा तो सही है ऐसे में दोनों परिवार में परस्पर मेल मिलाप भी बढ़ता है। पर कुछ विशेष स्थानों पर तो दोनों ही पक्ष के लोग बड़े कलाकार हैं। जैसे ही त्यौहार आते हैं माँगने की लिस्ट बढ़ जाती है। हमारे तो ये आता है,हमारे तो वो आता है मसलन यदि तीज का त्यौहार मनाया जाता है तो माँगने वाले मंगते ये कह ड़ालते हैं कि हमारे यहां तो 11 किलों घेवर, देवताओं के कपड़े, सब घरवालों के कपड़े ,चार मलाई वाले घेवर, सुहाग का पूरा सामान,शिव परिवार का पूरा सिंगार व वस्त्र आदि और एक फल का बड़ा वाला टोकरा बांटने के लिए। इधर यदि जब देने की बारी आए तो कह देते हैं हमारे यहां से तो एक नारियल व एक तौलियां व 21 रूपये ही चढ़ाए जाते हैं ज्यादा नहीं दे सकते हैं नहीं तो देवता नाराज हो जाएगें। दोस्तों हम लोग तो शादियों में दनादन स्टॉलों पर छक के, हाथ पूंछ पॉछ के, मुँह में पान दबाके निकल आते हैं लेकिन हमारे यहां तो.... का दंश ऐसे परिवारों को एक साल तक भुगतना ही पड़ता है। ये भी समाजिक व्यवस्थाओं का काला अध्याय है। सदियों से दहेज की कुप्रथा पर अंकुश लगाए जाने की बात की जाती हैं लेकिन ढ़ाक के तीन पात साबित हो रहा है ये अभियान। आज शादी के समय दहेज ही नहीं बल्कि विवाह के एक साल तक हमारे यहां तो... की गूँज बनी ही रहती है।

**रूपक शर्मा**

# 77 वें वार्षिक संत समागम की तैयारियो का सौंदर्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** । सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77 व वार्षिक संत समागम 16 17 एवं 18 नवंबर 2024को आयोजित होने जा रहा है आध्यात्मिकता का आधार लिए इस समागम पर प्रेम शांति और एक तत्व का संदेश दिया जाता है जो की संदेश समस्त मानव के कल्याण के लिए होता है निरंकारी संत समागम मानवता का एक ऐसा दिव्य संगम होता है धर्म, जाति, भाषा,प्रांत और अमीरी .गरीबी आदि के बंधनों से ऊपर उठकर सभी

### फिर सजेगा मानवता का समागम

मर्यादित रूप से प्रेम और सौहार्द के साथ सेवा सुमिरन और सत्संग करते हैं। इसी क्रम में अलवर जिला संयोजक सोमनाथ निरंकारी जी ने बताया कि यहां से भी सेवादार भाई बहन सेवा के लिए गए हैं और जाएंगे 'नर सेवा नारायण पूजा 'के सुंदर भाव को प्राथमिकता देते हुए सेवा करते हैं निरंकारी संत समागम के विशालरूप को प्रभावशाली औरसुचारू रूप से आयोजित करने के लिए निरंकारी मिशन के भक्त एवं सेवादार हर कोने से पहले ही आकर अपनी सेवाएं समर्पित



करते हुए तैयारी में जुट जाते हैं। इस वर्ष सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने समागम का का विषय दिया है विस्तार .असीम की ओर संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं समागम के संमन्वयक श्री जोगेंद्र सुखीजा जी मैंने बतलाया कि सभी संतो के रहने भोजन, सुरक्षा व्यवस्था, आगमन-प्रस्थान अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की तैयारी की जा रही है ।

# बैंक से राशि निकालकर लाया बुजुर्ग ,अनजान व्यक्ति ने राशि कम बताकर बुजुर्ग को भेजा बैंक, स्वयं हुआ फरार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** कस्बे के बल्लभगढ़ सड़क मार्ग स्थित एसबीआई बैंक से राशि निकाल कर घर ले जारहे एक बुजुर्ग के अनजान व्यक्ति ने 20 हजार का फड़का लगाया है। जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु कस्बा निवासी ग्यारसिया पुत्र रेवडया जाति प्रजापत निवासी पहाड़िया मोहल्ला भुसावर ने भुसावर थाना पुलिस को दी है। दी गई प्राथमिकी के अनुसार ग्यारसिया प्रजापत ने बताया कि वह 4 नवंबर 2024 को दोपहर लगभग 11ः30 बजे एसबीआई बैंक शाखा भुसावर से 20 हजार रूपये बैंक से निकाल कर अपने घर वापस आ रहा था, रास्ते में अचानक रास्ते में रानू पंडित की ईट की दुकान के पास कोई अनभिज्ञ आदमी मिला जिसने बातों में लगाकर रुपए गिरने की बात कहीं । कहा कि यह रुपए कम है।बैंक वापस जाओ प्रार्थी बैंक जाकर वापस आया, उसे वह व्यक्ति वहां नहीं मिला ,



इधर-उधर ढूंढने पर व्यक्ति जा चुका था दुकानदार ने व्यक्ति का चेहरा देख कर पहचान करने की बात कही है।

# गौ तस्करों और क्यूआरटी पुलिस के बीच मुठभेड

## क्यूआरटी की जवाबी फायरिंग से अंधेरे का लाभ उठाकर गौवंश से भरा हुआ ट्रक छोड़ भागे तस्कर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** सदर थाना इलाके में खोहरा-बछेना गांव के जंगलों में बीती रात गौ तस्करों और क्यूआरटी पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से 7 राउंड फायरिंग हुई। जवाबी फायरिंग से घबराकर तस्कर गौवंश से भरा ट्रक छोड़कर जंगलों में फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। ट्रक में 25 गाय बछड़े भरे हुए थे। फिलहाल मुक्त कराए गए गोवंश



को भरतपुर गौशाला भिजवाया जा रहा है। बयाना एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि रविवार रात करीब 12ः30 बजे क्यूआरटी को गौरक्षा दल ने झील पुलिस चौकी अंतर्गत खोहरा बछैना गांव की जंगलों में तस्करों द्वारा गोवंश को ट्रक में भरकर ले जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर गौरक्षा दल के साथ क्यूआरटी, सदर थाना और झील पुलिस चौकी मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर गौ तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी पांच राउंड फायरिंग की। जवाब में क्यूआरटी ने भी गो तस्करों पर दो राउंड फायरिंग किए। जवाबी फायरिंग से घबराकर गो तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगलों में फरार हो गए। बताया जा रहा है कि तस्कर आसपास के इलाके से गोवंश को ट्रक में भरकर स्लाटर हाउस ले जाने की तैयारी में थे। क्यूआरटी के इंचार्ज हेड कांस्टेबल सुरज्ञानी मीणा ने बताया कि ट्रक में करीब 25- 30 गौवंश से भरे हुए है। जंगल में गो- तस्करों के साथियों ने करीब 100-150 गोवंश को एक जगह पर इकट्ठा कर रखा था। उसे भी मुक्त कराया गया है। तस्कर गौवंश को मेवात इलाके के बूचड़खाने (स्लाटर हाउस) में ले जाने की तैयारी में थे।

# उपखण्ड अधिकारी ने संभाला कार्यभार, उपखण्ड कार्यालय के कार्मिकों ने किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( नि.स. )।** बानसूर में उपखण्ड अधिकारी के पद पर उपखण्ड अधिकारी अनुराग रहित ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। उल्लेखनीय है कि बानसूर के पूर्व उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह का अन्य जगह तबादला हों जाने के बाद 28 दिन से यह पद खाली चल रहा था। उपखण्ड अधिकारी के रिक्त पद पर तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी का कार्य देख रहे थे। सोमवार को तहसीलदार गजेन्द्रसिंह राठौड़ ने उपखण्ड अधिकारी अनुराग रहित को कार्यभार सौंप दिया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी अनुराग रहित के कार्यभार सँभालने के बाद कार्यालय स्टॉफ द्वारा उनका गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश हुआ घायल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/वैर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । नगर पालिका द्वारा व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण बेसहारा गोवंश इधर-उधर भूख से व्याकुल होकर घूमता रहता है तथा सड़कों पर अपना आसरा बना लेता है । सड़कों पर घूमते हुये इन बेसहारा गोवंश के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं तथा कई वाहन तो बेसहारा गोवंश को टक्कर मार कर घायल करते हुए फरार हो जाते हैं जिसके कारण बेसहारा गोवंश सड़क पर पड़ा तड़पता रहता है ।ऐसी ही घटना स्टेट मेगा हाईवे 45 पर पुलिस थाना वैर के समीप घटी जहां एक गोवंश को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर घायल करते हुए चला गया । स्थानीय गौ सेवक टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल गोवंश का उपचार किया । टीम में अध्यक्ष चरणसिंह प्रजापत, उपाध्यक्ष राकेश सैन, सोनू, रवि बनाफल, सचिन हिन्दू, पवन सैनी, तेजसिंह गुर्जर, वीरेंद्र सैनी, नरेन्द्र प्रजापत, रवि तेजा, प्रमोद सैनी, मनोज सैन, मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि गो सेवक टीम को जैसे ही बेसहारा गोवंश के घायल होने की जानकारी मिलती है तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल गोवंश की सहायता कर उपचार करते हैं तथा अब तक यह टीम काफी संख्या में घायल गौवंश का उपचार कर चुकी हैं।

# बदमाशों ने बस में महिला के गले से काटी सोने की चेन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )** । भाई दूज के पर्व पर रविवार को बसों में भीड़भाड़ रही। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश एक महिला के गले से डेढ़ तोला सोने की चेन काट ले गए। यक्षघटना को लेकर पीड़ित महिला ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। कस्बे के आदर्श नगर सेक्टर एक निवासी प्रेमलता पत्नी लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार सुबह करीब 10.30 बजे वह बयाना बस स्टैंड से भरतपुर जाने के लिए लोक परिवहन बस में सवार हुई थी। बस में काफी भीड़भाड़ थी, सीट नहीं मिलने के कारण वह थोड़ा आगे जाकर पंचायत समिति तिराहे पर बस से उतर गई। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने उसके गले से सोने की चेन काट ली। बस से उतरने के बाद उसने गले पर हाथ डाला तो चेन गायब मिली। एएसआई जितेंद्र शर्मा ने बताया कि महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जनवि की कक्षा 9 व 11 में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** भुसावर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत छौकरवाडा, के वाणगंगा नदी के मुहाने में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 9 व 11 में रिक्त स्थानों पर लेटरल एन्ट्री टैस्ट-2025 के माध्यम से प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 9 नबम्बर 2024 तक बढाई गई है!

# श्री राम का जीवन जन जन के लिए अनुकरणीय : श्री हरि चैतन्य महाप्रभु

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/कामां ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** विश्व प्रसिद्ध संत श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने निकटवर्ती ग्राम कैथवाड़ा में आमंत्रित रामलीला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम का जीवन चरित्र जन-जन के लिए अनुकरणीय व अनुसरणीय है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने स्वयं के आचरण में उतारकर हमें हर संबंध व जीवन के कदम-कदम पर मर्यादाओं का पालन करना सिखाया । मर्यादा विहीन जीवन कभी भी कल्याणकारी नहीं हो सकता। नदिया अपनी सीमा व मर्यादा में रहकर किनारे बसे लोगों को जल,जीवन, प्राण व धन इत्यादि देती हैं । लेकिन बाढ़ आने पर वही नदी अपनी सीमा व मर्यादा को तोड़ देती है तो वही जीवन देने वाली भी उनका जीवन लेने वाली बन जाती है समुद्र अपनी सीमा व मर्यादा में रहकर विश्व का कल्याण कर रहा है लेकिन कभी अपनी सीमा व मर्यादा को लांघ जाए तो हर ओर विनाश ही विनाश होगा। जैसा कि हमने सुनामी आने पर देखा। उन्होंने सभी पात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया तथा सभी का आवाहन किया कि हम सब कुछ तो बने हैं लेकिन यदि सच्चे अर्थो में एक इंसान बन जाए तो समाज की दिशा व दशा दोनों ही संवर जाएगी हमें परमात्मा ने इस धरा पर मानव का शरीर देकर सच्चे इंसान का अभिनय करने को भेजा है। व हम वही अभिनय कुशलता पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि हम विश्व बंधुत्व व विश्व के कल्याण की भावना रखते हैं परंतु उससे पूर्व



अपनी जन्मभूमि इस भारत मां की समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हैं। हम अपने प्रति दूसरों के द्वारा किए अपराधों को क्षमा कर सकते है परंतु अपनी भारत मां के प्रति, मानवता के प्रति किये अपराधों को कदापि क्षमा नही कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत फिर से जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठापित होगा। विभिन्न आक्रामक हमारे राष्ट्र से सोना, चाँदी,हीरे, जवाहरात, कोहिनूर व खज़ाने लूटकर ले गए लेकिन अध्यात्म ज्ञान अभी भी हमारे मनीषियों के मस्तिष्क में हैं उसका व्यवसाय बनाकर नहीं निस्वार्थ भाव से चंद लोग भी एकजुट होकर प्रचार प्रसार करने में जुट जाएँ तो भारत फिर से जगद्गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि धर्म विज्ञान सम्मत है ढकोसला नहीं लोगों ने अपने तुच्छ स्वार्थों के लिए उसे ढकोसला बनाने का प्रयास किया है धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं भी यदि कह दिया जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग,पाखंड, अंधविश्वास,रूढिवादिताओं को प्रवेश मिलता है तथा विज्ञान से भी धर्म दूर होने पर ही ऐसा धर्मविहीन विज्ञान विकास का नहीं विनाश का कारण बनता है ।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व आज युद्ध की संभावनाओं के यंत्रणा काल से गुज़र रहा है हम सभी समस्त प्रकार की संकीर्णताओं और मतभेदों को त्यागकर आपसी प्रेम एकता सद्भाव व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें । विश्व शांति के अग्रदूत हमारे प्यारे भारत वर्ष में आज अशांति दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है । हम अशांति के घटक ना बने,शांति का साम्राज्य स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे ,यहाँ शांति होगी व यही से एक बार फिर से शांति का संदेश सारी दुनिया में भारत की पवित्र धरा से ही पहुँचेगा।

# राजस्थान बजट 2024-25 के भूमि आवंटन मामलों का जल्द निराकरण करवाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/डीग ( नि.स. )** । जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने सोमवार को पंचायत समिति सभागार डीग में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पूर्व बैठकों में दिए गए दिशा निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के अधिकारी को सांवई खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्ट करने के कार्य के लिए 30 अक्टूबर, 2024 तक टेंडर जारी न होने के कारण शोकॉज़ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग के एक्सईएन को पुनः निर्देशित किया गया है कि वे आज की तिथि में ही टेंडर करवाना सुनिश्चित करें और 20 नवंबर, 2024 तक कार्यालय आदेश जारी करें। बैठक में जेवीवीएनएल के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि 33 केवी जीएसएस रसिया व 33 केवी जीएसएस जयश्री का कार्य पूर्ण करने के लिए 27 अक्टूबर, 2024 को टेंडर करवाए जा चुके है तथा 12 नवम्बर तक कार्यालय आदेश जारी कर दिए जाएंगे। 33 केवी जीएसएस सिरथला के आज ही जमीन आवंटन करने के लिए रेवेन्यू शाखा के सहायक प्रशासनिक अधिकारी को निर्देशित किया गया। 100 करोड़ की लगत से डीग में बाईपास निर्माण के संबंध में कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वे बाईपास की एलाइनमेंट राजस्व विभाग के रिपोर्ट के अनुसार ही पूरा करे। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि सड़क निर्माण ज्यादा से ज्यादा सरकारी भूमि पर ही हो। पसोपा में देवनारायण आवासीय विद्यालय शुरू करने के बारे में जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विद्यालय के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति आ चुकी है। अब केवल पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा टेंडर करना शेष रह गया है। कुम्हेर के गांव बाबूला स्थित दत्तात्रेय जी मंदिर के विकास के लिए ब्ल्यूप्रिंट पर्यटन विभाग को देने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को तीन हफ्ते पूर्व निर्देशित किया गया था परन्तु ब्ल्यूप्रिंट पर्यटन विभाग को न सौंपने के स्थिति में श्री कौशल ने विभाग को 6 नवंबर तक का समय दिया है। डीग और कामां बस स्टैंड के लिए भी जल्द ही भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। पीएचईडी विभाग को अभी से ही अगले गर्मी के सीजन में उपयुक्त मात्रा में आमजन को चंबल सप्लाई सुनिश्चित करने की बात कही गई। वही श्री कौशल ने डीग की प्राचीन सिंचाई व्यवस्था में रुचि दिखाते हुए एक्सईएन जल संसाधन विभाग को कल एक पीपीटी के माध्यम से प्राचीन सिंचाई व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी मांगी है।

### पुलिस व्यापारियों में टकराव

# सौहार्दपूर्ण बातचीत से नाप लेता हुआ निपटारा 5 नवंबर को भरतपुर बंद का आह्वान लिया वापस

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कुम्हेर गेट पर व्यापारियों के साथ पुलिस द्वारा अभ्रदता का आरोप लगाने के साथ एसएचओ कोतवाली द्वारा व्यापारी को डंडों से पीटने एवं एक व्यापारी को दुकान से आरोपियों की तरह खींचकर गिरफ्तार कर ले जाने के विरोध में जिला व्यापार महासंघ के आह्वान पर कुम्हेर गेट बाजार को बंद कर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया।

व्यापार भाषण के प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि बाजार में रास्ते की बात को लेकर उपस्थित पुलिसकर्मी एवं व्यापारियों में कहासुनी हो गई, जिस पर एक व्यापारी को पुलिस जबरन पकडकर कोतवाली ले गई, इस पर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला महामंत्री नरेंद्र गोयल, प्रवक्ता विपुल शर्मा व प्रवीण अग्रवाल, राजकुमार, गोपी सिंह, बंटू भाई सहित लगभग 30 -40 व्यापारी कोतवाली पहुंचे कोतवाली अधिकारी से बात की और व्यापारी को छोड़ने का आग्रह किया, प्रवक्ता शर्मा के अनुसार एसएचओ कोतवाली एवं प्रशिक्षु आईपीएस द्वारा ऑडियो दिखाते हुए व्यापारियों से लिखित में माफी मांगने को कहा जबकि किसी भी प्रकार का दोष व्यापारियों का नहीं था बार-बार आग्रह करने के बाद भी बात



नहीं बनने पर आकर्षित व्यापारियों द्वारा कुम्हेर गेट बाजार बंद कराया साथ ही 5 नवंबर 2024 मंगलवार को भरतपुर बैंड का आह्वान किया गया। कुम्हेर गेट पर शांतिपूर्वक धरना दिया गया, धरना स्थल पर कोतवाली थाना अधिकारी ने सौहार्दपूर्ण बातचीत कर मामले को निपटाते हुए गिरफ्तार व्यापारी को छोड़ दिया।

इस पर जिला व्यापार महासंघ द्वारा 5 नवंबर को भरतपुर बंद के आवाहन को स्थिगत कर दिया ,तब जाकर मामला शांत हुआ।

### विधायक गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

# लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान का दिलाया भरोसा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय् )** । पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर आमजन की समस्याओं को जाना और उनकी समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये। डॉ. सुभाष गर्ग भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव तुहिया, धौरमुई,हथैनी,जाटौली रथभान, बाघई, पीपला, महचौली, नौगाया, सुनारी, घना जाटौली सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों के दुःख-सुख में शामिल हुये। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पानी, अतिक्रमण,सडक जैसी समस्याओं को जानकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने बिजली की अघोषित कटौती पर विराम लगाने के भी निर्देश दिए । डॉ. गर्ग ने रंजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

# मारपीट के मामले में 2 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावर थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में 2 साल से कार थाने का हिस्ट्रीशीटर आरोपी विष और सोनू पुत्र गिरसी मीणा जाति मीणा निवासी बल्लभगढ़ थाना भुसावर को बल्लभगढ़ से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। और थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता के अनुसार विषु उर्फ़ सोनू के विरूद्ध 26 सितंबर 2022 को 323 341 336 452 506 34 आईपीसी में प्राथमिक की दर्ज हुई थी। और तभी से आरोपी फरार चल रहा था आरोपी भुसावर थाने का हिस्ट्री सीटर है।

### ''भाजपा संगठन पर्व 2024'': निकाय चुनाव एवं संगठन में सक्रिय सदस्य को प्राथमिकता का प्रयास

# मानसिंह गुर्जर चुनाव अधिकारी, महेश विजय व सुनिता व्यास सह चुनाव अधिकारी सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनावों हेतु कोटा शहर की जिला कार्यशाला संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व-2024 के अन्तर्गत प्रदेश कार्यशाला उपरांत कोटा शहर की जिला स्तरीय कार्यशाला 4 नवंबर को जी.एम.ए. सभागार में भाजपा कोटा शहर जिला चुनाव अधिकारी ( संगठन पर्व ) मानसिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुईं ।

भाजपा के 1000 से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को मंचस्थ पदाधिकारियों ने पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि भाजपा कोटा शहर जिला चुनाव अधिकारी (संगठन पर्व) मानसिंह गुर्जर ने जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की रचना सर्व सम्मति से की जायेगी। जमीन पर पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करने वाले निष्ठावान ऊर्जावान कार्यकर्ता को संगठन में प्राथमिकता दी जायेगी। चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले सदस्यों को 100 सदस्य बनाने पर भी सक्रिय सदस्य नहीं बनाया जायेगा।



संगठन में दायित्व देते समय एवं निकाय चुनाव में टिकिट देते समय सक्रिय सदस्य को प्राथमिकता पर रखा जायेगा। राकेश जैन ने जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की 15 अक्टूबर से भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व शुरू हो चुका है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर को प्रदेश कार्यशाला जयपुर में सम्पन्न हो चुकी है। इसी कड़ी मे सम्पूर्ण राजस्थान में 5 नवंबर तक प्रत्येक जिले में जिला कार्यशालाओं का तथा 15 नवंबर तक मंण्डल कार्यशालाओं का आयोजन के क्रम में कोटा शहर की जिला कार्यशाला का आयोजन सोमवार को हुआ। प्रदेश चुनाव अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कोटा शहर की तीन सदस्यीय चुनाव टीम का गठन कर दिया गया है। मानसिंह गुर्जर को जिला चुनाव अधिकारी, पूर्व महापौर महेश विजय एवं पूर्व उपमहापौर सुनिता व्यास को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया।राकेश जैन ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान का लक्ष्य 10 करोड निर्धारित था जिसे 45 दिनों मे प्राप्त कर लिया गया है विशेषता यह है कि इसमें 61 प्रतिशत संख्या 35 वर्ष से कम आयुवर्ग की है यह निश्चित विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। आमजन भाजपा के सदस्य बन रहे है क्योंकि उनकी सोच में राष्ट्रीय हित सर्वोपरी है, सुरक्षित, संरक्षित एवं विकसित भारत के निर्माण के लिये आमजन भाजपा को चुन रहे है।

**सक्रिय सदस्यता अभियान को 15 नवंबर तक बढ़ा :** सक्रिय सदस्यता पंजीकरण कार्यक्रम 16 अक्टूबर से 15 नंवबर तक चलेगा। सक्रिय सदस्यता की जिला स्तरीय प्रथम सूची की घोषणा 5 नवंबर तक करनी है, इसी क्रम में द्वितीय सूची की घोषणा 25 नवंबर तक की जानी है। प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता रजिस्टर तैयार करने का प्रथम चरण 1 से 10 नवंबर तक रहेगा जिसमें 31 अक्टूबर तक का डाटा रहेगा एवं द्वितीय चरण 11 से 16 नवंबर तक रहेगा जिसमें 1 से 15 नवंबर तक का डाटा रहेगा। भाजपा राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की सहमती से 5 नवंबर तक प्रदेश पुनर्विचार समिति का गठन होना है। 11 से 30 नवंबर तक बूथ अध्यक्ष का चुनाव एवं बूथ समिति गठन का कार्यक्रम चलेगा। जिला सह चुनाव अधिकारी सुनिता व्यास ने कहा कि जिला चुनाव अधिकारी द्वारा बूथ समिति गठन हेतु मंडल के बाहर से एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को मंडल संगठन पर्व सहयोगी के रूप में नियुक्त किया गया है । मंडल संगठन पर्व सहयोगी प्रत्येक शक्ति केन्द्र के लिये क्षेत्र के बाहर से एक प्रभारी ''शक्ति केन्द्र संगठन पर्व सहयोगी'' के रूप मे नियुक्त करेंगे। शक्ति केन्द्र संगठन पर्व सहयोगी पूरी प्रक्रिया में शक्ति केन्द्र प्रमुख के साथ मिलकर बूथ तक कार्य करेंगे। सुनिता व्यास ने कहा की कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र लोकसभा अध्यक्ष जी का संसदीय क्षेत्र होने से हमारी जिम्मेदारी ज्यादा बढ जाती है। सभी की सहमती से मिलकर, सक्रिय सदस्य कार्यकर्ताओं को संगठन संरचना में जगह दी जायेगी। बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति का गठन किया जायेगा।

### वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न
### किशोर-मुकेश के तरानो से सजी वरिष्ठ नागरिको दिवाली नाईट

## दिवाली मिलन समारोह : किशोर-मुकेश के तरानों और फ्यूजन बैंड की धूम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया स्टेशन रोड़ स्थित सुरपीन होटल में किया गया। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मीटिंग भी आयोजित की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्थान अध्यक्ष टी.पी.एस. सेठी ने सभी सदस्यों को सुख-समृद्धि की कामना के साथ दिवाली की शुभकामनाएं दीं और दीपोत्सव का महत्व बताया। समारोह में नवंबर माह में जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ मनाने वाले सदस्यों को विशेष सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अध्यक्ष टी.पी.एस. सेठीने बताया कि दिवाली मिलन में लोकप्रिय फ्यूजन बैंड को आमंत्रित किया गया था, जिनकी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से आमंत्रित कलाकारों में डॉक्टर विजय सरदाना, डॉक्टर गिरीश वर्मा, अमरप्रीत सभरवाल, रोहित (मुन्ना) श्रीवास्तव, और बबलू सोलंकी शामिल थे, जिन्होंने किशोर कुमार और मुकेश के गीतों से समां बांध दिया। चेतना माथुर के मनमोहक नृत्य ने समारोह में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक यादगार शाम साबित हुआ, जिसमें संगीत, नृत्य और मनोरंजन का बेहतरीन संगम देखने को मिला। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन राममदनानी एवं ब्रिगेडियर एन.एस. कपूर ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ बंपर हाउजी का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी ने आनंद उठाया। फ्यूजन बैंड की ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

महामंत्री बी.एस. वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का समापन शानदार आतिशबाजी के साथ हुआ, जिसने दिवाली की रात्रि को और भी रंगीन बना दिया। समारोह के अंत में एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एन.एस. कपूर, महामंत्री बी.एस. वर्मा ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। धन्यवाद ज्ञापन राम मदनानी जी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डी.के. अरोड़ा ने किया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलक्टर ने दिए निर्देश

## शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए अभियान स्तर पर हो कार्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं अंतर विभागीय समन्वय समीक्षा बैठक सोमवार को कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारू बनाने के संबंध में जिला कलक्टर ने दोनों नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर का राउंड लेकर कचरे का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। दीपावली के बाद बढ़े प्रदूषण के मद्देनजर एंटी स्मॉगिंग नियमित कराई जाए।



उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में सौंदर्यकरण के कार्य को अभियान के रूप में लेते हुए पोस्टर इत्यादि हटाए जाएं और प्रमुख मार्गों के इर्द-गिर्द सौंदर्यकरण किया जाए। डिफेसमेंट करने वालों को नोटिस थमाया जाए। यह भी निर्देश दिए कि कचरा जलाते पाए जाने पर पहले समझाइश की जाए और पुनरावृत्ति करने पर कार्रवाई की जाए। रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था भी नियमित शुरू कराई जाए। व्यापार मंडलों के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार डस्टबिन रखवाने और सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए गंभीरता से कार्य किया जाए।

डॉ. गोस्वामी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डेंगू की स्थिति का विश्लेषण एवं गत् वर्षों से तुलानात्मक अध्ययन करने के निर्देश दिए ताकि बीमारियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सके। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी दिनों विवाह आदि आयोजनों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग जारी रखी जाए। इसके लिए मैरिज गार्डन एवं अन्य विवाह स्थलों पर निरंतर चैकिंग की जाए। कलक्टर ने समर्थन मूल्य पर खरीद की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। आपदा राहत के तहत कराए जा रहे मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य की समीक्षा कर निर्देश दिए कि संबंधित विभाग कार्यों का पूर्व और कार्य पूर्णता पश्चात् निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं।

**नशामुक्ति गतिविधियों को प्रभावी बनाएं :** नार्को कार्डिनेशन संबंधी बैठक में जिला कलक्टर ने नशामुक्ति के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा कर निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं आपूर्ति के स्थानों को चिन्हित कर निरंतर कार्रवाई की जाए। शिक्षण संस्थानों में सप्ताह में एक बार नशे के विरूद्ध वातावरण निर्माण एवं जागरूकता की गतिविधियां की जाएं। नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाए। कोचिंग संस्थानों में भी पुलिस और नोडल अधिकारी आपसी समन्वय कर विद्यार्थियों के साथ नशा मुक्ति पर विशेष सत्र आयोजित कराएं। कच्ची बस्तियों और नशा प्रभावित क्षेत्रों में भी जागरूकता की गतिविधियां की जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

## रामगंज मंडी में आगामी 10 नवम्बर को होगा मेघवाल महासभा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह का महासमाग

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मण्डी ( महेश कुमार )।** इन दीनों रामगंज मंडी में होने वाले कोटा संभाग एवं उदयपुर संभाग के दीपावली स्नेह मिलन समारोह की तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही है सोमवार को मेघवाल महासभा के सभी कार्यकर्ताओं ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया। इसी उपलक्ष्य में मेघवाल महासभा की बैठक के के इंजीनियरिंग वर्क शॉप सुकेत रोड़ कुदायला के ऑफिस में आयोजित हुई बैठक में समाज के आराध्य देव लोक देवता बाबा रामदेव जी व गोकुलदास जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए संघर्ष के बारे में जानकारी दी साथ ही प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल ने मेघवाल समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने व समाज के हित में कार्य करने की बात कही और समाज के युवाओं व समाज की बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर देने की बात कही इसी के साथ संभाग अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल ने भी लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को आमंत्रित करने के लिए निमंत्रण पत्र वितरित किए ,वहीं कोटा जिला अध्यक्ष अशोक मेघवाल ने बताया कि अब तक तो समाज भिन्न-भिन्न संगठनों से जुड़कर कार्य कर रहा था लेकिन अब मेघवाल महासभा से जुड़कर समाज एक मंच पर आकर कार्य करेगा जिस प्रकार से एक लकड़ी को आसानी से तोड़ा जा सकता है मगर लकड़ी के पूरे बंडल को नहीं तोड़ा जा सकता इस प्रकार से जब समाज का हर नागरिक मेघवाल महासभा से जुड़ जाएगा तो समाज को एक मजबूती मिलेगी । बैठक के अंत में प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यकारिणी के नवनियुक्त उदयपुर संभाग सचिव उदय मेघवाल, बूंदी जिला अध्यक्ष राजेंद्र मेघवाल, कोटा जिला उपाध्यक्ष मोहन मेघवाल, चित्तौड़ जिला उपाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, रामगंज मंडी तहसील अध्यक्ष घनश्याम मेघवाल, चेचक तहसील अध्यक्ष दुर्गेश मेघवाल, रामगंज मंडी नगर अध्यक्ष रंगलाल मेघवाल एडवोकेट, रामगंज मंडी उपाध्यक्ष विनोद मेघवाल, चेचत उपाध्यक्ष गिरिराज मेघवाल, तालेड़ा अध्यक्ष हरिओम मेघवाल, रावतभाटा तहसील अध्यक्ष जीतमल मेघवाल, रावतभाटा तहसील उपाध्यक्ष राकेश मेघवाल, मंडा पंचायत अध्यक्ष भोला मेघवाल, देवली कला पंचायत अध्यक्ष किशन मेघवाल, बड़ोदिया कुंडाल पंचायत अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, खेड़ा हुड्डा पंचायत अध्यक्ष रमेश मेघवाल, रामगंज मंडी नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम मेघवाल, का सदस्यों का माला पहनकर स्वागत सम्मान भी किया गया व कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी सभी का आभार व्यक्त किया।



## एमनेस्टी योजना में बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज माफी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** राज्य में 05 अगस्त 2024 से आबकारी विभाग में एमनेस्टी योजना 2024 चल रही है जिसमें वर्ष 2018 से पूर्व की मूल बकाया पर 75 प्रतिशत राशि तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक के बकायादारों को मूल राशि का 50 प्रतिशत तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2022 से मार्च 2024 तक बकायादारों को मूल राशि जमा कराये जाने पर ब्याज माफ किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल ने बताया कि जिले में गतवर्षो के 318 प्रकरणों में कुल 13011.22 लाख रुपये बकाया चल रही थीं। इसमें वृत कोटा उत्तर में 83 प्रकरणों की बकाया राशि 2697.28 लाख रुपये, वृत कोटा दक्षिण के 156 प्रकरणों की बकाया राशि 8327.43 लाख रुपये व वृत रामगंजमंडी के 79 प्रकरणों की बकाया राशि 1986.51 लाख रुपये थी।

जिले में 35 बकाया प्रकरणों में माननीय न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया हुआ है जिसकी बकाया राशि 4111.58 लाख रुपये है। इनमें से आबकारी विभाग ने 33 प्रकरणों की 35.74 लाख रुपये वसूली कर राजकोष में जमा करवा दिये गये है।

जिले में 112 बकायादारों की चल-अचल (जमीन, वाहन, बैंक खाते) सम्पत्तियों को ट्रेस किया जा चुका है जिन में से 77 बकायादारों की सम्पत्तियों के कुर्की वारन्ट जारी किये जा चुके है। इनमें से ग्राम कुराड तहसील कनवास के एक बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन को भी कुर्क किया जा चुका है।

## बूंदी लोकसभा स्पीकर ने शहर वासियों को दी दीपावली की शुभकामना



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनंत दाधीच ) ।** कोटा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दीपावली के उपलक्ष पर सोमवार को बूंदी शहर वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की।

कृष्ण बिड़ला ने शहर की नगर परिषद से रमा शामी की शुरुवात की उन्होंने कोटा रोड, इंदिरा मार्केट, चोमुखा बाजार से रामी-श्यामी प्रारंभ कर इन्द्रा मार्केट, कोटा रोड होते हुए सब्जी मंडी रोड तक सभी गणमान्य व्यापारियों एवं आम जनों को दीपावली की बधाई दी!! रामी-श्यामी के दौरान व्यापारियों एवं आमजनों ने बूंदी के पुर विधायक अशोक डोगरा ने मुंह मीठा करवाकर एवं माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया!! इस अवसर पर उनके साथ उनके ओएसडी राजीव दत्ता ने भी सभी शहर वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल , शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, भाजपा नेता भरत शर्मा, रुपेश शर्मा , राकेश बोयत, रामेश्वर मीणा , रामबाबू शर्मा, राजेश रायपुरिया, पूर्व अध्यक्ष महावीर मोदी, राजेश शरगड़िया , सहित महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव , सचिव रंजना जोशी , मीनू शर्मा, उप जिला प्रमुख आशा मीणा सहित कई महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## अन्नदाता किसान की समृद्धि से ही देश होगा खुशहाल : बिरला
### भामाशाहमंडी में आयोजित मुर्हूत पूजन में हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को भामाशाह कृषि उपज मंडी में कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा दीपावली के बाद आयोजित मुहूर्त पूजन में सम्मिलित हुए। बिरला ने भगवान गणेश जी की विधिवत पूजा व आरती कर नीलामी की शुरुआत की और अन्नदाता किसानों के लिए अच्छी उपज और सुख-समृद्धि की कामना की। देश की बड़ी अनाज मंडी में शामिल भामाशाह मंडी परिसर में हर वर्ष दीपावली के अवकाश के उपरान्त नई फसल के लिए मुहूर्त पूजन व भगवान गणेश की आरती की जाती है। स्पीकर बिरला ने कहा कि अन्नदाता की मेहनत और समर्पण से ही हमारा समाज समृद्ध होता है। हर किसान की खुशहाली में हमारे देश की खुशहाली है। हमारे किसान जितना आत्मनिर्भर और मजबूत होगा, देश भी उतना ही सशक्त होगा। कार्यक्रम के बाद स्पीकर बिरला ने किसानों और व्यापारियों से दीपावली की रामा-श्यामी की तथा दीपोत्सव की बधाई दी। मुहूर्त पूजन के उपरांत एसोसिएशन की ओर से आतिशबाजी की गई व किसानों, व्यापारियों व श्रमिकों को मिठाई भी वितरित की गई।



## पंकज मेहता बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता को भाजपा रामपुरा मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान-2024 के तहत पंकज मेहता को सक्रिय सदस्य बनने के लिए फार्म भर कर सदस्यता ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर पंकज मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. नड्डा के कुशल नेतृत्व में आरंभ हुआ यह सदस्यता अभियान पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करेगा और नए सदस्य जुड़कर देश के नव निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। यह अभियान कार्यकर्ताओं को विकसित भारत निर्माण के संकल्प के साथ जनसेवा के अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता मंडल उपाध्यक्ष राकेश वैष्णव,अनूप शर्मा, एडवोकेट हितेश जैन उपस्थित रहे।

# दीपावली के त्यौहार पर नहीं दी दूध की सप्लाई तो दूधिया के घर पर आकर हमला

## एक ही परिवार के पांच लोग घायल, दो की हालत गंभीर, आदमपुर गांव की घटना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में दीपावली के त्योहार पर दूध की सप्लाई नहीं देने पर दूधिया के घर पर आकर हमले का मामला सामने आया है। उक्त हमले में लाठी-डंडों के प्रहार से एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में से दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा सदर थाने में रिपोर्ट दी है। फिलहाल पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश करने पर गांव से फरार बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में रामेश्वर पुत्र चोबसिंह लोधा का परिवार रहता है। जिसके चार पुत्र अर्जुन सिंह,श्रीपत,लक्खी और साहब सिंह के घर पास पास ही बने हुए हैं। अर्जुन सिंह के साथ श्रीपत दूध का काम करता है। जो ग्रामीण क्षेत्र से दूध



एकत्रित कर गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को सप्लाई देता है। दीपावली पर अर्जुन सिंह का लड़का हेमंत दूध लेकर नहीं आ पाया। क्योंकि दूध की सप्लाई नहीं मिली। इस पर गांव के पप्पू पुत्र रमजी,नीरज पुत्र पप्पू एवं इनके ही घरों के एक दो अन्य लोग दूध नहीं आने पर झगड़े पर उतारू हो गए।जिनको काफी समझाया और गांव वाले आ गए तो मामला शांत हो गया। बाद में रविवार की रात 8 बजे दो दर्जन से अधिक की संख्या में एकत्रित होकर आरोपी एक राय होकर आए और रामेश्वर के बेटों के घर पर हमला कर दिया।

### हमले में यह हुए घायल

लाठी-डंडों से हुए हमले में कप्तान और योगेश पुत्र श्रीपत लोधा,लेखराज पुत्र लक्खी,अभिषेक पुत्र साहब सिंह और हेमंत पुत्र अर्जुन लोधा घायल हुए है। जिनमें कप्तान और लेखराज की हालत गंभीर होने पर धौलपुर रेफर किया गया है। घटना को लेकर पीड़ित रामेश्वर लोधा ने सदर थाने में रिपोर्ट दी है।

### इनका कहना है

सदर एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि आदमपुर गांव में झगड़े और हमले की सूचना मिलते ही पुलिस ने गांव पहुंच घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी अभी गांव में नहीं है।

# उमरेह रोड़ पर क्षतिग्रस्त पुलिया से नीचे गिरी ट्रेक्टर-ट्रॉली

## बिल्डिंग मेटेरियल का सामान भरा था ट्रेक्टर-ट्रॉली में, चालक ने कूदकर बचाई जान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के उमरेह रोड पर क्षतिग्रस्त संतनगर की पुलिया पर सड़क हादसा हुआ है। बिल्डिंग मटेरियल का सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली पुलिया से सीधे नदी में जा गिरी है। हालांकि दुर्घटना में कोई हातात नहीं हुआ है। लेकिन बिल्डिंग मटेरियल का सामान नदी में जा गिरा है। घटना के बाद आसपास के लोगों की सूचना पर ट्रैक्टर-ट्राली मालिक और अन्य लोग मौके पर पहुंचे हैं साथ में विशिंगिर आश्रम के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए हैं। जानकारी



के अनुसार बाड़ी से यह ट्रैक्टर-ट्राली ईंट,सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल का अन्य सामान लेकर लोक देवता बाबा विशिंगिर के आश्रम पर चल रहे निर्माण कार्य की आपूर्ति लेकर जा रही थी। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्राली क्षतिग्रस्त पुलिया पर पहुंची अचानक से चालक का नियंत्रण ट्रैक्टर से बिगड़ गया और ट्रैक्टर ट्रॉली सहित पुलिया को पार करते हुए नदी में उल्टा जा गिरा। हालांकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नदी में गिरने से पूर्व ही कूदकर अलग हो गया। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई है।

**बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई थी पुलिया,बड़े और भारी वाहनों का आवागमन है बंद :** मानसूनी सीजन में भारी बारिश के दौरान बामनी नदी के उफान पर आने पर यह पुलिया क्षतिग्रस्त हुई थी। जिसमें नीचे से पुलिया के दो पोल पानी में बह गए है।ऐसे में प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पुलिया पर भारी वाहनों और बड़े वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया था। नई पुलिया बनाने को लेकर पीडब्ल्यूडी ने प्रस्ताव भी भेजा हुआ है लेकिन बाबा विशिंगिर को जाने के लिए सबसे शार्ट रास्ता होने के चलते इसी पर होकर वाहन चल रहे हैं। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग इस पुलिया के नवीन निर्माण को लेकर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

इससे दो दर्जन से अधिक गांवों का रास्ता जुड़ा है। पुलिया क्षतिग्रस्त हुए दो महीने से अधिक समय हो गया। ऐसे में लोग परेशान है।



# शहर की अग्रसेन कॉलोनी हनुमान मंदिर पर हुआ अन्नकूट का आयोजन

## झूलते बिजली के तार बने परेशानी का सबब

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की अग्रसेन कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर पर सोमवार को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्रसेन कॉलोनी से जुड़े आसपास के मोहल्लों के लोग जहां परिवार सहित अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे वहीं शहर के विभिन्न इलाकों से भी लोगों ने मंदिर पहुंच हनुमान जी के दर्शन किए और अन्नकूट की प्रसादी पाई। इस दौरान कॉलोनी में झूलते बिजली के तार परेशानी का सबब बने। लोग बिजली के झूलते तारों को लेकर चर्चा करते नजर आए।

अग्रसेन कॉलोनी निवासी शिवशंकर बिंदल,अनिल अग्रवाल, बल्ली सेठ आदि ने बताया कि यहां हनुमान मंदिर पर हर वर्ष दीपावली के तीसरे दिन यानी तृतीया को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसको लेकर कॉलोनी के लोग ही सहयोग करते हैं और सहयोग से एकत्रित राशि से अन्नकूट का प्रसाद तैयार किया जाता है। अन्नकूट की प्रसादी में चावल,बाजारा,कढ़ी के साथ सतकुट की सब्जी तैयार की गई। जिसके लिए रविवार की देर रात से तैयारी चल रही थी। लोगों द्वारा सामूहिक सहयोग से अन्नकूट का प्रसाद हलवाइयों के माध्यम से तैयार कराया गया। जिसे हनुमान जी के मंदिर में भोग लगाकर लोगों को वितरित किया गया। कॉलोनी के शिवशंकर बिंदल ने बताया कि हर वर्ष यहां अन्नकूट की प्रसादी पाने के लिए तीन से चार हजार लोग एकत्रित होते हैं। जिन्हें प्रसादी खिलाई जाती है साथ में प्रसादी का वितरण भी किया जाता है।

**गोवर्धन पूजा से शुरू हुए आयोजन चलेंगे बसंत पंचमी तक :** बाड़ी शहर में अन्नकूट महोत्सवों का आयोजन गोवर्धन पूजा से शुरू होता है जो बसंत पंचमी तक चलता है। इस दौरान शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों,संत आश्रमो एवं सिद्ध स्थानो पर लोग आपसी सहयोग से अन्नकूट का आयोजन करते है। जिसके लिए अलग-अलग तिथियां निर्धारित कर रखी है। अभी इस महीने कार्तिक मास में यह आयोजन एक-दो दिन बाद लगातार होते रहेंगे।

### बिजली के झूलते तारों से हुई परेशानी

कॉलोनी में बिजली के झूलते तारों से लोगों को परेशानी हुई। प्रसादी पाने आए लोग बिजली के झूलते तारों से बचकर निकले। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत की है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

# बाड़ी में दो बाइकों की टक्कर, शादी के कार्ड बांटने जा रहे दो भाई घायल, कैलादेवी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालु भी घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी शहर के हाइवे 11 बी पर सरमथुरा रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के पास दो बाइकों में भिड़ंत का मामला सामने आया है। दुर्घटना में शादी के कार्ड बांटने जा रहे धनौरा निवासी दो भाई घायल हुए हैं। वहीं कैलादेवी से दर्शन कर लौट रहे आगरा के दयालबाग निवासी दो श्रद्धालु युवक घायल हुए है। बाइक भिड़न्त की दुर्घटना में घायलों में से दो को जहां आगरा रेफर किया है, वहीं एक घायल को धौलपुर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार उपखंड के धनोरा गांव निवासी रामसिंह पुत्र अमर सिंह मीणा और उसके चाचा का लड़का चरण सिंह पुत्र शिवचरण मीणा अपने परिवार में आयोजित होने वाली किसी शादी के कार्ड बांटने सरमथुरा के कंचनपुरा जा रहे थे। इस दौरान करौली केलादेवी से दर्शन का लौट रहे आगरा के दयालबाग निवासी पारस पुत्र विजय लवानिया और रंजीत पुत्र भूरी सिंह की बाइक से उनकी ट्रांसपोर्ट नगर के पास भिड़न्त हो गई। दुर्घटना में चारों घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से घायल पारस पुत्र विजय लवानिया और रंजीत पुत्र भूरी सिंह निवासी दयाल बाग आगरा को आगरा रेफर किया है। वहीं राम सिंह पुत्र अमर सिंह मीणा को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। चरण सिंह का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है। कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना पर मौके पर पहुच मामले की जानकारी ली है। दोनों क्षतिग्रस्त बाइको को मौके से उठाकर कोतवाली थाने में रखवाया है। दुर्घटना को लेकर पुलिस जांच की जा रही है। संभावित कैलादेवी से लौट रहे श्रद्धालु युवकों को नींद का झपका आना दुर्घटना का कारण बना है। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई।

# राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर काव्यगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर, ( आशीष वर्मा )।** राजस्थान जन सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर काव्यगोष्ठी का आयोजन स्वास्थ्य मन्दिर रणजीत नगर पर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता राकेश राजस्थानी इगलास वालो ने की। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश आजाद, विशिष्ठ अतिथि छीतर बाबा एवं संचालन श्याम सिंह जघीना ने किया। माँ शारदे के चित्र पर राजेन्द्र अनुरागी प्रान्तीय सचिव ने माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित किया। सभी कवियों का फूल माला एवं पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।सरस्वती वंदना राकेश राजस्थानी " करू वंदना तेरी माता हंस वाहिनी श्री दे"। लोकेश सिंघल " चोरी चकारी करी ब्रज में वाने लूटो दधि माखन गोपिन को। राजेन्द्र अनुरागी " चलते जाओ बढ़ते जाओ कभी कदम न रोको अपने सच्चे मन से जो करे अराधन उसी के होते पूरे सपने"।



डॉ. अशोक गुप्ता " में लिखता तो हू पर सुनाता नही तुम कहो तो सुना देता हूँ" । श्याम सिंह जघीना " धरती रहे बिछोना" । राधा किशन सैनी "घर घर दीप जले खुशियों के आज दिवाली आई है।" कुँवर देवेन्द्र सिंह " प्रेम जीवन का मान है"। राकेश राजस्थानी "दीप दिवाली के उजियाला कर दे"। ओम प्रकाश आजाद " रंग बिरंगो भारत मेरो, रंगीलो राजस्थान"। चन्द्रभान फौजदार " हर बात को तुम भूलो मगर माता को मत भूलना"। डॉ. शैलेश तिवारी "एक दीपक है समपिर्त"। डॉ. सुरेश चतुवेर्दी "होली राखी दिवाली दीनो के फीके त्यौहार"। डॉ. लोकेश नीरज "कुछ मुझको कहने दो, कुछ मुझे उनकी सुनने दो"। नेकराम नेक " मानव हो तो दीपक जैसा साहस तुम दिखलाओ"। ओमप्रकाश कुन्तल "गणपति बप्पा मौरया"।

छीतर बाबा "कहाँ गयी विश्व गुरू की पदवी"। अमर सिंह विद्रोही " क्या उनके घर आँगन में भी अब खुशियों के दीप जलेंगें"। गोष्ठी के अन्त में संस्था अध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता ने संस्था की प्रगति पर प्रकाश डाला, महासचिव लोकेश सिंघल ने सभी कवियों का आभार व्यक्त किया।

# 14 साल से फरार 15,000 का ईनामी लूट का आरोपी राजकुमार गिरफ्तार

## धौलपुर पुलिस ने स्पेशल ऑपरेशन में पकड़ में लाया आरोपी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** सेल टैक्स अधिकारी बनकर 14 साल पहले हुई चावल से भरे ट्रक की लूट के मामले में पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद 15 हजार रूपए के इनामी को गिरफ्तार कर लिया है। आगरा जिले में पकड़ने गई धौलपुर पुलिस के साथ बदमाश में हाथापाई भी की। जिसके बाद उसे 500 मीटर पीछा कर दबोच लिया गया।

मामले को लेकर मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि 14 साल पहले आगरा मुंबई राजमार्ग संख्या 44 पर एक बोलेरो गाड़ी में आए बदमाशों में सेल टैक्स अधिकारी बनकर चावल से भरे ट्रक को लूट लिया था। जिस ट्रक में 6 से 7 लाख रुपए के चावल थे। बदमाशों में ट्रक के साथ मौजूद दो ड्राइवर और हैल्प का भी अपहरण किया था। जिनके साथ बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी ने बताया मामले में मुख्य आरोपी की पहचान राजकुमार पुत्र राजवीर निवासी झुमकराय का पूरा थाना फतेहाबाद जिला आगरा के रूप में हुई। जिसे पुलिस पिछले 14 साल से तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी पर राजस्थान पुलिस की ओर से 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी के निर्देशन में चल रहे धरपकड़ अभियान के तहत कॉन्स्टेबल पवन और बलवीर को इनामी बदमाश के उसके गांव में होने की सूचना मिली थी। जिस सूचना पर बड़ी सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार की टीम बदमाश की गिरफ्तारी के लिए पहुंची। पुलिस को देखकर भैंसों के बाडे में मौजूद बदमाश की कांस्टेबल पवन और बलवीर से हाथापाई हो गई। हाथापाई के बाद बदमाश भाग निकला। जिसके बाद हेड कॉन्स्टेबल सत्य प्रकाश और हेड कॉन्स्टेबल अवधेश के साथ पुलिसकर्मियों ने 500 मीटर पीछा कर बदमाश को दबोच लिया। आगरा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किए गए बदमाश को मनियां थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया हैं। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही हैं।

# सरमथुरा मुक्तिधाम सेवा समिति सदस्यों ने 400 दीपक जलाए



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** सरमथुरा मुक्तिधाम सेवा समिति सदस्यों द्वारा मुक्तिधाम पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्व समाज के व्यक्तियों द्वारा पुण्य आत्माओं की शांति के लिए दीपदान किया। समिति अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद मित्तल, सचिव रोशनलाल गर्ग वह अन्य सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम मुक्तिधाम पर साफ सफाई कर इत्र का छिड़काव किया गया तत्पश्चात सभी सदस्यों द्वारा 400 दीपदान किए गए तथा पुण्य आत्माओं की शांति के लिए मंगल कामना की गई। सचिव रोशन लाल गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति मुक्ति धाम पर इस वर्ष भी दीपदान किए गए हैं तथा समाधि सदस्यों द्वारा समय-समय पर मुक्तिधाम की देखरेख के लिए वह आवश्यक कार्यों के लिए समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के मीटिंग व अन्य आयोजन किए जाते हैं इस बार भी हर वर्ष की भांति दीपावली पर पुण्य आत्माओं की शांति के लिए मुक्ति धाम की सफाई कर इत्र लगाकर दीपदान किए गए हैं तथा मंगल कामनाएं की गई ।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने सभी विभागों को लोक मामलों से संबंधित कार्यों में स्फूर्त ढंग से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आयुक्त नगर परिषद को ब्लॉक्ड सीवरेज क्षेत्रों में सुपर सकर मशीन से कार्य कराया जाकर समस्या के निस्तारण हेतु कहा। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

# एथलेटिक्स का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को शाहपुरा रवाना



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर 7 68 वीं एथलेटिक्स 17 एवं 19 वर्ष छात्र, राज्य स्तरीय छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराणा से धौलपुर जिले की टीम रवाना हुई। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुक्खो देवी मीणा के निर्देशन में चल रही खेल कूद प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तरीय एथलेटिक्स टीम को रवाना किया गया।

प्रभारी फिजीकल डिप्टी विजय उदैनिया ने बताया कि 68 वीं 17 व 19 वर्षीय छात्र, छात्रा प्रतियोगिता के लिए आज छात्र वर्ग के टीम राजगढ़, चुरू एवं 17, 19 वर्षीय छात्रा वर्ग शाहपुरा भीलवाड़ा के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में थ्रो इवेंट्स, ट्रैक इवेंट्स, जंप इवेंट्स में करीब 60 खिलाडी भाग लेंगे। वही एडीओ रोहित विष्ट, प्रधानाचार्य सम्पतराम मीणा ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नरेन्द्र शर्मा, रूपसिंह, सन्तोष कुमार, सुंदरपाल चौधरी, चन्द्रभान चौधरी, वर्षा राना, मंजू मीणा, पुष्पेंद्र गोस्वामी, मुनीस, रसना कुमारी, महेशगिरी गोस्वामी, विमल शर्मा, अशोक जोशी, रविमोहन त्रिवेदी, सुनील तिवारी, सौरभ गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# तेलंगाना के रहने वाले, दिल्ली से लापता हुए, विक्षिप्त, लावारिस बीमार स्थिति में धौलपुर में मिले

## चार दिन बाद पारिवारीजनों सेअपना घर आश्रम बाड़ी ने मिलाया

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। तेलंगाना निवासी कदमची अनजानेयुलू जो दिल्ली से लापता हो गए थे। यह दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को बिल्डिंग निर्माण बेलदारी का काम करने के सिलसिले में दिल्ली गए हुए थे । दीपावली के त्योहार पर यह ट्रेन के माध्यम से अपने घर के लिए नरसापुर मेडक तेलंगाना आ रहे थे ट्रेन के सफर के दौरान यह रास्ता भटककर धौलपुर स्टेशन पर उतर गए यह रेलवे स्टेशन के नजदीक जेल रोड धौलपुर में दो-तीन दिन विक्षिप्त मानसिक बीमार लावारिस स्थिति में सड़क पर पड़े हुए थे । राजुद्दीन खान एडवोकेट अध्यक्ष, श्याम मनोहर कुलश्रेष्ठ सचिव सौरभ मोदी,सुनील मंगल की सूचना पर दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को अपना घर सेवा समिति धौलपुर के माध्यम से अपना घर की एंबुलेंस टीम द्वारा सेवा उपचार हेतु अपना घर आश्रम बाड़ी में



एडमिट किए गए थे आज दिनांक 4 नवंबर 2024 को इनके अपना घर आश्रम बाड़ी में होने की सूचना मिलने पर 1200 किलोमीटर दूर आरोकिया ऑफेंस नरसापुर मेडक तेलंगाना से अपना घर आश्रम आए और बाड़ी अपना घर आश्रम पर उनकी पत्नी और बच्चों से बात कराई पिता को सही सलामत देख बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा ।

इस दौरान राजुद्दीन खान एडवोकेट , विष्णु महेरे, सदस्य अपना घर सेवा समिति, आश्रम प्रभारी राजकुमार गर्ग, नितेश प्रजापति, राकेश कुमार अमन बघेल, भगवान दास इत्यादि सेवा साथी मौजूद रहे ।

# रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के लिए एनएफएसए परिवार एलपीजी आईडी की उचित मूल्य दुकान पर 05 नवम्बर से 30 नवम्बर 2024 के दौरान सीडींग कराए

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जैतारण रायपुर ब्लॉक के उचित मूल्य दुकानदारों को सीडींग मैपिंग का प्रशिक्षण दिया गया एवं विभाग के निर्देशानुसार समयावधि में सीडींग मैपिंग का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राजस्थान सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024-25 अनुसार राशन का गेहू प्राप्त करने वाले परिवार अर्थात एनएफएसए लाभान्विती को 450 रूपये में एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया जाना है।

इसके लिए दिनांक 05 नवम्बर 2024 से 30.नवम्बर 2024 के दौरान एनएफएसए राशन कार्ड के लाभान्वित परिवारों को अपनी एलपीजी आईडी (17 अंक) को उचित मूल्य की दुकान पर जाकर पोस मशीन से राशन कार्ड व जनाधार से मैपिंग करवानी हैं। इसके लिए उपभोक्ता राशन सामग्री लेने जाए तो जिस व्यक्ति के नाम गैस कनेक्शन है उनको साथ लेकर जावे तथा उचित मूल्य की दुकान पर नि:शुल्क सीडींग करावें। साथ ही राशनकार्ड में एनएफएसए से लाभान्वित परिवारो के जिन सदस्यों की आधार सीडींग पेडिंग है तथा जिन परिवारों की ईकेवाईसी पेंडिंग है वो भी उचित मूल्य दुकान पर पोस मशीन से आधार सीडींग व ईकेवाईसी दिनांक 05 नवम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक की निर्धारित समयावधि में करवाए। समस्त सीडींग / ईकेवाईसी कार्य उचित मूल्य दुकान पर नि:शुल्क होगा, उपभोक्ता को कोई राशि भुगतान नहीं करना है। एनएफएसए लाभान्वित परिवार उक्त योजना का लाभ प्राप्ति के लिए निर्धारित समयावधि दिनांक 05 नवम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 की अवधि में सीडींग कार्य करवा लेवे। यह कार्य राशन की दुकान पर 05 नवम्बर से शुरू हो जाएगा। आज जैतारण रायपुर ब्लॉक के उचित मूल्य दुकानदारों को सीडींग मैपिंग का प्रशिक्षण दिया गया एवं विभाग के निर्देशानुसार समयावधि में सीडींग मैपिंग का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देवली-उनियारा में किया भाजपा को जिताने का आवाह्न





बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को टोंक जिले के दूनी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर को जीताने के लिए पुर-ज़ोर अपील की। दिया कुमारी ने दूनी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया तथा रोड शो के बाद एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देवली-उनियारा के विकास की कड़ी से कड़ी जोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार राजेन्द्र गुर्जर जी को भारी मतों से विजयी बनाये। उन्होने कहा कि राजेन्द्र गुर्जर चुनाव हारने का बावजूद भी लगातार जनता की सेवा करते रहे है और अब मौक़ा है कि उन्हे फिर से विधायक बनाकर जनता जयपुर भेजे। दिया कुमारी ने कहा कि वे छत्तीस कौम के प्रतिनिधि के रूप में देवली-उनियारा की जनता की सेवा करेगें। उपमुख्यमंत्री ने मातृशक्ति से विशेष अपील करते हुए कहा कि ये हमारी माताओं-बहनों की ज़िम्मेदारी है कि वोटिंग वाले दिन परिवार के सभी लोग अपने मताधिकार का उपयोग करे और पहले मतदान-फिर जलपान की भावना का पालन करे। सभा में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर, कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, हीरालाल नागर, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, निवाई विधायक , केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, मांडल विधायक उदयलाल भडाणा, बारां-अटरु विधायक राधेश्याम बैरवा, चाकसू विधायक राम अवतार बैरवा तथा पूर्व विधायक अजीत मेहता मौजूद थे। देवली-उनियारा प्रवास पर जाते समय रास्ते में निवाई में राजपूत समाज ने और टोंक में जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक अजीत मेहता और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए सभी लोग मिल कर काम रहे है और अब जनता से अपेक्षा है कि उपचुनावों में भाजपा को भारी बहुमत से जीता कर भेजे और इस टीम को फिर से भरपूर आशीर्वाद दे।

# अफीम किसानों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा भारतीय किसान संघ के बैनर तले किया प्रदर्शन



## नई अफीम नीति में विरोधाभास की पीड़ा जाहिर कर पट्टे बहाली की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** नई अफीम नीति में जितने पट्टे नए मिले हैं उससे दो गुना अफीम पट्टे किसानों के रुक गए हैं जिससे किसानों का रोजगार समाप्त हुआ है। नई अफीम नीति में संशोधन अनिवार्य है। यह प्रमुख बात भारतीय किसान संघ अफीम संघर्ष समिति चित्तौड़ प्रांत के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में शामिल किसानों ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन के दौरान निकल कर आई। अफीम किसानों ने एक स्वर में उनकी जायज समस्याओं का त्वरित समाधान करने की मांग की। उन्होने अपनी मांगों से युक्त एक ज्ञापन भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा। राजस्थान प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट भीलवाड़ा ने इस धरना प्रदर्षन में षामिल सैकड़ों किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की ओर से हाल ही में नई अफीम नीति घोषित की गई है इसमें कुछ प्रावधान सरकार की ओर से पांच वर्ष हेतु किसानों को जारी पट्टो के विरोधाभाषी है। उन्होने कहा कि भारतीय किसान संघ की मांग व सुझावों पर पूर्व में वित्त मंत्री के साथ हुई वार्ता में बनी सहमति के बिंदु भी हाल में जारी नई अफीम नीति में शामिल नही हुए है।

अत: नई अफीम नीति 2024-25 में संसोधन सहित विभिन्न समस्याओं का सकारात्मक समाधान नई नीति में संशोधन कर किया जाना चाहिए। किसान संघ के प्रांत महामंत्री अंबालाल शर्मा ने कहा की नई अफीम नीति में हजारों किसानों के पट्टे रुक गए हैं। ऐसे रुके पट्टे संशोधन कर पुन: बहाल किए जाएं। किसान संघ चित्तौड़ प्रांत अफीम आयाम प्रमुख (अफीम संघर्ष समिति अध्यक्ष) बद्री लाल तेली भीलवाड़ा ने कहा की किसानों की सभी वाजिब मांगे सरकार को माननी चाहिए। उन्होने कहा कि नई अफीम नीति में जितने पट्टे नए मिले हैं उससे दो गुना अफीम पट्टे किसानों के रुक गए हैं।

जिससे किसानों का रोजगार समाप्त हुआ है। नीति में संशोधन अनिवार्य है। धरने को किसान संघ के प्रदेश राजस्व प्रमुख शिवराज पुरी बूंदी, संभाग अध्यक्ष रतन सिंह घंटेड़ी, संभाग सह मंत्री मिट्ठू लाल रेबारी, प्रांत गौ सेवा प्रमुख गोपाल लाल खटवड़, चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चुंडावत, जिला मंत्री चित्तौड़ लाभचंद धाकड़ ताराचंद पाटीदार, भूरालाल धाकड़, राजकुमार जाट आदि ने भी संबोधित किया। मंच संचालन प्रांत कोषाध्यक्ष चितौड़गढ़ जिला प्रभारी प्रकाश मेहता ने किया। धरना प्रदर्शन में चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, उदयपुर, भीलवाड़ा, कोटा, बारा, झालावाड़, नीमच, मंदसौर के साथ उत्तर प्रदेश से भी किसान शामिल हुए। धरना प्रदर्षन के बाद किसान एक रैली के रूप में कलेक्ट्री परिसर के अन्दर पहुंचे तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# धारा सिंह मीणा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार किया ग्रहण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आर ए एस अधिकारी धारा सिंह मीणा ने सोमवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला परिषद एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), सवाई माधोपुर का पदभार ग्रहण कर लिया।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात् उन्होंने विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर निजी सहायक सहित जिला परिषद के कार्मिक मौजूद रहे। निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा ने उन्हें पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने पर निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। जिला परिषद सीईओ धारा सिंह मीना ने पदभार ग्रहण करते ही जिला परिषद अधिकारी व कार्मिकों की ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ को आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्य ग्रहण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, माडा, सांसद, विधायक विकास योजना सहित सरकार की अन्य सभी कल्याणकारी योजनाओं, फ्लैगशिप स्कीम का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर अंतिम छोर पर बैठे पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा इससे पहले उपायुक्त नगर निगम जयपुर, उप निदेशक एच.सी.एम. रीपा जयपुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) जयपुर (दक्षिणी), अतिरिक्त जिला कलक्टर सीकर, शासन उप सचिव कार्मिक (क-2/नियम) विभाग राजस्थान जयपुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद दौसा एवं शासन उप सचिव कार्मिक विभाग जयपुर के पद पर अपनी सेवाएं दी है।

# प्रदर्शन को फेल करने करने वालों से सावधान रहने का संदेश, कुछ मिनिटों के लिए विरोधाभास हुआ



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले दिये गये धरने में कुछ मिनिटों के विरोधाभास की स्थिति भी बनी। संघ के पदाधिकारियों को पहले ही अंदेषा था कि कुछ लोग धरना प्रदर्षन को फेल करने के लिए विरोधाभास उत्पन्न कर सकते है। इसलिए पदाधिकारियों ने रविवार को ही एक संदेष प्रसारित कर ऐसे तत्वों से सावधान रहने की अपील जारी की थी। डूंगला निवासी एक अधिवक्ता के नेतृत्व में कुछ किसानों ने इस धरना प्रदर्षन से अलग अपना प्रदर्षन करने का प्रयास किया लेकिन वे इस प्रयास में सफल नही हो सके।

निजी स्वार्थो के चलते चंद किसानों ने इस धरना प्रदर्षन से अलग प्रदर्षन करते हुए मानव श्रृंखला बनाने तथा मार्ग को अवरूद्ध करने का प्रयास किया लेकिन संख्या बल कम होने से सफल नही हो सके। पुलिस प्रषासन ने भी इस अलग प्रदर्षन को अनुमति प्रदान नही की। इस अलग विरोध प्रदर्षन की गहमा गहमी के चलते चंद मिनिटों के लिए मुख्य धरना स्थल पर व्यवधान भी पैदा हुआ। लगभग पांच मिनिट बाद ये लोग भी मुख्य धरना स्थल में षामिल हुए तथा बाद में ज्ञापन रैली में भी शामिल हुए।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को ही एक मैसेज प्रसारित कर दिया था कि कुछ लोग इस धरने को विफल करने का प्रयास कर सकते है, इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहे तथा किसी के बहकावे में नही आये।

# दीपावली की रात सुने मकान को निशान बनाते हुए अज्ञात चोर ने नकदी और 2 गैस सिलेंडर चोरी किए

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र की नेहरू विहार कॉलोनी में दीपावली की रात सुने मकान को निशान बनाते हुए अज्ञात चोर ने नकदी और 2 गैस सिलेंडर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद मिली। जानकारी के अनुसार कोचिंग सेंटर चलाने वाले संजय सेन के नेहरू विहार स्थित मकान में दीपावली की देर रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात नकाबपोश चोर घुस आया और घर से हजारों की नगदी चोरी करने के साथ ही गैस के दो सिलेंडर भी चोरी कर ले गया। चोरी की यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हे। गृहस्वामी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# जिला कलेक्टर ने रायपुर तहसील के बूटीवास पटवारी को किया निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने सोमवार को आदेश जारी कर रायपुर तहसील के अतिरिक्त पटवार मंडल बाबरा के ग्राम बूटीवास पटवारी भूराराम सिंघाड़िया को निलंबित किया। जिला कलेक्टर ने रायपुर उपखंड अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर सीसीए नियम 1958 के नियम 13 के तहत त्वरित प्रभाव से निलंबित किया ।जिला कलेक्टर के आदेशानुसार निलंबन काल में पटवारी भूराराम का मुख्यालय उपखंड कार्यालय मसूदा रहेगा एवं निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी सरकारी अधिकारी व कार्मिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक करें।

# लक्ष्मी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव कल

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** श्री लक्ष्मीमाता मन्दिर समिति के तत्वाधान में दुर्ग सूरजपोल गेट के पास स्थित श्री लक्ष्मीमाता मन्दिर में 6 नवम्बर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत बुधवार सुबह 9 बजें हवन एवं षाम 5 बजें अन्नकुट, श्री बालाजी मेवाड मित्र मण्डल चित्तौड़गढ़ द्वारा भजन संध्या व महाआरती का आयोजन रखा गया है।

समिति के सचिव सुनील कलंत्री ने बताया कि दुर्ग स्थित अति प्राचीन श्री लक्ष्मीमाता मन्दिर पर बुधवार को आयोजित अन्नकूट, भजन संध्या व महाआरती का आयोजन धुमधाम से मनाया जायेगा। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं में महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। कलंत्री ने बताया कि इस आयोजन को लेकर तैयारिया प्रारम्भ कर दी गई है। समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण आगाल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पोरवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र भण्डारी व प्रचार प्रसार मंत्री बालमुकुन्द वैष्णव, संरक्षक बद्रीलाल चांवला व समिति के सदस्य कमल बिलोची, संजय चैचाणी, दिलीप जोशी, गोविन्द चांवला, रूपेश कलंत्री, पूर्णेश जैन, मनीष कालिया,



अशोक जोशी, अमित सोमानी, मोहित सिंह व पुजारी किशनलाल शर्मा, अनिल शर्मा एवं श्री बालाजी मेवाड मित्र मण्डल चित्तौड़गढ़ द्वारा भजन संध्या में संजय बंसल, दिनेशचन्द्र हेडा, विनायक उपाध्याय, विजयसिंह चौधरी, अनिल अग्रवाल, गोविन्द मुराठिया, हनुमान शर्मा, मुकेश कोठारी, मुकेश उपाध्याय, ऋषि उपाध्याय, मनोज अग्रवाल, अनुराग काबरा, सौम्य अग्रवाल एवं मण्डल की ओर से भजनो की प्रस्तुतिया दी जायेगी।

# बीमा कंपनी को देने पड़ेंगे पैंतालीस लाख

बढ़ता राजस्थान

टोंक( का .स .) । ज़िला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग टोंक ने हिमांक अग्रवाल बनाम ऐक्सिस बैंक आदि के मामले में अपना फ़ैसला सुनाया । प्रकरण में परिवादी के वकील विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी हिमांक के पिता राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने जीवन काल में विपक्षी बीमा कंपनी मैक्स लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से पचास लाख का टर्म प्लान ख़रीद किया था जिसकी वैधता दिनांक 26/11/2020 से 2055 तक के लिये थी बीमित अवधि में बीमा धारक राजेंद्र अग्रवाल कोरोना से पीड़ित हो गये और दौराने इलाज सआदत अस्पताल में दिनांक 02 मई 2021 को उनकी मृत्युं हो गई ।परिवादी ने नॉमिनी होने के नाते अपने पिता की मृत्यु हो जाने पर बीमा कंपनी में बीमा राशि पचास लाख रुपये के लियें क्लेम आवेदन प्रस्तुत करने पर बीमा कंपनी मैक्स लाइफ़ इंश्योरेंस ने बजाये बीमित राशि पचास लाख अदा करने के परिवादी के पिता की मृत्यु के बाद उक्त पॉलिसी निरस्त कर केवल प्रीमियम राशि परिवादी के खाते में जमा कर दी । जिस पर परिवादी ने अपने अधिवक्ता के मध्यम से बीमा कंपनी को लीगल नोटिस दिया।

# अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत (अल्पसंख्यक वर्ग) आवेदन 30 नवंबर तक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय पर संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के राजकीय महाविद्यालय (माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय) के शैक्षिक पाठ्यक्रमों (कला, विज्ञान एव वाणिज्य संकाय हेतु) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय (जैन, सिक्ख, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, पारसी) के छात्रों को (केवल बालक) जो घर से दूर रहकर भीलवाड़ा मुख्यालय पर कमरा किरायें पर लेकर (पेइंग गेस्ट के रूप में) अध्ययन करते है उन छात्रों हेतु आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधाओं हेतु पुनर्भरण राशि के रूप में अम्बेडकर डीबीटी वाउचर के अन्तर्गत दो हजार रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह हेतु) दी जायेगी।

# नकली खाद के वितरण पर रोक, वितरण केंद्र पर बिल नहीं देने पर लाइसेंस सस्पेंड करने सहित दिए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर ने क्रय विक्रय सहकारी समिति का किया औचक निरीक्षण कर डीएपी यूरिया खाद के फिजिकल स्टॉक की जांच कर उपलब्धता की जानकारी ली। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने कहा कि काश्तकारों को जरूरत व नियमों के अनुसार डीएपी, यूरिया खाद का वितरण करना सुनिश्चित करें । वितरण केंद्र पर अनावश्यक भीड़ भाड़ ना हो इसके लिए वितरण व्यवस्था दुरुस्त करें ।

जिला कलेक्टर सोमवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे । जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान डीएपी यूरिया खाद के फिजिकल स्टॉक की जांच कर उपलब्धता की जानकारी ली । उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे,मध्यम व बड़े कृषकों को





समानता के अनुरूप खाद वितरित की जाए । उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वितरण में पारदर्शिता के लिए काश्तकारों को जमाबंदी की फोटो कॉपी वितरण के समय लेकर आने के लिए कहे। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी या अन्य किसी भी केंद्र पर नकली खाद के वितरण पर शत प्रतिशत रोक लगाना सुनिश्चित करें इसके लिए विभागीय दल वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जांच करें । उन्होंने कहा कि विभाग ग्राहकों से अपील करें कि वितरण केंद्र पर डीएपी, यूरिया खाद लेते समय इसका बिल अवश्य ले एवं वितरण केंद्र द्वारा बिल देने में आनाकानी करने पर त्वरित रूप से लाइसेंस सस्पेंड की कार्रवाई करें । इस दौरान जिला कलेक्टर ने पोस मशीन से वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में कितनी मात्रा में खाद आई, कितनी वितरित हुई एवं आगामी कितनी मांग है इसकी संपूर्ण रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें । जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मौजूद काश्तकारों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित रूप से निस्तारण के निर्देश दिए । इस दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक आरसी जैन व सहायक निदेशक संतोष तवर, हॉर्टिकल्चर के उपनिदेशक केपी सिंह सहित अन्य विभाग अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

# वजन कम करने के लिए बॉल से करें ये एक्सरसाइज



**वजन कम करने के लिए कौन-सी एक्सरसाइज बेस्ट है? आजकल महिला हो या पुरुष हर कोई अपने बढ़ते वजन से परेशान है। कोई अपने पेट की चर्बी, कोई जांघों की चर्बी, तो कोई कूल्हों और हाथों की चर्बी से परेशान हैं। ऐसे में अपनी शरीर की चर्बी को कम करने के लिए लोग कई उपाय आजमाते हैं, तरह-तरह की एक्सरसाइज और कुछ लोग तो वजन घटाने के लिए जिम का भी सहारा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो सिर्फ एक बॉल की मदद से भी अपना वजन घटा सकते हैं। इसके लिए आपको न ही किसी इक्विपमेंट की जरूरत है और न ही जिम जाने की। बॉल की मदद से आप घर पर ही आसानी से एक्सरसाइज कर सकते हैं और अपना वजन घटा या कम कर सकते हैं।**

## बॉल स्क्वाट्स

बॉल स्क्वाट्स एक्सरसाइज को करना बेहद आसान है। इसके लिए आप सबसे पहले घुटनों को मोड़कर तलवों को नीचे रखें और दीवार के पास बैठ जाएं। इसके बाद बॉल को पीठ से दीवार के सहारे लगाएं और संतुलन बनाएं। इस पोजीशन में थोड़ी देर रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस बॉल एक्सरसाइज को नियमित रूप से करने से कैलोरी बर्न होगी और पैरों की मांसपेशियां मजबूत बनेगी। साथ ही यह हार्ट रेट को भी बढ़ाता है। बॉल स्क्वाट एक्सरसाइज कार्डियोरेस्पिरेटरी में सुधार करता है।

## बॉल सीजर्स

बॉल सीजर्स एक्सरसाइज करके भी आप अपने पेट की चर्बी को घटा सकते हैं। इसे करने से आपकी कोर मसल्स मजबूत होती है, साथ ही हैमस्ट्रिंग भी मजबूत बनती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आप मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने एक पैर को दीवार पर लगाएं और दूसरे पैर को शरीर की तरफ मोड़ लें। इसके बाद किसी की मदद से दीवार पर बॉल लगवा लें। इस पोजिशन में थोड़ी देर रहने के बाद आप सामान्य स्थिति में आ सकते हैं।



## बॉल पुशअप्स

पुशअप्स करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। सामान्य पुशअप्स की तरह ही आप बॉल पुशअप्स भी कर सकते हैं। थोड़ा मुश्किल लग सकता है, लेकिन नियमित अभ्यास से इसे किया जा सकता है। अगर आप अपने कंधों, हाथों और पेट की चर्बी को कम करना चाहते हैं, तो इसके लिए बॉल पुशअप्स एक्सरसाइज कर सकते हैं। यह कंधों, पैरों और पेट की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाता है।



## बॉल ब्रिज

बॉल ब्रिज एक्सरसाइज को भी बॉल स्क्वाट्स की तरह की आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले आप एक मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए दीवार पर लगाएं। इस दौरान किसी की मदद से अपने पैरों के तलवों के नीचे यानी दीवार पर एक बॉल रखवाएं और संतुलन बनाए रखें। इस एक्सरसाइज का अभ्यास रोजाना करने से कोर, स्थिरता और ग्लूट्स मजबूत बनते हैं। साथ ही यह आपकी कमर को भी मजबूती देता है।

### हड्डियों को मजबूत बनाए

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए आप बॉल एक्सरसाइज को अपनी लाइफस्टाइल में शामिल कर सकते हैं। इसे रोज करने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी और एकदम स्वस्थ रहेंगे। साथ ही अगर आपको जोड़ों में दर्द रहता है, तो इससे आपकी यह समस्या भी दूर हो जाएगी। बॉल एक्सरसाइज हड्डियों को मजबूत बनाता है और जोड़ों के दर्द को दूर करने में मदद करता है।

### मांसपेशियों को मजबूत बनाए

मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए भी बॉल एक्सरसाइज की जा सकती है। नियमित रूप से बॉल एक्सरसाइज करने से हाथों, पैरों, पेट, पीठ, कमर और जांघों की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। साथ ही इस एक्सरसाइज के अभ्यास से आपका मसल्स स्ट्रेस कम होगा और अकड़न की समस्या भी नहीं होगी। मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए योगासन भी कारगर होते हैं।

### पोश्चर में करे सुधार

बॉल एक्सरसाइज को पोश्चर सुधार करने के लिए भी किया जा सकता है। अगर आप इस एक्सरसाइज को रोजाना करेंगे, तो इससे पोश्चर में सुधार होगा। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है और पोश्चर ठीक रखता है।

### संतुलन बनाने में मददगार

बॉल एक्सरसाइज शरीर के संतुलन को बनाने में बेहद मददगार होता है। दरअसल, इस एक्सरसाइज में आपको बॉल के साथ बैलेंस बनाना होता है, यह आसान नहीं होता है इसलिए धीरे-धीरे इसका अभ्यास करके संतुलन बनाया जा सकता है।

### वजन कम करने में मददगार

बॉल एक्सरसाइज वजन कम करने के लिए जाना जाता है। इस एक्सरसाइज को करके पेट, पीठ, हाथ और जांघों के फैट को आसानी से बर्न किया जा सकता है। बॉल एक्सरसाइज कैलोरी बर्न करता है और वजन कम करने में मददगार होता है।





# ज्यादा अल्कोहल पीने के बाद क्यों होती हैं उल्टियां

अगर आप बहुत अधिक मात्रा में शराब पीते हैं तो उसके कुछ साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। जिनमें से एक है आपका उल्टियां करना। उल्टियां आप तब करते हैं जब शराब के अधिक विषाक्त पदार्थ आपके शरीर में चले जाते है। अगर आप उल्टियों द्वारा इन विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर नहीं निकलते हैं तो यह आपके आंतरिक शरीर के लिए बहुत हानिकारक भी हो सकते हैं। जब आप शराब का सेवन करते हैं, तो लीवर में एंजाइम प्रति घंटे की दर से पदार्थ को तोड़ने का काम करते हैं। जिसके कारण उस समय हानिकारक रसायन निकलते हैं। जिनसे एसीटैल्डिहाइड का लेवल बहुत बढ़ जाता है। इसी वजह से उल्टियां शुरू हो जाती हैं। अल्कोहल से सिर्फ लीवर ही नहीं बल्की पेट की दीवार भी प्रभावित होती हैं और जलन होना शुरू हो जाती है। जिससे पेट में सूजन यानी गैस्ट्रिटिस होती है। इस कारण भी अक्सर उल्टी होती है। इसलिए एक तरह से शरीर से उल्टी के द्वारा विषाक्त पदार्थों का निकलना सही होता है।

**पानी या सॉफ्ट ड्रिंक्स लें :** अगर आपको बहुत ज्यादा उल्टियां हो रही हैं तो उल्टियां करने के आधे घंटे तक रुकें और उसके बाद कुछ साफ ड्रिंक्स जैसे पानी, पेडिएलाइट, पावरेड आदि की थोड़ी थोड़ी मात्रा पिएं। आप दोबारा से हाइड्रेट हो जायेंगे और आपकी उल्टियां भी रुक जाएंगी।

**रेस्ट करें :** याद रखें कि जिस दिन आप शराब पी रहे हैं उस दिन अधिक मात्रा में न पी लें। आप ऐसा कर लेते हैं और आपकी हालत बिगड़ जाती है तो यह जरूर सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त मात्रा में रेस्ट कर रहे हैं। जितना हो सके उतना सो जाइए।

**ज्यादा ड्रिंक न करें :** अगर आप यह सोच रहें हैं कि अधिक शराब पी लेंगे तो आपकी तबियत ठीक हो जाएगी तो आप गलत हैं। ऐसा करने से बचें। अपने शरीर और पेट को थोड़ा आराम दें और उल्टियां करने के तुरंत बाद दोबारा न पी लें। इससे आपकी हालत और खराब हो सकती है।

**दर्द में राहत पाने के लिए इबुप्रोफेन का प्रयोग करें :** अधिकतर डॉक्टर शराब अधिक पीने के बाद इबुप्रोफेन लेने को कहते हैं। क्योंकि इस दौरान आपका लीवर एसिटा मिनाफोन को ब्रेक कर रहा होता है और वह पहले ही शराब के अतिरिक्त टॉक्सिंस को ब्रेक करने में व्यस्त होता है। हालांकि इबुप्रोफेन बहुत से लोगों का पेट भी खराब कर देती है इसलिए आपको इसे केवल थोड़ी मात्रा में ही लेना चाहिए।

**टोस्ट, क्रैकर जैसे खाद्य पदार्थों खाएं :** अपनी एनर्जी को बचाए रखने के लिए आप इस प्रकार का खाना छोटी छोटी बाइट में खाएं। इसे भी उल्टी होनें के आधे घंटे बाद खाएं।

**क्या खुद से उल्टी करनी चाहिए :** आपको कोई ऐसा दोस्त जरूर होगा जिसने आपको यह सलाह अवश्य दी होगी कि आपको शराब पीने के बाद खुद से उल्टी करनी चाहिए ताकि आपके अंदर की सारी गंदगी निकल सके। लेकिन बता दें कि यह बहुत खतरनाक हो सकता है क्योंकि इससे आपकी फूड पाइप में ब्लीडिंग भी हो सकती है।



# महंगी पड़ सकती है मुंह की साफसफाई के प्रति लापरवाही

**खूबसूरत मुसकान के लिए ओरल हाइजीन यानी मुंह की साफसफाई बहुत जरूरी है। ओरल हाइजीन का ध्यान न रखने से दांतों सहित और कई बीमारियां हो सकती हैं।**



### सांस की बीमारी

अगर आप को मसूड़ों की बीमारी है, तो इस बात की पूरी संभावना है कि बैक्टीरिया आप के खून से होते हुए फेफड़ों में पहुंच जाएं, जिस का सीधा असर श्वसनतंत्र पर पड़ता है। ऐसे में ऐक्यूट ब्रोंकाइटिस और क्रोनिक निमोनिया की संभावना बढ़ जाती है।

### दिल की बीमारी और स्ट्रोक

दांतों की बीमारियों से पीड़ित लोगों में दिल की बीमारियों की संभावना अधिक होती है। प्लौक और बैक्टीरिया मसूड़ों से होते हुए शरीर में चले जाते हैं। बैक्टीरिया से धमनियां ब्लौक हो जाती हैं, जिस से गंभीर हार्ट अटैक हो सकता है। अगर दिमाग को खून पहुंचाने वाली धमनियां ब्लौक हो जाएं तो स्ट्रोक की संभावना बढ़ जाती है।

### डिमेंशिया

अगर मुंह की साफसफाई का ध्यान न रखा जाए तो आप दांत खो भी सकते हैं। इस का असर आप की याददाश्त के अलावा दिमाग के कई हिस्सों पर भी पड़ता है।

### अन्य गंभीर समस्याएं

मुंह की साफसफाई रखने से कई अन्य बीमारियां भी हो सकती हैं जैसे बांझपन की समस्या, इरेक्टाइल डिसफंक्शन, समयपूर्व प्रसव आदि।

### ठीक से ब्रश करें

ब्रश करते समय ध्यान रखें कि ब्रश के दांते मसूड़ों से 45 डिग्री पर हों। मसूड़ों और दांतों की सतह ब्रश के संपर्क में रहे। दांतों की बाहरी सतह पर आगेपीछे, ऊपरनीचे रगड़ें। ब्रश को हलके से रगड़ें ताकि मसूड़ों से खून न आने लगे। दांतों और मसूड़ों की भीतरी सतह पर भी 45 डिग्री का कोण बनाते हुए आगेपीछे, ऊपरनीचे रगड़ें। अंत में जीभ और मुंह की छत को साफ करें ताकि मुंह से बैक्टीरिया साफ हो जाएं और दुर्गंध न आए। दिन में कम से कम 2 बार ब्रश जरूर करें। अगर आप 2 बार ब्रश न कर सकते हों तो कुल्ला कर के अच्छी तरह मुंह साफ करें ताकि भोजन के कण मुंह में न रहें, क्योंकि इन से मुंह में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।

### जीभ अच्छी तरह साफ करें

जीभ को रोजाना अच्छी तरह साफ करें। इस के लिए टंग क्लीनर का इस्तेमाल करें। मुंह को अच्छी तरह साफ न करने से हजारों बैक्टीरिया मुंह में पनपने लगते हैं, इन दांतों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है और मुंह से बदबू भी आने लगती है।

### फ्लास

फ्लास का इस्तेमाल करने से मुंह से भोजन के कण अच्छी तरह निकल जाते हैं। ये सिर्फ ब्रश से नहीं निकल पाते। फ्लास दांतों के बीच पहुंचता है जबकि ब्रश या माउथवाश नहीं पहुंच पाता। इसलिए दिन में कम से कम 1 बार फ्लास का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।

### माउथवाश

कुनकुने सेलाइन वाटर से कुल्ला करें। इस से मुंह में मौजूद बैक्टीरिया मर जाते हैं। सांस की बदबू भी खत्म होती है और दांत मजबूत बने रहते हैं। कैल्सियम दांतों और हड्डियों की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। इस के लिए दूध, फोर्टीफाइड औरेंज जूस, योगहर्ट, ब्रोकली, चीज एवं अन्य डेयरी उत्पादों का सेवन करें। कैल्सियम और विटामिन डी मसूड़ों और दांतों को स्वस्थ बनाए रखते हैं। विटामिन बी कौंप्लैक्स भी दांतों और मसूड़ों को खून रिसने से सुरक्षित रखता है। कौपर, जिंक, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम दांतों के स्वास्थ्य में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### कौफी का सेवन सीमित मात्रा में करें

हालांकि इन पेयपदार्थों में फास्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जो मुंह के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, लेकिन बहुत ज्यादा फास्फोरस से भी शरीर में कैल्सियम के स्तर पर बुरा असर पड़ता है। इस से दांतों की समस्याएं हो सकती हैं जैसे दांत सड़ना और मसूड़ों की बीमारियां। इसलिए दूध जैसे पेयपदार्थों का सेवन करें। चीनी युक्त पेयपदार्थों के बजाय पानी का सेवन बेहतर है।

# दूध के साथ करें चिरौंजी का सेवन, बॉडी होगी डिटॉक्स और मिलेंगे कई अन्य फायदे

ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं जो आकार में तो छोटे होते हैं, लेकिन गुणों में सबसे आगे हैं। आपने चिरौंजी का नाम तो सुना ही होगा। आकार में छोटी दिखने वाली चिरौंजी वास्तव में न्यूट्रीएंट्स से भरपूर होती है। इसके सेवन से शरीर में अपच, हड्डियों से संबंधित समस्याएं और शारीरिक कमजोरी आदि भी दूर होती है। लेकिन इसका सेवन अगर दूध के साथ किया जाए तो इसके फायदे दुगने हो सकते हैं। दूध के साथ चिरौंजी का सेवन करने से बॉडी डिटॉक्स होती है। शरीरे से विषाक्त तत्व निकालने के लिए दूध और चिरौंजी का सेवन एक बेहतर और कारगर विकल्प साबित होता है। चिरौंजी को घरेलू नुस्खे के तौर पर कई समस्याओं से बचने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यही नहीं चिरौंजी को इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।

### बॉडी डिटॉक्स करने में मददगार

चिरौंजी के दानों में डिटॉक्सिफाइंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो शरीर से विषाक्त तत्वों का सफाया करने का काम करती हैं। यही नहीं, चिरौंजी को खून साफ करने के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। यह आपके पाचन तंत्र में मौजूद गंदगी का सफाया करती है, जिससे पाचन क्रिया में भी कोई रुकावट या समस्या नहीं होती है। इससे आपकी बॉडी डिटॉक्स होती है। वहीं दूध को भी शरीर में जमी गंदगी साफ करने के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसलिए दूध और चिरौंजी का सेवन यदि एक साथ किया जाए तो यह आपकी शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स को बाहर निकालने के लिए बेहतर तरीके से काम करते हैं।

### पाचन तंत्र रखे बेहतर

चिरौंजी में एंटी-एस्ट्रीजेंट और एंटी-फ्लैचेंट प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जो आपके पाचन तंत्र को दुरुस्त रख पेट में होने वाली ममोड़ को भी कम करती हैं। यही नहीं चिरौंजी में फाइबर की भी मात्रा पाई जाती है, जो आपको मल त्यागने के दौरान होने वाली कठिनाई को भी दूर करता है। साथ ही डायरिया और दस्त जैसी समस्याएं होने से भी बचाता है।

### हड्डियों के विकास में मददगार


दूध के साथ चिरौंजी का सेवन करना हड्डियों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं है। दूध और चिरौंजी दोनों ही कैल्शियम के बहुत अच्छे स्त्रोत हैं। इनका सेवन एक साथ करने से आपकी शरीर में होने वाले बोन लॉस की भी आशंका कम हो जाती है। दूध से आपको विटामिन डी भी मिलता है, जो हड्डियों के लिए फायदेमंद होता है। वहीं चिरौंजी एंटी-इंफ्लमेटरी गुणों से भरपूर होती है, जो आपकी शरीर में सूजन और हड्डियों में होने वाले दर्द को कम करती है। चिरौंजी में प्रोटीन भी पाया जाता है, जो हड्डियों के विकास में अहम भूमिका निभाता है। दूध के साथ चिरौंजी का सेवन करने से ओस्टियोपोरोसिस और अर्थराइटिस जैसी समस्याओं में भी आराम मिलता है।

### इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार

चिरौंजी के साथ दूध का सेवन किया जाए तो यह आपकी इम्यूनिटी में भी इजाफा करते हैं। चिरौंजी एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है, जो बैक्टीरिया, वायरस और इंफेक्शन से लड़ने में काफी मददगार होते हैं। दूध और चिरौंजी के सेवन से आपकी शारीरिक क्षमता बढ़ती है और आप सर्दी, जुकाम जैसी समस्याओं से भी बचे रहते हैं। इसके सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वहीं दूध में भी थियामिन और अमीनो एसिड जैसे न्यूट्रीएंट्स पाए जाते हैं, जो आपकी इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।

### ब्लड प्रेशर नियंत्रित करे

दूध के साथ चिरौंजी का सेवन करने से आप अपना ब्लड प्रेशर भी कम कर सकते हैं। चिरौंजी में प्रोटीन पाया जाता है, जो बीपी कम करने में काफी सहायक होता है। एक शोध के अनुसार प्रोटीन को आहार में शामिल करने से ब्लड प्रेशर कम होता है, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। वहीं दूध में पोटैशियम की मात्रा होती है, जो बीपी कम करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं दूध में पाए जाने वाले बायोएक्टिव पेप्टीड्स (स्पेशल प्रोटीन) ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करते हैं। दूध और चिरौंजी का सेवन साथ में करने से आपका बीपी निश्चित तौर पर कम हो सकता है।



# मनाली में बरस रही है बर्फ, सर्दियों में इस वंडरलैंड का लें मजा

**मौसम चाहे कोई भी हो, घूमने-फिरने वालों की कमी नहीं हैं। जिन्हें घूमने का शौक होता है, वे गर्मियों में ठंडी जगह जाना पसंद करते हैं और ठंडों में ठंडी जगहों पर जाकर बर्फ का अनुभव लेना चाहते हैं। अगर आप आने वाली सर्दी में घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो मनाली जाएं। यह हिमाचल प्रदेश की विंटर स्पोर्ट्स की राजधानी भी है। इन दिनों यहां खूब बर्फ पड़ रही है। मनाली के कुछ ऊपरी रास्ते बर्फ के जमने के कारण पूरी तरह से बंद हो सकते हैं। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आप मनाली से निराश होकर लौटेंगे और यहां जाने का प्लान कैंसिल कर देंगे। यहां पर सोलंग घाटी, रोहतांग पास, गुलाबा कुछ ऐसी जगहें हैं, जहां आप सर्दियों के वंडरलैंड का आनंद ले सकते हैं।**



### हडिम्बा मंदिर

दिसंबर में घूमने के लिए यह बहुत अच्छी जगह है। यह मनाली बस स्टैंड से कुल 4 किमी दूर है। यह मंदिर हरियाली के साथ सफेद बर्फ के पहाड़ों से घिरा हुआ है। विशाल चट्टानों पर बना यह मंदिर घटोत्कच की मां और भीम की पत्नी देवी हडिम्बा को समर्पित है। कहा जाता है कि यह मंदिर उस जगह पर बना है, जहां देवी ने कई सालों तक ध्यान किया था। 16वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर लकड़ियों से 4 मंजिला तक बना हुआ है। यह मंदिर हमेशा से हिंदुओं के लिए पवित्र धार्मिक स्थल रहा है।

### रोहतांग पास

इस जगह के बारे में आपने जितना सुना होगा, यह उससे भी ज्यादा खूबसूरत है। मनाली बस स्टैंड से 53 किमी की दूरी पर स्थित रोहतांग पास की यात्रा के बिना आपकी मनाली की यात्रा अधूरी है। यह दिसंबर में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले पर्यटक स्थलों में से एक है। आश्चर्य की बात है कि 3,798 मीटर ऊंचाई पर बने पास से आप केवल सड़क द्वारा ही पहुंच सकते हैं। एडवेंचर, आइस स्केटिंग, पैराग्लाइडिंग, रैपलिंग, माउंटेनियरिंग, ट्रेकिंग, स्कीइंग के शौकीनों के लिए यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

### वशिष्ठ कुंड

बस स्टैंड से बस 5 किमी दूर वशिष्ठ कुंड है। यह संत वशिष्ठ को समर्पित एक देहाती गांव है, जहां झीलों से सल्फर युक्त गर्म पानी निकलता है। यकीन मानिए दिसंबर में मनाली घूमने आने वालों के बीच यह छोटा सा गांव आकर्षण का केंद्र है। माना जाता है कि झरने के पानी में कुछ शक्तियां हैं, जिसका इस्तेमाल बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।

### भृगु झील

अगर मनाली आकर बर्फ का नए सिरे से अनुभव करना चाहते हैं, तो एक बार भृगु झील जरूर जाना चाहिए। बस स्टैंड से 20 किमी की दूरी पर बसी यह झील अपने आप में चमत्कारी है। ट्रेकर्स के लिए यह जगह बहुत अच्छी है। ट्रेक गुलाबा के स्वाप्निल गांव से शुरू होता है, जहां 4 दिनों की अवधि में 14009 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचना होता है।

### नेहरू कुंड

अगर आप मनाली के आसपास घूमने की कोई अन्य जगह तलाश रहे हैं, तो नेहरू कुंड जा सकते हैं। इस जगह का नाम डॉ. जवाहरलाल नेहरू के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब भी जवाहर लाल नेहरू मनाली आते थे, तो इसी कुंड का साफ पानी पिया करते थे। इस जगह पर जाकर आपको शांति का अनुभव होगा।



### मनाली कैसे पहुंचें

**हवाई जहाज से :** मनाली का नजदीकी एयरपोर्ट कुल्लू मनाली है। जो कुल्लू से 11 किमी और मनाली से 50 किमी दूर है। यहां से मनाली या इसके आसपास जाने के लिए बस या टैक्सी की सुविधा आसानी से मिल जाएगी।

**ट्रेन :** मनाली का नजदीकी रेलवे स्टेशन पठानकोट, चंडीगढ़ और कालका है। यहां से मनाली जाने के लिए बस और टैक्सी की सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं।

**बस से :** बड़े शहरों से मनाली जाने के लिए सीधी बसें चलती हैं। मनाली जाने के लिए आप दिल्ली से टैंपो या ट्रेवलर भी बुक कर सकते हैं।

# पर्यटकों के लिए खास है चूरू के ये दर्शनीय स्थल

**चूरू जिला राजस्थान का एक प्रमुख शहर है जो अपने कई पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। आपको बता दें कि यह शहर राज्य में थार रेगिस्तान के किनारे पर सुनहरी रेत के टीलों के बीच स्थित एक छोटा सा शहर है। यह शहर कई हवेलियों, भित्ति चित्रों और अद्वितीय वास्तुकला से युक्त है। चूरू उत्तरी राजस्थान में ऐतिहासिक शेखावाटी क्षेत्र में का एक हिस्सा है। चूरू को गेटवे टू थार डेजर्ट के रूप में भी जाना जाता है। अगर आप एक वास्तुकला प्रेमी हैं तो आपको चूरू यात्रा अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह अपनी वास्तुकला के कारण पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय आकर्षण है। अगर आप चूरू जिले की यात्रा करना चाहते हैं तो बता दें कि आप अपनी यात्रा के दौरान यहां पर कन्हैया लाल बागला और सुराना की हवेलियों तथा एक 400 साल पुराने किले की सैर कर सकते हैं।**



### चूरू का इतिहास

चूरू के इतिहास की बात करें तो बता दें कि इस ऐतिहासिक शहर का इतिहास 1620 ईस्वी पूर्व का है। जब ऐसा माना जाता है कि इसकी स्थापना राजपूतों द्वारा की गई थी। चूरू शहर का नाम राजपूत शासक चोरू जाट के नाम से पड़ा है जो राजस्थान में जंगलदेश क्षेत्र से था। राजपूत चूरू में सत्ता में प्राथमिक राजवंश थे, और 1871 के युद्ध के बाद यह बीकानेर का हिस्सा बन गया। 1947 में भारत के स्वतंत्र होने के बाद बीकानेर राज्य को पुनर्गठित किया गया और इस प्रकार चुरू जिला अस्तित्व में आया।

### चुरू का मशहूर आकर्षण स्थल सेठानी का जोहरा

सेठानी का जोहरा चूरू से सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्थलों में से एक है। आपको बता दें कि सेठानी का जोहरा रतनगढ़ से 3 किमी दूर एक जल भंडार है जिसे भगवान दास बागला की विधवा ने बनवाया था। इस क्षेत्र में 1956 के दौरान एक भयानक अकाल का सामना करना पड़ा, जिसके बाद इस जलाशय को बनवाया गया था। आपको बता दें एक शोध परियोजना के रूप में निर्मित है जिसकापानी पक्षियों और जानवरों को बहुत आकर्षित करता है। यहाँ पर आप नीलगाय को देख सकते हैं। अगर आप चुरू जिले की यात्रा करने जा रहें हैं तो आपको इस पर्यटन स्थल की सैर करने के लिए अवश्य जाना चाहिए।

### चुरू के प्रमुख पर्यटन स्थल रत्नागढ़

रत्नागढ़ चुरू के पास स्थित एक अदभुद किला है जो भारी संख्या में पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। यह एक ऐतिहासिक किला है जिसका निर्माण राजा रत्नसिंह द्वारा 1820 ई. में करवाया गया था। बता दें कि इस किले के आसपास कई हवेलियाँ भी बनी हुई है। यहां की खूबसूरत हवेलियों में कन्हैया लाल बंगला की हवेली और सुराना हवेली के शामिल हैं।

### चुरू के तीर्थ स्थल सालासर बालाजी

सालासर बालाजी या सालासर धाम एक मंदिर है जो राजस्थान के चुरू जिले के सुजानगढ़ के पास सालासर के छोटे से शहर में स्थित है। बता दें कि यह मंदिर बालाजी को समर्पित है जो कि हनुमान का एक नाम है। यह मंदिर साल भर भारी संख्या में भक्तों को आकर्षित करता है। सालासर धाम यहां खाटू श्यामजी मंदिर, रानी सती दादीजी (झुंझुनू) मंदिर के पास स्थित है। सालासर बालाजी मंदिर का निर्माण वर्ष 1754 में किया गया था, जिसे आज बेहद पवित्र स्थल माना जाता है। इस मंदिर के बारे में ऐसा माना जाता है कि यहां पर भक्तों कि हर मनोकामना पूरी होती है। यहां मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति स्वयंभू मानी जाती है। अगर आप चुरू में किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करना चाहते हैं तो आपको इस मंदिर के दर्शन करने के लिए जरुर जाना चाहिए।

### चूरू के दर्शनीय स्थल सुराना हवेली

सुराना हवेली एक बेहद आकर्षक संरचना है जो चुरू जिले में स्थित है। इस हवेली का निर्माण 1870 के दौरान किया गया था। बता दें कि इस हवेली में 1111 खिड़कियां और दरवाजे बने हुए हैं। सुराना हवेली एक 6 मंजिला इमारत है जो बहुत ही विशाल है। अगर आप वास्तुशिल्प प्रेमी हैं तो आपको इस हवेली की यात्रा अवश्य करना चाहिए।

### चुरू में देखने लायक जगह ताल छापर अभयारण्य

ताल छापर अभयारण्य चुरू जिले में स्थित एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इस अभ्यारण्य में पर्यटक कई तरह के जानवर जैसे चिंकारा, जंगली बिल्ली और लोमड़ी को देख सकते हैं। इसके अलावा यहां पर पक्षियों कि भी कई प्रजातियां पाई जाती है। ताल छापर अभयारण्य में एक अनोखा पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसमें ज्यादातर घास भूमि को कवर करती है, यहां पर कई तरह के प्रवासी पक्षी भी देखे जा सकते हैं। 719 हेक्टेयर में फैले तलछापर को 1962 में एक आरक्षित भूमि घोषित किया गया था। यह स्थान पक्षी प्रेमियों के बीच लोकप्रिय है। यहां पर कई दुर्लभ और लुप्तप्राय काली हिरन, जंगल बिल्ली, रोज़्रा, लोमड़ी आदि पाए जाते हैं। अगर आप किसी प्राकृतिक जगह की तलाश में हैं तो आपको इस अभ्यारण्य की यात्रा अवश्य करना चाहिए।

### चूरू जिले में खाने के लिए प्रसिद्ध स्थानीय भोजन

चूरू में कुछ स्वादिष्ट पारंपरिक राजस्थानी व्यंजन पाए जाते हैं जिनका स्वाद आपको जरुर चखना चाहिए। यहां के भोजन इतने ज्यादा स्वादिष्ट होने ने कि आपको घर के भोजन को भुला देंगे।

### चुरू की यात्रा के लिए टिप्स

अगर आप चुरू की यात्रा करने के लिए जा रहें हैं तो यहां स्थित प्रसिद्ध चूरू किले को एक्सप्लोर करने से अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं। बता दें कि यह किला 400 साल से अधिक पुराना है। सुराना हवेली, सालासर बालाजी, दूधवा खारा, ताल छापर अभयारण्य, कोठारी हवेली और छतरी यहाँ के प्रमुख पर्यटन आकर्षण हैं। सेठानी का जोहरा चुरू के उत्तर-पश्चिम में लगभग 4 किमी है, यहां आप शाम के समय यात्रा कर सकते हैं और सुंदर सूर्यास्त को देख सकते हैं। चुरू के बाजारों में आप राजस्थानी मसालों और मारुति पापड़ ले सकते हैं। चुरू की यात्रा के समय आपको यहां के स्थानीय रेस्तरां से कुछ प्रसिद्ध राजस्थानी व्यंजनों का स्वाद भी लेना चाहिए। यहां पर बाजरे की रोटी और केर-संगी मिठाई काफी प्रसिद्ध है।

### चूरू घूमने जाने का सबसे अच्छा

चूरू घूमने जाने के लिए सर्दियों का मौसम सबसे अच्छा मौसम है। अक्टूबर से मार्च के महीनों के दौरान चूरू की यात्रा करने के लिए आदर्श समय होता है। मानसून का सीजन भी चूरू घूमने जाने के लिए अच्छा समय है।

### राजस्थान के चूरू कैसे पंहुचा जाये

अगर आप चुरू की यात्रा करने की योजना बना रहें हैं तो बता दें कि यह राजस्थान का एक प्रमुख शहर हैं, जो रेल और सड़क दोनों माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। चूरू शहर के लिए नियमित रेल और बस सेवाएं चलती हैं और निजी और सरकारी बसें राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित की जाती हैं। हवाई अड्डे की अनुपस्थिति के कारण चूरू के लिए कोई सीधी उड़ान कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है। यहां का निकटतम हवाई अड्डा जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो चूरू से लगभग 218 किमी दूर है।

# अकबर के शाही शहर 'फतेहपुर सिकरी' का पहला नाम था कुछ और, बदलने की ये थी बड़ी वजह



आगरा के पास मौजूद फतेहपुर सिकरी का निर्माण 16 वीं शताब्दी में किया गया था। उस समय ये शहर काफी शाही हुआ करता था। लेकिन आज भी ये शहर मुगल सम्राज्य के आदर्शों और विरासत को समेटे हुए है। इसे 1571 में मुगल बादशाह अकबर द्वारा बनवाया गया था।

12वीं शताब्दी में शुंग वंश और बाद में राजपूतों के शासन के दौरान यहां कई छोटे-छोटे और विभिन्न प्रकार के स्मारकों और किलों को बनाया गया था। माना जाता है कि अकबर ने फतेहपुर सिकरी बनवाते समय इन्हें तुड़वा दिया था। लेकिन 1586 में शहर में पानी की कमी की वजह राजधानी को फतेहपुर सिकरी से दिल्ली ट्रांसफर कर दिया गया।

**फतेहपुर सीकरी का मतलब :** फतेहपुर सिकरी का नाम अरबी मूल से लिया गया है, फतेह का अर्थ है 'जीत' और सिकरी का अर्थ है 'भगवान को धन्यवाद देना'. आपको बता दें, शहर का पुराना नाम फतेहबाद हुआ करता था, जिसे बादशाह अकबर ने दिया था, इस नाम का अर्थ है जीत का शहर। जहांगीर के दूसरे जन्मदिन पर उन्होंने एक शाही महल का निर्माण शुरू किया, जिसमें फतेहबाद और सिकरीपुरी नाम शामिल था। इस तरह फतेहबाद को फतेहपुर सिकरी कर दिया गया।

**दुनिया का सबसे ऊंचा प्रवेश द्वार :** बुलंद दरवाजा फतेहपुर सीकरी वास्तुकला की पहचान बना हुआ है, जो 54 मीटर लंबा है। ये दरवाजा दुनिया का सबसे ऊंचा प्रवेश द्वार है। दीवारों पर कुछ कुरान की आयतों को भी उकेरा गया है। आपको अंदर इंटीरियर में कुछ यूनीक पैटर्न और शिल्प कौशल देखने को मिलेंगे, जो इस संरचना को देखने वाले की आंखों में बेहद खास बनाते हैं।

**सलीम चिश्ती के आशीर्वाद से यही हुआ था जहांगीर का जन्म :** चूंकि सम्राट अकबर सलीम चिश्ती के सच्चे भक्त थे, जिस वजह से आपको उनका मकबरा पूरे महल परिसर में सबसे महत्वपूर्ण इमारत के रूप देखने को मिलेगा। अकबर का मानना था कि सलीम चिश्ती के आशीर्वाद से ही उनके पुत्र जहांगीर का जन्म हुआ था। 1580 के आसपास संरचना का निर्माण हिंदू और मुगल वास्तुकला दोनों शैलियों को मिलाकर बनाया गया था। कई महिलाएं यहां बच्चे की कामना के लिए मकबरे के पास धागा बांधने के लिए जाती रहती है।

**यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल :** फतेहपुर सिकरी के शाही महल परिसर को अब यूनेस्को विरासत स्थल के रूप में शामिल किया गया है। यहां आप ऐतिहासिक मंदिरों और स्मारकों की एक अच्छी खासी लिस्ट देख सकते हैं। इसमें जामा मस्जिद भी शामिल है, जो भारत की सबसे बड़ी और सबसे प्रसिद्ध मस्जिदों में से एक है। इस जगह पर रोजाना हजारों सैलानी इक्कठा होते हैं।

**ड्रम का किया जाता था इस्तेमाल :** परिसर के प्रवेश द्वार के पास मौजूद नौबत खाना नाम का ड्रम हाउस है, जहां महमानों के आने की घोषणा की जाती थी। इस इमारत का नाम नौबत ड्रम के नाम पर रखा गया है, जो मुगल संस्कृति से संबंधित था। इसे विशेष समारोहों के दौरान बजाया जाता था। ये ड्रम इमारत के अंदर बजाए जाते थे, जिसे मुगल कला की जटिल नक्काशी के साथ डिजाइन किया गया था।

# पर्यटकों के घूमने के लिए बेहद खास है तेलंगाना की ये जगह

साल 2009 में भारत सरकार ने तेलंगाना को देश का एक अलग राज्य बनाने की घोषणा की थी। जिसके बाद साल 2014 में तेलंगाना राज्य अस्तित्व में आया था। तेलंगाना अपनी संस्कृति के साथ घूमने फिरने के लिए भी काफी प्रचलित है। तेलंगाना में कई ऐतिहासिक इमारतें, प्रसिद्ध मंदिर, आकर्षित झरने हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। तेलंगाना राज्य में तेलुगु भाषा सबसे अधिक बोली जाती है और इसके बाद उर्दू भाषा का उपयोग किया जाता है।

**महबूबनगर :** महबूबनगर तेलंगाना के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां की शानदार वास्तुकला और इमारतें पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। महबूबनगर ऐसी ऐतिहासिक जगह है जहां आप राजा-महाराजाओं के समय की झलक देख सकते हैं। महबूबनगर में खूबसूरत जगहों की कोई कमी नहीं है।

**रंगारेड्डी :** रंगारेड्डी का नाम प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सैनानी कोंडा वेंकटा रंगारेड्डी पर रखा गया है। यह तेलंगाना राज्य में सबसे अधिक आबादी वाला जिला है। यहां का शांत वातावरण, झीलें, चमत्कारी मंदिर पर्यटकों को खूब लुभाते हैं। अगर आप भी प्राकृति प्रमी हैं, तो ये जगह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।



**वारंगल :** वारंगल में पर्यटक बहुत अधिक संख्या में घूमने के आते हैं। पर्यटक यहां पर कई किलों और मंदिरों के अलावा खूबसूरत पहाड़, जंगल, वन्यजीव अभयारण्य आदि का दिदार कर सकते हैं।

**हैदराबाद :** तेलंगाना राज्य का सबसे आकर्षित शहर हैदराबाद है। यह भारत का 5वां सबसे बड़ा शहर है। यहां आप कई तरह के किले, इमारतें जैसे- चार मीनार, फलकनुमा पैलेस, आनंद बुद्ध विहार जैसी कई जगहों पर घूम सकते हैं। तेलंगाना घूमने का प्लेन है तो हैदराबाद जरूर जाएं।

**आदिलाबाद :** अदिलबाद तेलंगाना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। आश्चर्यजनक प्राकृतिक परिदृश्य से भरा यह स्थान अपने शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। हैदराबाद से करीब 305 किमी की दूरी पर स्थित यह शहर बेहद ही खूबसूरत है। अगर आप प्रकृति प्रेमी है तो ये जगह आपके लिए एक दम शानदार साबित होगी।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





> सच्चा मित्र हमेशा निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर अपने दोस्त को हमेशा बुराई की रास्ते पर चलने और नीचे गिरने से बचाता है।
>
> -हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

## लाठी-डंडों से श्रद्धालुओं को मारा, पुलिस ने भी साथ दिया; भारत बोला- कनाडा सरकार एक्शन ले

बढ़ता राजस्थान

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को हिंदू सभा मंदिर में आए लोगों पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे। उन्होंने मंदिर में मौजूद लोगों पर लाठी-डंडे बरसाए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस घटना की कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा-

ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है।

घटना के बाद से इलाके में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। पील रीजनल पुलिस चीफ निशान दुरईप्पा ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

विदेश मंत्रालय बोला- कनाडा सरकार पूजास्थलों की रक्षा करे कनाडा में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और मारपीट की घटना पर भारत ने भी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान दिया है। उन्होंने कहा, हम कट्टरपंथियों और अलगाववादियों की तरफ से हिंदू सभा मंदिर में फैलाई गई हिंसा की निंदा करते हैं।

हम कनाडा की सरकार से ऐसे सभी पूजास्थलों की रक्षा करने की अपील करते हैं। हमें उम्मीद है कि जो लोग इस हमले में शामिल थे, उन्हें सजा दी जाएगी। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को सेवा के लिए मौजूद हमारे कांसुलर अधिकारी धमकी, उत्पीड़न या हिंसा से डरने वाले नहीं हैं। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने इसे लेकर बयान भी जारी किया है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में भारत विरोधी तत्वों ने हिंसा की। हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद चिंतित हैं।



केंद्रीय मंत्री रणवीर सिंह बिट्टू ने कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमला की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पीएम ट्रूडो ने लोगों को बांट दिया है। पिछले कुछ दिनों से जो खबरें आ रही हैं, वह किसी एक धर्म की नहीं हैं। चाहे हिंदू हों, सिख हों या कोई और ट्रूडो ने सभी को बांट दिया है।

# 7 सीटों पर उपचुनाव को लेकर पुलिस की तैयारी पूरी

## लाइसेंसी हथियार जमा करने का काम लगभग पूरा, 13 नवम्बर से होंगे 7 सीटों पर उपचुनाव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 13 नवंबर से होने वाले 7 सीटों के उपचुनाव को लेकर राजस्थान पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस मुख्यालय ने इन 7 सीटों पर सुरक्षा को लेकर विशेष बंदोबस्त कर लिये हैं। साथ ही सभी जिलों के एसपी को भी उपचुनाव को लेकर विशेष व्यवस्था रखने के निर्देश बार-बार मुख्यालय से दिए जा रहे हैं। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर विशाल बंसल ने बताया- उपचुनाव को लेकर लगातार उच्च स्तरीय बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। चुनाव के दौरान पुलिस द्वारा जिन एसओपी पर काम किया जाता है। उनका रिव्यू कर उस आधार पर सभी जिला पुलिस को काम करने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस की ओर से इस समय सबसे अधिक जिन कामों में जोर दिया जा रहा है। उनमें लाइसेंसी हथियारों को जमा करने का काम महत्वपूर्ण है। जो लगभग पूरा होने को है। वहीं, गैर जमानती वारंट वाले बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब, ड्रग्स व अन्य माफियाओं पर नकेल कसने का एक्शन सहित तमाम बिंदुओं पर पुलिस काम कर रही है। पुलिस मुख्यालय ने सभी सातों जिलों को जो टास्क दिए गए हैं। उनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही यदि किसी जिले द्वारा कोई कमी रखी जा रही है तो उसे उस कमी को दूर करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### जिलों से लिया जा चुका है फीडबैक

सातों जिलों से इंटेलिजेंस की रिपोर्ट ले ली गई हैं। किसी भी जिले में अव्यवस्था की कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आई हैं। ग्राउंड पर पुलिस टीमें हर एंगल पर काम कर के व्यवस्था बनाने में लगी हुई हैं। सातों जिलों में उपचुनाव शांतिपूर्ण और भय मुक्त वातावरण में होगा। हर जिला पुलिस अधिक्षक से नफरी को लेकर भई कई बार पूछा जा चुका है। हालांकि रिजर्व में पुलिस जाप्ता जिलों में विशेष प्रस्थिति को देखते हुए भिजवाया जाएगा।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस, 87 दिन बाद आरोप तय

## आरोपी संजय बोला- ममता सरकार मुझे फंसा रही, मुझे मुंह बंद रखने को कहा

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सियालदह कोर्ट ने कोलकाता आरजी कर कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। 11 नवंबर से मुकदमे की रोजाना सुनवाई होगी। सोमवार को पेशी के बाद पुलिस जब संजय को बाहर लेकर निकली तो पहली बार वह कैमरे पर कहता नजर आया कि ममता सरकार उसे फंसा रही है। उसे मुंह न खोलने की धमकी दी गई है।

आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था।

सीबीआई ने चार्जशीट में आरोपी माना सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपी बताया है। इसके अलावा केस को गैंगरेप की बजाए रेप केस बताया है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि पीड़ित के शरीर से मिला सीमन सैंपल और खून आरोपी से मैच हो चुका है। वहीं क्राइम सीन पर मिले छोटे बाल भी फोरेंसिक जांच के बाद आरोपी के बालों से मैच हो गए हैं।

सीबीआई की चार्जशीट में 100 गवाहों के बयान, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट, ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज, फॉरेंसिक रिपोर्ट, मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन जैसी चीजें शामिल हैं। इसके अलावा वारदात के दिन आरोपी का इयरफोन और मोबाइल ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया था। इसे भी चार्जशीट में अहम सबूत माना गया है।

# गुजरात में मध्य प्रदेश के 4 बच्चों की मौत : एक ही परिवार के थे; खेलते वक्त कार का गेट लॉक हुआ, दम घुटने से जान गई

बढ़ता राजस्थान

**अमरेली (एजेंसी)।** गुजरात में अमरेली तालुका के रंधिया गांव में कार में दम घुटने से एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत हो गई। चारों बच्चे कार में खेल रहे थे। इसी दौरान कार का गेट लॉक हो गया। गेट नहीं खुलने के चलते दम घुटने से बच्चों की मौत हो गई। परिवार मध्य प्रदेश के धार जिले का रहने वाला है और अमरेली में मजदूरी करता है। गांव वालों से मिली जानकारी के मुताबिक चारों बच्चों के माता-पिता कुछ दिन पहले ही मध्य प्रदेश के धार से अमरेली के रंधिया गांव गए थे। माता-पिता रोजाना की तरह दूसरी जगह मजदूरी करने गए हुए थे। चारों बच्चे (2 बेटियां और 2 बेटे) कार के पास ही खेल रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। डीवाईएपी चिराग देसाई ने बताया कि बच्चों में से एक के हाथ मकान मालिक भरतभाई मंदानी की कार की चाबी लग गई थी। इसी से बच्चों ने कार का गेट खोला और कार के अंदर ही खेलने लगे। इसी दौरान कार लॉक हो गई।

# प्रदेश में ठंडी होने लगी रात

## गंगानगर, चूरू, जोधपुर में मिनिमम तापमान 20 डिग्री से नीचे आया; माउंट आबू में पारा 11.8 डिग्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में दीपावली के बाद से रात में ठंडक बढ़नी शुरू हो गई। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के जिलों में तापमान रात में 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज होने लगा है। हिल स्टेशन माउंट आबू में रात का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। जयपुर, जैसलमेर, बाड़मेर के तापमान में भी गिरावट हुई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान में 7-8 नवंबर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। हालांकि सर्दियों की शुरुआत होने में अभी 8-10 दिन या उससे ज्यादा समय और लग सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक तापमान 38 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। जैसलमेर में 37.2, धौलपुर में 36.7, गंगानगर में 36.2, बीकानेर में 36.6, फलौदी में 35.8, चूरू में 35.4, जोधपुर में 35.4 और जयपुर में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान-राजस्थान की सीमा पर एक एंटी साइक्लोन बना हुआ है, जिसके कारण राज्य के पश्चिमी जिलों में अगले दो-तीन दिन टेम्प्रेचर 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रहेगा और पूरी तरह शुष्क बना रहेगा।

### हिल स्टेशन माउंट आबू में बढ़ी ठंडक

रात में हिल स्टेशन माउंट आबू में ठंडक बढ़ गई। यहां रात का मिनिमम टेम्प्रेचर 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शेखावाटी अंचल के सीकर में भी रात में ठंडक थोड़ी बढ़ गई, यहां का मिनिमम टेम्प्रेचर 15 .2 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 17 .3, गंगानगर में 16 .8, हनुमानगढ़ में 14 .2 और पिलानी में 18 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। धौलपुर, करौली, बारां, उदयपुर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, अलवर, जालौर और सिरोही में भी रात का मिनिमम टेम्प्रेचर 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। राजधानी जयपुर और कोटा में मिनिमम टेम्प्रेचर 20 डिग्री सेल्सियस और जैसलमेर, बाड़मेर में 21 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने लगा है।



# आगरा में एयरफोर्स का मिग-29 विमान क्रैश

## ग्वालियर से उड़ान भरी, जमीन पर गिरते ही आग लगी; दोनों पायलट इजेक्ट हुए

बढ़ता राजस्थान

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में सोमवार को एयरफोर्स का मिग-29 एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। पलक झपकते ही आग का गोला बना विमान खेत में जा गिरा। हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ। जमीन पर एयरक्राफ्ट गिरने के साथ ही विस्फोट भी होने लगे। हादसे के वक्त विमान में 2 पायलट थे। दोनों आग लगने से चंद सेकंड पहले ही पैराशूट की मदद से (इजेक्ट सिस्टम) विमान से कूदकर बाहर निकल आए।

विमान कागारौल के सोंगा गांव के पास खाली खेत में गिरा है। एयरफोर्स ने विमान हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि पंजाब के इस फाइटर प्लेन ने ग्वालियर से उड़ान भरी थी। रूटीन एक्सरसाइज के लिए आगरा जा रहा था। हादसे की कोर्ट ऑफ इंक्वारी के आदेश दिए गए हैं।

ग्रामीणों ने हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई है। एयरफोर्स के अफसर, डीएम और पुलिस फोर्स भी मौके पर है। अभी जहां विमान गिरा है, वहां आसपास के गांव वाले इकट्ठा हैं।

### क्रैश के बाद प्लेन में होते रहे धमाके

फाइटर जेट आग में घिरा हुआ खेतों में आकर गिरा। तब तक गांव के लोग भी इस स्पॉट की तरफ दौड़ आए। वे लोग बचाव के लिए चिल्ला रहे थे। इसी दौरान प्लेन में विस्फोट होने लगे। गांव के लोग चीखते हुए भागे कि बचो-बचो..।

### पायलट 2 किमी दूर गिरे

प्लेन में आग लगने के बाद पायलट ने बचाने का बहुत कोशिश की। पायलट पैराशूट की मदद से कूद गए। वो हादसे के स्पॉट से करीब 2 किमी दूर जाकर गिरे हैं। उन्हें मेडिकल चेकअप के लिए ले जाया गया है।

### खेत में करीब 1 किमी के दायरे में प्लेन के पार्ट फैले दिखे

प्लेन क्रैश के बाद खेतों में करीब 1 किमी के दायरे में प्लेन के पार्ट फैले दिखे। इसमें पायलट का पैराशूट भी था। गांव के लोगों ने इन पार्ट्स को सुरक्षित किया है।

# 450 रुपए में सिलेंडर के लिए आज से होगी सीडिंग

## राशन की दुकान पर आधार और रसोई गैस कनेक्शन की देनी होगी डिटेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) से जुड़े परिवारों को इस महीने गेहूं लेने से पहले अपने सभी परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड और गैस कनेक्शन नंबर की डिटेल देनी होगी। इसके बाद ही उन्हें गेहूं मिल सकेगा। राज्य सरकार ने ये आदेश 450 रुपए में सिलेंडर देने की योजना को शुरू करने के लिए जारी किए हैं।

राज्य सरकार की रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत सरकार ने सितंबर से एनएफएसए परिवारों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की घोषणा की थी। लेकिन इसका फायदा अब तक एनएफएसए परिवारों को नहीं मिला। कारण तेल कंपनियों की ओर से राज्य सरकार को डेटा उपलब्ध नहीं करवाना है। ऐसी स्थिति को देखते हुए अब सरकार ने नई गाइडलाइन जारी करके एनएफएसए परिवारों को राशन डीलर के यहां सभी सदस्यों के आधार और परिवार के एलपीजी कनेक्शन की जानकारी देकर उसे पॉश मशीन में सीडिंग करवानी होगी। सीडिंग का ये काम कल यानी 5 नवंबर से शुरू होगा।



# डोटासरा पर तंज- कबाड़े खुलेंगे तो साढ़ूपणा भूल जाएगा

## भाई के टिकट पर बोले किरोड़ी-कुछ के पेट में दर्द है; जीतते ही इलाज हो जाएगा

बढ़ता राजस्थान। दौसा

दौसा में विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने डोटासरा और पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर जमकर निशाना साधा। डोटासरा के साढ़ू वाले बयान का जवाब देते हुए किरोड़ी बोले- जिस दिन उनके (डोटासरा) के कबाड़े खुल जाएंगे तो साढ़ू सारा साढ़ूपणा भूल जाएगा। दरअसल, दौसा उपचुनाव में बीजेपी ने मंत्री डॉ. किरोड़ी के भाई जगमोहन मीणा को उम्मीदवार बनाया है। इसी को लेकर रविवार को दौसा के जांगिड़ छात्रावास में शहर के प्रमुख समाज के प्रतिनिधियों की बैठक थी। इसी बैठक में उन्होंने डोटासरा के साढ़ू वाले बयान को लेकर उन पर निशाना साधा।

### बीकानेर में डोटासरा ने कहा था-मैं और किरोड़ी दोनों साढ़ू

दरअसल, 15 सितंबर को बीकानेर के डूंगरगढ़ में हुई किसान सभा में गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा था- मैं और किरोड़ी साढ़ू बन गए हैं। गोलमा देवी (किरोड़ीलाल मीणा की पत्नी) और मेरी पत्नी सुनीता डोटासरा को आपस में बहन बना दिया है। मैंने कहा- बहनें बन जाइए। साढ़ू इसलिए बना हूं, क्योंकि किरोड़ी भी यही चाहते हैं कि दिल्ली से आई पर्ची की सरकार है, इसकी पर्ची पलटनी चाहिए और गोविंद डोटासरा भी यही चाहता है।



इसके बाद हाल ही में 30 अक्टूबर को दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी डीसी बैरवा के समर्थन में हुई सभा में भी डोटासरा ने किरोड़ी को अपना साढ़ू बताया था।

इस पर किरोड़ी ने पलटवार करते हुए कहा- किसी ने मेरे से पूछा कि वो आपसे साढ़ू क्यों कहते हैं तो मैंने जवाब दिया। उनके (डोटासरा) मेरे पास बहुत कबाड़े रखे हुए हैं। जिस दिन उनके कबाड़े खुल जाएंगे तो साढ़ू सारा साढ़ूपणा भूल जाएगा।

### किरोड़ी बोले- युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वालों पर कार्रवाई नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के किरोड़ी पर नॉन इशू को इशू बनाने वाले बयान पर भी किरोड़ी ने निशाना साधा। वे बोले- सभी को पता है कांग्रेस के सरकार के वक्त 15 से ज्यादा पेपर लीक हुए। उस वक्त मैं 7 दिन तक जयपुर में घाट की गूणी पर धरना देकर बैठ रहा कि पेपर रद्द करो और पेपर लीक करने वालों को गिरफ्तार करो। वो इशू- नॉन ईशू की बात तो कहते हैं लेकिन युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वालों पर कार्रवाई नहीं की। क्या विरोध में आवाज उठाना गलत बात है। किरोड़ी ने कहा- देश में ऐसा कहीं भी नहीं हुआ होगा कि शासन सचिवालय की सरकारी अलमीरा से दो करोड़ कैश व सोना निकले। भ्रष्टाचारियों को घर में जगह नहीं मिली तो शासन सचिवालय में ही पैसे रख दिए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com